✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 185 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, मंगलवार, 2 दिसम्बर 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



बिहार विधान सभा के बाहर नवनिर्वाचित विधायकों का अभिवादन स्वीकार करते मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## विधानसभा सत्र के पहले दिन नवनिर्वाचित विधायकों ने ली शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में 18वीं विधानसभा का पहला सत्र आज से शुरू हो गया है। पहले दिन सदन की कार्यवाही शुरू होते ही विधानसभा चुनाव में जीत कर आये विधायकों ने एक एक कर शपथ लिया। करीब छह विधायक शपथ नहीं ले पाए। वह मंगलवार को शपथ लेंगे। प्रोटेम स्पीकर नरेंद्र नारायण यादव सभी को शपथ दिलाईं। डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी और नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने शपथ लिया। इस बार तेजस्वी यादव का अलग अंदाज देखने को मिला। उन्होंने सम्राट चौधरी से हाथ मिलाया और सीएम नीतीश कुमार से इशारों में बात की। वहीं शपथ लेने के बाद मंत्री रामकृपाल यादव तेजस्वी से गले मिले। इधर डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने शपथ लेने के बाद सीएम नीतीश कुमार का पैर छूकर उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं आठवीं बार जीतकर सदन पहुंचे प्रेम कुमार ने सदन को नमन किया तब अंदर गए। बाहुबली राजवल्लभ यादव की पत्नी और जदयू विधायक विभा देवी ठीक से शपथ नहीं पढ़ पाईं। वहीं मोकामा विधायक अनंत सिंह आज शपथ लेने जेल से नहीं पहुंच पाए। इधर,



सदन के अंदर पहली पंक्ति में सीएम नीतीश कुमार के साथ डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा, मंत्री विजय चौधरी, विजेंद्र यादव, श्रवण कुमार, मंगल पांडेय और दिलीप जायसवाल बैठे दिखे। इधर, विधानसभा अध्यक्ष पद के लिए विधायक प्रेम कुमार ने नामांकन कर दिया है। इस बार विधायक अरुण शंकर प्रसाद, सुजीत पासवान, विनोद नारायण झा, आसिफ़ अहमद, माधव आनंद, मीणा कुमारी, नीतीश मिश्रा और सबसे कम उम्र की विधायक मैथिली ठाकुर ने मैथिली भाषा में शपथ ली। मैथिली ठाकुर ने मिथिला पेंटिंग वाली साड़ी और पाग पहन कर आईं। वहीं विधायक आबिदुर रहमान, कमरूल होदा, सरबर आलम, विधायक व एआइएमआइएम के प्रदेश अध्यक्ष अख्तरुल ईमान और विधायक मुर्शीद आलम ने उर्दू में शपथ ली। इस बार सदन की तस्वीर काफी बदली हुई है। चुनाव में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन को बहुमत मिला। इनके 202 विधायक इस बात जीतकर आये हैं। वही महागठबंधन के 35 विधायक ही इस बार सदन पहुंच पाए हैं। पिछली विधानसभा की तुलना में इस बार विपक्ष संख्या बल में कमजोर है। हालांकि इसके बावजूद विपक्ष के नेता सरकार को गर्ने में कोई कसर छोड़ना नहीं चाहते हैं। इसको लेकर तेजस्वी यादव के नेतृत्व में महागठबंधन की बैठक भी हो चुकी है। विपक्ष बढ़ते अपराध और रोजगार के मुद्दे पर सरकार को गिरने की तैयारी में है। इधर, इस बार विधानसभा में कई बड़े बदलाव किए गए हैं। सदन पूरी तरह से पेपरलेस हो गया है। अब विधायकों का सवाल पूछना, जवाब प्राप्त करना, भाषण देना और अन्य सभी काम डिजिटल फॉर्मेट में टैबलेट के माध्यम से होंगे। विधानसभा अध्यक्ष, सचिव और अन्य अधिकारियों को भी टैबलेट दिए गए हैं। विधानसभा अध्यक्ष टैबलेट की मदद से सदन की कार्यवाही संचालित करेंगे। विधानसभा में कुल 243 विधायक अपनी सीट पर टैबलेट का इस्तेमाल करेंगे। उनके भाषण और सवाल पहले ऐप पर अपलोड होंगे, जिन्हें जरूरत के अनुसार सदन में इस्तेमाल किया जाएगा। इस तरह पूरा सदन हाईटेक और आधुनिक बन गया है। ऐसा बिहार विधानसभा में पहली बार हो रहा है। इसके लिए सारी तैयारी पूरी हो चुकी है।

### सात विधायकों ने नहीं ली शपथ

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** 18वीं विधानसभा के पहले सत्र के पहले दिन 235 विधायकों का शपथ ग्रहण हुआ। अभी तक सात विधायकों ने शपथ नहीं ली, वह सदन में अनुपस्थित थे। इसमें मदन सहनी, जीवेश मिश्रा, विनय बिहारी, केदारनाथ सिंह, अनंत सिंह, डॉ. सुनील कुमार और अमरेन्द्र पांडेय ने शपथ नहीं ली जबकि प्रोटेम स्पीकर को राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने राजभवन में ही शपथ दिलायी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### दिल्ली तय करेगा कांग्रेस विधायक दल का नेता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** कांग्रेस विधायक दल नेता दिल्ली मुख्यालय तय करेगा। पार्टी के सभी छह विधायकों के साथ बैठक के बाद यह निर्णय लिया गया है। सोमवार को प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरु और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने पार्टी के सभी छह विधायकों के साथ बैठक की। बैठक में नेता विधायक दल पर चर्चा हुई। बैठक के बाद प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बताया कि चर्चा के बाद विधायक दल नेता के नाम राष्ट्रीय नेतृत्व को भेज दिया गया है। वहां से हरी झंडी मिलने के बाद नाम की घोषणा कर दी जाएगी।

### बारातियों से भरी बस दुर्घटनाग्रस्त

**बिहारशरीफ(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार के नालंदा में भीषण सड़क हादसा हुआ है। दीपनगर थाना क्षेत्र में कंचनपुर पुल के निकट तेज रफ्तार बारातियों से भरी बस डिवाइडर से टकरा गई। जिससे इलाके में चीख-पुकार मच गई। इस हादसे में एक व्यक्ति की घटनास्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो दर्जन बाराती जख्मी हो गए। मृतक की शिनाख्त सिधेश्वर प्रसाद के रूप में हुई है। वहीं घायलों को इलाज के लिए विम्स पावापुरी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जहां दो बारातियों की हालात नाजुक बनी हुई है। मृतक के परिवार में मातम पसरा हुआ है।

### हर्ष फायरिंग में गोली लगने से दुल्हन के भाई की मौत

**सासाराम(नबिटा ब्यूरो)।** रोहतास जिले के शिवसागर थाना अंतर्गत थानुआ गांव में चल रहे शादी समारोह में बीती रात हर्ष फायरिंग के दौरान गोली लगने से दुल्हन पक्ष के भाई की मौत हो गई। घटना से पूरे समारोह में कोहराम मच गया और शादी का जश्न पलभर में दुख की लहर में डूब गया। मृतक की पहचान बक्सर जिले के नंदन कुमार सिंह (पिता विजय बहादुर सिंह) के रूप में हुई है। नंदन लड़की के ममेरे भाई थे और शादी में शामिल होने आए थे।

### बिहार बोर्ड कल जारी करेगा इंटर व मैट्रिक का मॉडल प्रश्न पत्र

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** बिहार बोर्ड तीन दिसंबर को इंटर व मैट्रिक वार्षिक परीक्षा 2026 के लिए मॉडल पेपर और मॉडल प्रश्नपत्र जारी करेगा। इंटर व मैट्रिक के सभी विषयों का मॉडल पेपर वेबसाइट पर जारी किए जाएंगे। इसके साथ साफ हो जाएगा कि इस बार भी प्रश्नों की संख्या विकल्प के तौर पर दोगुनी है। इंटर व मैट्रिक 2026 की वार्षिक परीक्षा में सभी खंडों में दोगुने प्रश्न पूछे जाएंगे। इसमें छात्र को आधे का ही जवाब देना है। वार्षिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ, लघु और दीर्घ उत्तरी प्रश्न में विकल्पों की संख्या को दोगुना है।

### व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में कमी

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** तेल कंपनियों ने 19 किलोग्राम के व्यावसायिक गैस सिलेंडर की कीमत में 10 रुपये की कमी की है। नई दर 1 दिसंबर सुबह 6 बजे से लागू भी कर दी गई है।

## पाग और पीली साड़ी पहन मैथिली ठाकुर ने ली शपथ

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** दरभंगा जिले की अलीनगर विधानसभा सीट से पहली बार भाजपा के टिकट से चुनी गईं और चर्चित लोकगायिका मैथिली ठाकुर ने सोमवार को पीली साड़ी एवं पाग पहल विधायक पद की शपथ ली। मैथिली 18वीं विधानसभा में सबसे कम उम्र की विधायक हैं। शपथ ग्रहण के दौरान वे पारंपरिक परिधान में नजर आईं। सिर पर पाग व पीली साड़ी में सदन पहुंची मैथिली विशेष आकर्षण का केंद्र बनी रहीं। मैथिली भाषा में शपथ लेने के उनके निर्णय को सांस्कृतिक पहचान की चर्चा रही। शपथ के बाद उन्होंने कहा कि वे अपने क्षेत्र के विकास और युवाओं की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उल्लेखनीय है कि मैथिली ठाकुर के शपथ ग्रहण के दौरान पाग धारण करने से मिथिलांचल की सांस्कृतिक पहचान एक बार फिर सुर्खियों में आ गई है। पाग, जो मिथिला क्षेत्र में सम्मान और प्रतिष्ठा का प्रतीक माना जाता है, उनके पारंपरिक परिधान का प्रमुख हिस्सा रहा।



## डॉ. प्रेम कुमार होंगे बिहार विधानसभा के अध्यक्ष

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ही होंगे। सोमवार को बिहार विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन प्रोटेम स्पीकर के सामने तेजस्वी यादव के पहले और मंत्रियों के बाद विधायक के रूप में डॉ. प्रेम कुमार ने शपथ ली थी। इसके बाद उन्होंने बिहार विधानसभा अध्यक्ष के रूप में चयन के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल कर दिया है। इसके साथ ही सभी तरह की अफवाहों पर विराम लग गया है। विधानसभा अध्यक्ष पद पर नामांकन करने के बाद गया टाउन के भारतीय जनता पार्टी विधायक डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि एनडीए नेतृत्व और पार्टी ने मुझ पर भरोसा जताया है। उनके आदेश के बाद मैंने अपना नामांकन कर दिया है। कल परिणाम आएगा। मैं सभी का धन्यवाद करता हूं। नवीं बार विधायक चुनकर यहां पहुंचा हूं, इसलिए जनता जनार्दन का भी मैं धन्यवाद करता हूं। जिन विधायकों ने आज शपथ लिया और जो बच गए, उन्हें भी मैं शुभकामना देता हूं। बता दें कि प्रेम कुमार गया शहर के विधायक हैं। नीतीश कुमार के साथ वह कई विभागों के मत्री रहे हैं। प्रेम कुमार ने कृषि विभाग, वन एवं पर्यावरण, सहकारिता विभाग, पीएचइडी, पीडब्ल्यूडी विभागों में मंत्री की जिम्मेदारी संभाला। प्रेम कुमार कभी भी किसी विवाद में नहीं रहे। सबकुछ ठीक रहा तो वे विधानसभा अध्यक्ष के पद पर निर्विरोध चुने जाएंगे।



### कार से मिला डेढ़ करोड़ का सोना

**किशनगंज(नबिटा ब्यूरो)।** किशनगंज पुलिस ने रविवार की देर रात ने सोना तस्करी के रैकेट का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने रामपुर चेक पोस्ट में एक किलो 400 ग्राम सोना जब्त किया है। इस मामले में एक युवक को हिरासत में लिया गया है। सोना की कीमत एक करोड़ 60 लाख रुपए आंकी गई है। जब्त सोना कोलकाता से सिलीगुड़ी ले जाया जा रहा था। सोना एक कार से बरामद किया गया है। वहीं पुलिस हिरासत में लिए गए व्यक्ति से पूछताछ कर रही है। पुलिस के द्वारा इस कार्रवाई के बाद इसकी सूचना इनकम टैक्स विभाग को दी गई है जिसके बाद टैक्स अधिकारी कटिहार से किशनगंज पहुंचे है और सदर थाना में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। एसपी सागर कुमार ने बताया कि वाहन जांच के दौरान रामपुर चेक पोस्ट से कुल एक किलो 400 ग्राम सोना बरामद किया गया है।

### अंतर्राष्ट्रीय आइडिया की अध्यक्षता करेंगे भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त

**नयी दिल्ली(नबिटा ब्यूरो)।** भारत के चुनाव आयोग और देश के सभी चुनाव कर्मचारियों द्वारा आयोजित स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी चुनावों की वैश्विक स्वीकृति के रूप में, सीईसी ज्ञानेश कुमार भारत की ओर से 3 दिसंबर को स्टॉकहोम, स्वीडन में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान (अंतर्राष्ट्रीय आईडिया) की अध्यक्षता ग्रहण करने के लिए तैयार हैं। 1995 में स्थापित अंतर्राष्ट्रीय आईडिया एक अंतर-सरकारी संगठन है, जिसमें वर्तमान में 35 देश सदस्य हैं और संयुक्त राज्य अमेरिका और जापान पर्यवेक्षक हैं। अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए को 2003 से संयुक्त राष्ट्र महासभा में पर्यवेक्षक का दर्ज़ा भी प्राप्त है। भारत अंतर्राष्ट्रीय आईडीईए का संस्थापक सदस्य है और उसने शासन प्रक्रियाओं में सक्रिय रूप से भाग लिया है और चुनावी अनुसंधान, क्षमता निर्माण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहयोग किया है।

## सूबे में बढ़ाई जाएगी सीएनजी बसों की संख्या : श्रवण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** राज्य सरकार प्रदूषण मुक्त परिवहन को बढ़ावा देने के लिए बिहार राज्य पथ परिवहन निगम (बीएसआरटीसी) के बेड़े में सीएनजी बसों की संख्या बढ़ाने जा रही है। परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने सोमवार को विभागीय समीक्षा बैठक में संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया। मंत्री श्रवण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए पर्यावरण-अनुकूल बसों का विस्तार तेज किया जाए। उन्होंने कहा कि मौजूदा संसाधनों की समीक्षा करके नई बसों की खरीद और तकनीकी सुधार पर विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में निगम अपने स्तर पर 646 और पब्लिक प्राइवेट मोड (पीपीपी) मॉडल के तहत 194 बसों का संचालन कर रहा है। यानी कुल 840 बसें राज्य भर में सेवारत हैं। इनमें 266 सीएनजी और 25 इलेक्ट्रिक बसें पहले से ही मौजूद हैं। 593 डीजल बसें भी आधुनिक तकनीक से लैस हैं। मंत्री ने जरूरत के अनुसार पर्यावरण अनुकूल बसों की संख्या में इजाफा करने को कहा है। इसके लिए नई बसें खरीदने को लेकर भी विभागीय स्तर पर मंथन शुरू कर दिया गया है। समीक्षा के बाद तय किया जाएगा कि कितनी संख्या में नई बसों की खरीद की जाएगी। परिवहन सेवाओं का दायरा भी तेजी से बढ़ रहा है। राज्य के छह प्रमंडलों में 187 रूटों पर नियमित बस सेवाएं चल रही हैं। साथ ही अंतरराज्यीय कनेक्टिविटी को मजबूत करने के लिए 14 बसें अलग-अलग राज्यों को जोड़ रही हैं। इनमें मुजफ्फरपुर-रांची और गयाजी-वाराणसी रूट पर दो-दो बसें, गयाजी-रांची रूट पर रोजाना 10 बसें चलाई जा रही हैं। इससे न सिर्फ बिहार के यात्रियों को सुविधा मिल रही है बल्कि पड़ोसी राज्यों झारखंड और उत्तर प्रदेश से भी आवागमन आसान हुआ है। महिलाओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए कुल 100 पिंक बसों का परिचालन हो रहा है। इनमें 30 बसें पटना, 20 मुजफ्फरपुर, 15-15 बसें गया जी, दरभंगा और 10-10 बसें पूर्णिया, भागलपुर में चलाने की योजना है। यह सभी बसें सीएनजी होंगी। इनमें सैनिटरी पैड वेंडिंग मशीन (केवल 5 रुपये में पैड), पैनिक बटन, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस ट्रैकर, मोबाइल चार्जिंग प्वाइंट, माइक, म्यूजिक सिस्टम और गर्भनिरोधक गोलियां भी उपलब्ध हैं।



## सेवानिवृत्त कर्मचारी भी वेतन वृद्धि के हकदार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पटना हाई कोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण फैसले से यह तय किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी कर्मचारी अगले दिन देय वार्षिक वेतन वृद्धि के हकदार हैं। कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुधीर सिंह और न्यायाधीश राजेश कुमार वर्मा की खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील को खारिज करते हुए यह फैसला सुनाया। राज्य सरकार ने एकलपीठ द्वारा 2 फरवरी 2024 को पारित निर्णय के खिलाफ अपील दायर किया था, जिसमें जल संसाधन विभाग के सेवानिवृत्त जूनियर इंजीनियरों प्रफुल्ल चंद्र चौधरी सहित छह याचिकाकर्ताओं को सेवा की पूर्ण अवधि के आधार पर नोशनल इंक्रीमेंट (काल्पनिक वेतन वृद्धि ) देकर उनकी अंतिम वेतन गणना एवं पेंशन पुनर्निश्चित करने का निर्देश दिया था। सरकार की ओर से दलील दी गई कि 30 जून को सेवानिवृत्त कर्मचारी 1 जुलाई को सेवा में नहीं रहते, इसलिए वे नियमानुसार वेतन वृद्धि के पात्र नहीं हैं। हालांकि खंडपीठ ने सुप्रीम कोर्ट द्वारा ऑल इंडिया जजेस एसोसिएशन बनाम भारत संघ (2023) और अन्य निर्णयों का हवाला देते हुए कहा कि किसी कर्मचारी द्वारा एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूर्ण करने के बाद केवल तकनीकी तिथि के आधार पर वृद्धि से वंचित करना अनुच्छेद 14 का उल्लंघन होगा। अदालत ने पाया कि एकलपीठ का आदेश विधिसंगत है और उसमें हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है। परिणामस्वरूप, राज्य सरकार की अपील खारिज कर दी गई और आदेश दिया गया कि याचिकाकर्ताओं की पेंशन पुनर्निश्चित करने में काल्पनिक वेतन वृद्धि को शामिल किया जाए।

## बिहार में होगी ग्रीन फिल्म सिटी की स्थापना : मुख्य सचिव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत ने कहा है कि बिहार में ग्रीन फिल्म सिटी की स्थापना होगी। इसमें पर्यावरण-सम्मत अवसंरचना और सतत विकास के सिद्धांतों को प्राथमिकता दी जाएगी। उन्होंने संबंधित विभाग को इस दिशा में विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। श्री अमृत ने कहा कि बिहार आज देश में उभरते हुए टेक हब के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर रहा है। ऐसे में एक अत्याधुनिक सुविधाओं से युक्त फिल्म सिटी का निर्माण बिहार के विकास पथ में मील का पत्थर साबित होगा। साथ ही यह परियोजना राज्य की सांस्कृतिक विरासत, प्रतिभा, तकनीकी विकास और आर्थिक प्रगति चारों क्षेत्रों को नए आयाम प्रदान करेगी। राज्य सरकार बिहार में फिल्म इंडस्ट्री को बढ़ावा देने के लिए तेजी से और व्यापक रूप से कार्य कर रही है। प्रस्तावित बिहार फिल्म सिटी का निर्माण न केवल राज्य में बड़े पैमाने पर रोज़गार सृजन करेगा बल्कि बिहार की राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ब्रांडिंग में भी अहम भूमिका निभाएगा। इसके पहले बिहार में फिल्म सिटी निर्माण को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें बिहार को फिल्म उद्योग के लिए एक उभरतेहुए केंद्र के रूप मेंविकसित करनेके लिए विभिन्न संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में निवेशकों ने विस्तृत प्रजेंटेशन के माध्यम से बिहार में प्रस्तावित फिल्म सिटी परियोजना में निवेश एवं सहभागिता की अपनी रुचि व्यक्त की।

## बॉर्डर इलाके से गायब हो रही बेटियां

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

- मोतिहारी से सटे भारत-नेपाल बॉर्डर इलाके में अंतर्राष्ट्रीय तस्कर सक्रिय
- मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने आयोग के समक्ष दायर की याचिका

**मुजफ्फरपुर।** विगत छह माह के अंदर राज्य के सीमावर्ती क्षेत्रों से 100 से ज़्यादा लड़कियों के गायब होने का मामला मानवाधिकार आयोग पहुंच गया है। मामले में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के.झा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग व बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिका दायर की है। उन्होंने बताया कि अपने देश के अलावा नेपाल, चीन, ब्राजील, सऊदी अरब में करोड़ों में 'बेटियां' बेची जा रही है। मोतिहारी से सटे भारत-नेपाल बॉर्डर वाले क्षेत्रों में इस प्रकार की घटना को अंजाम देने वाले तस्कर काफ़ी संख्या में सक्रिय हैं।अधिवक्ता श्री झा ने कहा कि जुलाई महीने में रक्सौल से 10, रामगढ़वा से 3, आदापुर से 4, अगस्त महीना में रक्सौल अनुमंडल के भेलाही, कौड़ीहार सहित विभिन्न स्थानों से 18, सितम्बर माह में पूरे अनुमंडल के विभिन्न स्थानों से एक विवाहिता सहित 17, अक्टूबर माह में 15 और नवंबर माह में 15 सहित कुल 83 लड़कियां गायब हुई हैं।नशा कारोबारियों द्वारा लड़कियों का इस्तेमाल नशीले पदार्थ की तस्करी में किया जाता है। इसके अलावा भारत के जम्मू-कश्मीर, पांडिचेरी, चीन, सऊदी अरब, दुबई समेत गल्फ कंट्री, अर्जेंटीना जैसे देशों में शादी कराकर बच्चा पैदा करने, 'जेनरेशन चेंज' कराने, बच्चे को दूध पिलाने तथा देह व्यापार जैसे कार्यों के लिए भी लड़कियों को फंसाकर विदेश भेज दिया जाता है। शादी तथा बॉडी पार्ट्स की खरीद-फरोख्त के लिए भी लड़कियों की बड़े पैमाने पर विदेशों में तस्करी किए जाने का खुलासा हुआ है। 6 माह में सीमा क्षेत्र से 100 से अधिक लड़कियां गायब हो चुकी हैं। बॉर्डर पर सक्रिय अपने देश के अलावा नेपाल, चीन, ब्राजील, सऊदी अरब आदि देशों के मानव तस्करों के सिंडिकेट इन लड़कियों को ऊंचे मूल्य पर बेच कर लाखों-करोड़ों रुपए का मुनाफा कमाते हैं। पिछले दिनों इनमें से महज एक दर्जन लड़कियों को रेस्क्यू किया गया था,शेष अब भी लापता हैं। रेस्क्यू की गई लड़कियों में चार लड़कियाँ एक ही परिवार की थी। लगातार ऐसी घटनाओं के घटने से बॉर्डर क्षेत्र के परिजनों के बीच डर और खौफ का माहौल व्याप्त है। विदित हो कि मामले के सम्बन्ध में मानवाधिकार मामलों के अधिवक्ता एस.के.झा द्वारा राष्ट्रीय व राज्य मानवाधिकार आयोग में दो अलग-अलग याचिका दायर की गई है। मानवाधिकार अधिवक्ता एस.के.झा ने कहा कि यह मामला काफी संवेदनशील व मानवता को शर्मसार करने वाला है। साथ ही यह पुलिस की कार्यशैली और प्रशासनिक व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़ा करता है। श्री झा द्वारा आयोग से मामले में उच्चस्तरीय जाँच की माँग भी की गई है।

### निलंबित थानेदार समेत चार लोगों पर हत्या का केस

**नवादा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के काशीचक थाने में बीते बुधवार को पुलिस कस्टडी में किशोर की मौत मामले में बड़ा ऐक्शन हुए है। निलंबित थानेदार समेत चार लोगों पर हत्या का केस दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि किशोर ने फांसी लगाई है जबकि परिजनों का कहना है कि लड़की के परिजनों से मिल पुलिस ने हत्या की थी। दरअसल पुलिस प्रेम प्रसंग के मामले में किशोर और उसकी प्रेमिका को थाने ले गई थी। परिजन का आरोप है कि पुलिस अभिरक्षा में उसके साथ मारपीट कर हत्या कर दी गई। जबकि पुलिस का कहना है कि किशोर ने अपनी शॉल से फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस मामले में नवादा एसपी ने काशीचक थानाध्यक्ष समेत तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया था। अब चार लोगो के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। मृतक की पहचान बौरी गांव के अशोक पंडित के 17 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई थी। मृतक के परिजन के मुताबिक दो दिन पहले सन्नी प्रेम प्रसंग में थाना क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग लड़की को लेकर भाग गया था। दोनों बुधवार शाम बौरी वापस लौटे। इस पर लड़के के परिजन ने काशीचक थाने की पुलिस को मामले की सूचना दी।

# 50 वर्षों में एनटीपीसी ने दक्षता से किया राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान

## सेवानिवृत्त अधिकारियों को किया गया सम्मानित






**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** एनटीपीसी स्थापना दिवस के अवसर पर पूर्वी क्षेत्र-1 मुख्यालय ने पटना स्थित ऊर्जा ऑडिटोरियम में 50 वर्ष पूर्ण होने पर स्वर्ण जयंती समारोह का आयोजन किया। इस भव्य सम्मान सह सांस्कृतिक संध्या में 50 से अधिक सेवानिवृत्त अधिकारी अपने परिवारों के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य सीएमडी-एनटीपीसी की उस अवधारणा को साकार करना था जिसमें स्वर्ण जयंती का उत्सव समावेशी रूप से मनाने और संगठन के निर्माण में योगदान देने वाले पूर्व अधिकारियों को विशेष सम्मान देने पर जोर दिया गया है। कार्यक्रम में ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह, बिहार इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के सदस्य अनिल कुमार सिन्हा, वित्त विभाग के संयुक्त सचिव संजीव मित्तल, एनटीपीसी सुजाता लेडीज क्लब की अध्यक्षा संगीता गोयल और पूर्वी क्षेत्र-1 के अंतर्गत आने वाली सभी परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख और महाप्रबंधक परिजनों सहित मौजूद रहे। इस मौके पर आयोजित सांस्कृतिक संध्या की शुरुआत दीप प्रज्वलन और स्वागत गीत के साथ हुई। स्वागत भाषण में एनटीपीसी पूर्वी क्षेत्र-1 के कार्यकारी निदेशक विजय गोयल ने सेवानिवृत्त अधिकारियों के योगदान को एनटीपीसी की मजबूती की आधारशिला बताते हुए धन्यवाद व्यक्त किया। इस अवसर पर ऊर्जा सचिव मनोज कुमार सिंह ने कहा कि एनटीपीसी ने 50 वर्षों में अपनी तकनीकी क्षमता, पेशेवर दृष्टिकोण और राष्ट्रीय ऊर्जा क्षेत्र में योगदान के माध्यम से अद्वितीय स्थापित किया है। उन्होंने वर्तमान और पूर्व कर्मचारियों को इस उपलब्धि के लिए शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के सांस्कृतिक भाग में शास्त्रीय और लोक कलाकारों ने बिहार की सांस्कृतिक विरासत को मंच पर प्रस्तुत किया जिसे उपस्थित लोगों ने विशेष प्रशंसा दी। समारोह के दौरान पूर्व और वर्तमान कर्मचारियों ने पुराने अनुभवों और उपलब्धियों की याद साझा की। कार्यक्रम का समापन एनटीपीसी मानव संसाधन विभाग के महाप्रबंधक विल्सन अब्राहम के धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। रात्रि भोज के दौरान अधिकारियों, कर्मचारियों और सेवानिवृत्त प्रतिभागियों ने पारस्परिक संवाद के माध्यम से पुनः जुड़ाव का भाव व्यक्त किया। कार्यकारी निदेशक विजय गोयल ने सभी सेवानिवृत्त अधिकारियों और उनके परिवारों से व्यक्तिगत रूप से मिलकर उनका आभार व्यक्त किया और संगठन की निरंतर प्रगति के लिए उनके आशीर्वाद की कामना की।

# सकारात्मक बदलाव का आधार है युवा शक्ति : प्रो. रत्ना अमृत



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बी.डी. कॉलेज, पटना की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय रेड रिबन वॉक में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी को समाज में सकारात्मक परिवर्तन का आधार बताया। यह कार्यक्रम बिहार राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी द्वारा आयोजित किया गया था। इसके मुख्य अतिथि बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत थे। प्रातः 6:00 बजे इको पार्क (गेट संख्या 02) से प्रारंभ होकर वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क तक पहुंची इस यात्रा ने विकास भवन, बिहार विधानसभा, होटल चाणक्य और आर-ब्लॉक मार्ग को पार किया। इस दौरान बी.डी. कॉलेज के विद्यार्थियों ने एच.आई.वी./एड्स जागरूकता पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं जिनमें नुक्कड़ नाटक, फ्लैश मोब डांस और एन.सी.सी. द्वारा बैंड सहित गार्ड ऑफ ऑनर शामिल थे। जनता ने इन प्रस्तुतियों को अत्यधिक सराहा क्योंकि उन्होंने एच.आई.वी./एड्स की रोकथाम, जागरूकता, भेदभाव-निरोध और सामुदायिक समर्थन का संदेश प्रभावी ढंग से प्रसारित किया। बी.डी. कॉलेज जन-जागरूकता, युवा सशक्तिकरण और सामाजिक उत्तरदायित्व को आगे बढ़ाने हेतु निरंतर प्रयासरत है।

# अलकतरा घोटाले में ट्रांसपोर्टर ने किया गुनाह कबूल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** पटना स्थित एक विशेष अदालत ने बहुचर्चित अलकतरा घोटाले के तीन मामलों में दोष स्वीकार करने के बाद एक ट्रांसपोर्टर को प्रत्येक मुकदमे में छः-छः माह के सश्रम कारावास की सजा के साथ एक-एक हजार रूपए का जुर्माना भी किया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो की विशेष अदालत की न्यायिक दंडाधिकारी अस्मिता कुमारी ने मामले में सुनवाई के बाद एवं अभियुक्त के द्वारा तीनों मामलों में अपना दोष स्वीकार कर लेने के तथ्य से संतुष्ट होकर यह सजा सुनाई है। जुर्माने की राशि अदा नहीं करने पर दोषी को प्रत्येक मुकदमे में पन्द्रह-पन्द्रह दिनों के कारावास की सजा अलग से भुगतनी होगी। मामले के विशेष वरीय लोक अभियोजक राकेश दुबे ने बताया कि दोषी को वर्ष 1992-93 के बीच मधेपुरा रोड डिविजन में सौंपे जाने के लिए लाखों रूपयों के अलकतरा की आपूर्ति की गई थी जिसे उसने गंतव्य पर न पहुंचाकर गबन कर लिया था। इस संबंध में सीबीआई ने प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया था और दोषी के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया था।

# जदयू जांच समिति की बैठक में कई मुद्दों पर मंथन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** जदयू जांच समिति की चौथी बैठक सोमवार को पार्टी दफ्तर में हुई। इसमें विधानसभा चुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान पार्टी एवं एनडीए प्रत्याशियों के खिलाफ कथित गठबंधन-विरोधी गतिविधियों से संबंधित प्राप्त सभी परिवादों की समीक्षा की गई। पार्टी हर शिकायत की विस्तृत जांच करना चाहती है। बैठक में जांच समिति के संयोजक, पूर्वसांसद एवं अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चंदेश्वर प्रसाद चंद्रवंशी, समिति के दोनों सदस्य, मुख्य प्रवक्ता सह विधानपार्षद नीरज कुमार एवं मुख्यालय प्रभारी अनिल कुमार के अलावा वासुदेव कुशवाहा व डॉ. अमरदीप शामिल थे।

### डॉ. दिलीप जायसवाल, सम्राट चौधरी और विजय सिन्हा ने चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों को किया सम्मानित

# चुनाव में प्रबंधन समिति का योगदान उल्लेखनीय : डॉ. दिलीप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव में भाजपा एनडीए को प्रचंड बहुमत मिलने के बाद आज भाजपा प्रदेश कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसमें चुनाव प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों को सम्मानित किया गया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा ने सभी को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया और तारीफ की। समारोह को संबोधित करते हुए भाजपा अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रबंधन समिति का प्रबंधन उल्लेखनीय रहा। प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों ने अपने परिश्रम से जीत की आधारशिला रखी। उन्होंने कहा कि चुनाव परिणाम से यह साबित हुआ कि भाजपा और एनडीए का हर कार्यकर्ता अपने समर्पित भाव से चुनाव मैदान में उतरा और एनडीए को प्रचंड बहुमत दिलाया। उन्होंने कहा कि यही कारण है कि भाजपा आज प्रदेश में विधायकों की संख्या के मामले में सबसे बड़ी पार्टी बन गई। उन्होंने इस मौके पर प्रबंधन समिति के सदस्यों को बधाई और भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर उपमुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि बिहार विधानसभा चुनाव-2025 में एनडीए का प्रचंड जनादेश कार्यकर्ताओं की निरंतर मेहनत और समर्पण का ही परिणाम है। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं का सम्मान ही भाजपा की पहचान है। भाजपा की सबसे बड़ी विशेषता है कि भाजपा का बूथ कार्यकर्ता ही पार्टी के सर्वोच्च पद तक पहुंच सकता है। उपमुख्यमंत्री विजय सिन्हा ने समारोह को संबोधित करते हुए चुनावी प्रबंधन साथियों की तारीफ की। उन्होंने कहा कि इन साथियों का उत्साह और निष्ठा विकसित बिहार की हमारी सामूहिक यात्रा को और बल देती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि हम सब मिलकर बिहार को नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता का परिश्रम और प्रतिबद्धता ही भाजपा की रीढ़ है और यही हमारी निरंतर जीत का आधार भी है। इस समारोह में बिहार सरकार के मंत्री मंगल पांडेय, लखींद्र पासवान, प्रदेश संगठन महामंत्री भिखू भाई दालसानिया, प्रदेश महामंत्री राधा मोहन शर्मा, राजेश वर्मा, राकेश कुमार सहित चुनाव प्रबंधन समिति के सभी लोग उपस्थित रहे।

# नीपको में समीरन सिन्हा रे ने संभाली मुख्य मानव संसाधन अधिकारी की जिम्मेदारी

## मानव संसाधन नेतृत्व को मजबूत करने पर रहेगा फोकस



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली/शिलांग।** नॉर्थ ईस्टर्न इलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड (नीपको) ने मानव संसाधन क्षेत्र के अनुभवी विशेषज्ञ और एनटीपीसी के वरिष्ठ अधिकारी समीरन सिन्हा रे को अपना नया मुख्य मानव संसाधन अधिकारी नियुक्त किया है। लगभग 35 वर्षों के अनुभव वाले समीरन सिन्हा रे इससे पहले राष्ट्रीय ताप विद्युत निगम (एनटीपीसी) में मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) के रूप में कार्यरत थे और प्रतिनियुक्ति पर नीपको से जुड़े थे। उनकी यह नियुक्ति संगठन में मानव संसाधन नेतृत्व को मजबूत करने और भविष्य की विकास योजनाओं को गति देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है।

**35 वर्षों से अधिक का विशिष्ट अनुभव**

समीरन सिन्हा रे ने वर्ष 1990 में एनटीपीसी में नियुक्ति के साथ अपने करियर की शुरुआत की थी। अपने तीन दशक से अधिक लंबे कार्यकाल में उन्होंने अनेक क्षेत्रीय कार्यालयों एवं परियोजनाओं में मानव संसाधन नेतृत्व की भूमिका निभाई और संगठनात्मक संस्कृति, प्रतिभा संवर्धन, कर्मचारी विकास और मानव संसाधन प्रणाली के सुदृढ़ीकरण में महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। नीपको में शामिल होने से पूर्व वे एनटीपीसी के उत्तरी क्षेत्रीय मुख्यालय, लखनऊ में मानव संसाधन प्रमुख रहे। यह एनटीपीसी का सबसे बड़ा प्रशासनिक क्षेत्र है जिसमें आठ प्रमुख परियोजनाएं, दो संयुक्त उद्यम और राजस्थान के नोख में एक सौर परियोजना शामिल है। इसके अतिरिक्त उन्होंने भुवनेश्वर स्थित पूर्वी क्षेत्र-दो में भी मानव संसाधन प्रमुख के रूप में अतिरिक्त जिम्मेदारी निभाई और पांच प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में कर्मचारी प्रबंधन को सुदृढ़ किया। इससे पहले वे पटना स्थित पूर्वी क्षेत्र-एक कार्यालय में मानव संसाधन प्रमुख रहे और फरक्का, नबीनगर तथा बरौनी जैसी प्रमुख विद्युत परियोजनाओं में भी नेतृत्वकारी भूमिका निभाई।

**नीपको में रणनीतिक परिवर्तन की अपेक्षा**

नीपको का मानना है कि समीरन सिन्हा रे के अनुभव और नेतृत्व से संगठन में मानव संसाधन प्रणाली और अधिक पारदर्शी, सक्षम और भविष्य उन्मुख होगी। उनकी नियुक्ति से प्रतिभा प्रबंधन, कौशल विकास, कर्मचारी कल्याण, संगठनात्मक संस्कृति और मानव संसाधन प्रक्रियाओं के आधुनिकीकरण को नई गति मिलने की उम्मीद है।

ऊर्जा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि यह कदम उत्तर-पूर्व क्षेत्र की विद्युत उत्पादन इकाइयों के लिए परिवर्तनकारी साबित हो सकता है क्योंकि इससे मानव संसाधन व्यवस्थाओं को नई दिशा और मजबूती मिलेगी। समीरन सिन्हा रे की यह नियुक्ति नीपको के दीर्घकालिक संगठनात्मक विकास और प्रबंधन की दिशा में एक निर्णायक कदम मानी जा रही है।

# धान खरीद में लाएं तेजी : मंत्री

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** सहकारिता मंत्री डॉ. प्रमोद कुमार ने धान खरीदारी और बिहार राज्य सब्जी प्रसंस्करण एवं विपणन फेडरेशन (वेजफेड) को लेकर सोमवार को समीक्षा बैठक की है। इस बैठक में विभाग के अधिकारियों को उन्होंने धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया। तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के जिलों की धान खरीद की समीक्षा मंत्री ने वीडियो कांफ्रेंसिंग से की। इसमें निबंधक, सहयोग समितियां, रजनीश कुमार सिंह, धान खरीद के राज्य स्तरीय नोडल पदाधिकारी संयुक्त निबंधक शंभू सेन के साथ तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के संयुक्त निबंधक उपस्थित रहे। साथ ही इन प्रमंडलों के सभी जिलों के जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अंकेक्षण पदाधिकारी, प्रबंध निदेशक, जिला सहकारी बैंक तथा बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम के जिला स्तरीय पदाधिकारी जुड़े रहे। मंत्री ने तिरहुत एवं पूर्णिया प्रमंडल के सभी जिलों के पदाधिकारियों को धान खरीदारी में तेजी लाने को कहा। उन्हें मिशन मोड में इस काम को सम्पन्न करने और खरीफ विपणन मौसम 2025-26 में कुल 36.85 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदारी शत प्रतिशत सुनिश्चित को कहा है। मंत्री ने धान की खरीदारी के बाद राशि का भुगतान 48 घंटों के अंदर लाभुकों के नामित खाते में सुनिश्चित करने को कहा है। किसानों को होने वाली समस्याओं का त्वरित समाधान करने और धान खरीदारी के कार्यक्रम का व्यापक प्रचार-प्रसार कराना सुनिश्चित करने का भी निदेश जिला स्तरीय पदाधिकारियों को दिया है। वेजफेड पर मंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य हर थाली में बिहारी तरकारी अभियान को मिशन मोड में आगे बढ़ाना है। मंत्री ने निदेश दिया कि प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समितियां को सशक्त बनाने के लिए सदस्यता विस्तार की प्रक्रिया को तेज किया जाए। आधुनिक कृषि तकनीकों, वैज्ञानिक खेती और फसल प्रबंधन से किसानों को जोड़ने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रमों की संख्या बढ़ाई जाये। बैठक में आधारभूत संरचना निर्माण से जुड़ी योजनाओं-विशेषकर प्याज भंडारण, कोल्ड चेन स्ट्रक्चर तथा नए तरकारी आउटलेट की स्थापना की प्रगति की समीक्षा करते हुए इन कार्यों में और तेजी लाने का निर्देश दिया।

# डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर प्रारंभ




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजकीय संस्कृत महाविद्यालय काजीपुर पटना एवं विहार संस्कृत संजीवन समाज पटना की ओर से आधुनिको भव संस्कृतं वद अभियान के अन्तर्गत संस्कृत एवं हिंदी विदुषी डॉ मिथिलेश कुमारी मिश्र की जयन्ती के शुभावसर पर सप्त दिवसीय डा मिथिलेश कुमारी मिश्र स्मृति संस्कृत शिक्षण एवं सम्भाषण शिविर का संस्कृतमय वातावरण में प्रारंभ हुआ जिसमें संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। इस शिविर का संचालन विहार संस्कृत संजीवन समाज के महासचिव एवं आधुनिक भव संस्कृतं वद अभियान के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ मुकेश कुमार ओझा द्वारा पटना के राजकीय संस्कृत महाविद्यालय में किया जा रहा है। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ मनोज कुमार, डॉ ज्योत्स्ना, प्रो उमेश शर्मा, डॉ शिवानंद शुक्ल, डॉ शशिकांत तिवारी, डॉ विवेकानंद पासवान, डॉ अल्का कुमारी सहित महाविद्यालय के सभी छात्र उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने विकास योजनाओं को पूर्ण करने का दिया निर्देश

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अरवल।** जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा द्वारा विकास योजनाओं को तेजी से और गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने का निर्देश दिया। उन्होंने मनरेगा द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का निरीक्षण करते हुए कहा कि जिले में ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना और खेल मैदान के निर्माण कार्य तेजी के साथ पूर्ण करें। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि वह लगातार इसका अनुश्रवण और मॉनिटरिंग करें और प्रगति रिपोर्ट जिला मुख्यालय को प्रस्तुत करें। इस दौरान उप विकास आयुक्त और प्रखंड विकास पदाधिकारी, मनरेगा के कार्यक्रम पदाधिकारी सहित अन्य कर्मी उपस्थित थे।

# सर्वाइकल कैंसर से बचाव हेतु निःशुल्क एचपीवी वैक्सीन कैंप



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी ने अपनी सामाजिक जिम्मेदारी का उत्कृष्ट निर्वाह करते हुए आज निःशुल्क एचपीवी सर्वाइकल कैंसर बचाव हेतु वैक्सीन कैंप का सफल आयोजन मारवाड़ी हेल्थ सोसायटी परिसर राजेन्द्रनगर में किया। यह जानकारी देते हुए अध्यक्ष राधेश्याम बंसल ने बताया कि इसका उद्देश्य बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षा प्रदान कराना है तथा आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को निःशुल्क स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना है। मौके पर कार्यकारी अध्यक्ष हनुमान गोयल ने बताया कि इस कैम्प में पहली खुराक ले चुकी 100 बच्चियों को दूसरी खुराक दी गई। इसके साथ ही अभियान को आगे बढ़ाते हुए 9 से 14 वर्ष की लगभग 40 नई बच्चियों को पहली खुराक भी प्रदान की गई। सभी लाभार्थी बच्चियों को नाश्ता का तथा उपस्थित परिजनों के लिए चाय-बिस्कुट की व्यवस्था की गई। मौके पर सचिव दिनेश अग्रवाल ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से बचाव के लिए एचपीवी वैक्सीन अत्यंत आवश्यक है। हमारा प्रयास है कि समाज की हर बच्ची स्वस्थ भविष्य की ओर बढ़े। अग्रवाल ने बताया कि यह कैंप बेंगलुरु साड़ी हाउस के चांडक परिवार के सहयोग से आयोजित किया गया। सोसाइटी द्वारा आयोजित यह कैम्प डॉ. श्रवण कुमार, डॉ. उषा अग्रवाल, डॉ. चारू मोदी एवं डॉ. निमिषा अग्रवाल की देख-रेख में अत्यंत सुव्यवस्थित और सुरक्षित रूप से सम्पन्न हुआ। इस कैम्प को सफल बनाने में पूर्व अध्यक्ष रमेश गुप्ता, प्रशांत बंका, शम्भू अग्रवाल, बिनोद अग्रवाल, अनिल रिटोलिया सहित अन्य सदस्य लगे हुए थे।

# एड्स दिवस पर छात्राओं ने पोस्टर बनाकर किया जागरूक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें बीएड सत्र (2025-27) की प्रथम वर्ष की छात्राओं ने हिस्सा लिया। छात्राओं ने एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए पोस्टर बनाकर प्रदर्शन किया। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ मुनव्वर जहां, राजू कुमार व सभी शिक्षक-छात्राओं का मनोबल बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। इसके साथ ही कॉलेज की 25 छात्राओं ने बिहार राज्य सरकार की ओर से आयोजित रेड रिबन वॉक में भी सक्रिय रूप से सहभागिता की। एड्स के प्रति जागरूकता के लिए आयोजित यह वॉक इको पार्क गेट नंबर 2 से शुरू हुआ और विकास भवन, बिहार विधानसभा, होटल चाणक्य, आर ब्लॉक होते हुए वीर कुंवर सिंह आजादी पार्क, पटना स्थित मंच पर समाप्त हुई। कॉलेज की छात्राओं का नेतृत्व शिक्षक डॉ राजकमल और विवेक ने किया।

# वोट चोरी की खिलाफत और संगठन की मजबूती पर कांग्रेस करेगी काम : राजेश राम



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में आयोजित जिलाध्यक्षों, प्रदेश पदाधिकारियों और फ्रंटल संगठनों मंच मोर्चा प्रमुखों की बैठक में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि वोट चोरी के खिलाफ हम ठोस मुहिम चलाएंगे। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजेश राम ने कहा कि संगठन को जिला से लेकर पंचायत तक सुदृढ़ करने पर हम काम करेंगे। साथ ही भाजपा के द्वारा चुनाव आयोग के मिलीभगत से वोट चोरी के खिलाफ दिल्ली में बड़ी रैली का आयोजन आगामी 14 दिसंबर को है जिसमें बड़ी संख्या में बिहार से कार्यकर्ताओं का जत्था शामिल होगा। संगठन की मजबूती के लिए पंचायतों तक कांग्रेस को मजबूत करने और सशक्त बूथ कमिटियों के गठन को भी जिलाध्यक्षों के साथ विवेचना हुई। इस दौरान प्रदेश में सघन दौरे करने का निर्णय भी लिया गया। साथ ही जनता के बीच उनके मुद्दों के साथ सड़क से सदन तक कांग्रेस अपनी जिम्मेदारी निभाएगी। बिहार कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावारू ने फ्रंटल संगठन प्रमुखों, सभी जिलाध्यक्षों से व्यक्तिगत मंत्रणा की और उन्होंने सभी से पार्टी के सांगठनिक मजबूती के लिए आगामी योजनाओं पर विस्तार से चर्चा की। देर शाम पार्टी के सभी छह विधायकों के साथ भी प्रभारी कृष्णा अल्लावारू और प्रदेश अध्यक्ष राजेश राम ने बैठक की। बताते चलें कि इससे पूर्व दिल्ली में कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं ने बिहार के शीर्ष नेताओं, नवनिर्वाचित विधायकों और प्रत्याशियों के साथ बैठक आयोजित की थी और उसमें भी चुनाव और संगठन को लेकर वृहद समीक्षा हुई थी।

# कृषि मंत्री रामकृपाल यादव को भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने दी बधाई



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया/पटना।** कृषि मंत्री रामकृपाल यादव को भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने मुलाकात कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर डॉ. मिश्रा ने कहा कि रामकृपाल यादव का व्यापक राजनीतिक अनुभव, सरल स्वभाव और जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें एक विशिष्ट एवं लोकप्रिय जननेता बनाता है। वे लंबे समय तक सांसद, विधायक तथा केंद्र सरकार में मंत्री के रूप में महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां निभा चुके हैं। डॉ. मनीष पंकज मिश्रा ने कहा कि बिहार को नए जनादेश में जो दिशा मिली है, उसमें रामकृपाल यादव की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहने वाली है।

# हर्ष फायरिंग में मौत के मामले में हथियार सहित तीन गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शिव सागर थाना क्षेत्र के थनुवों ग्राम में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति की मौत के मामले में पुलिस ने तीन व्यक्तियों को हथियार के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस के अनुसार मृतक नंदन कुमार सिंह 25 वर्ष बक्सर जिला के इटाढी थाना क्षेत्र के इटाढी गांव निवासी स्व विजय बहादुर सिंह के पुत्र थे। जानकारी देते हुए एसपी रौशन कुमार ने पत्रकारों को बताया कि 30 नवंबर 25 की मध्य रात्रि में सूचना प्राप्त हुई कि शिवसागर थाना



क्षेत्र के ग्राम-थनुवों में एक शादी समारोह में हर्ष फायरिंग के दौरान एक व्यक्ति को गोली लग गयी है जिनका इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी है। इस घटना को गंभीरता से लिया गया एवं घटना में शामिल व्यक्तियों की गिरफ्तारी एवं आग्नेयास्त्र की बरामदगी के लिए अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी-01 सासाराम के नेतृत्व में एक पुलिस टीम का गठन किया गया जिसमें थानाध्यक्ष, शिवसागर थाना तथा तकनिकी सहायता के लिए जिला आसूचना इकाई रोहतास को भी शामिल किया गया। गठित टीम के द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए इस घटना में शामिल रोहित कुमार पे0-विजय बहादुर सिंह सा0-धनुवों थाना-शिवसागर जिला-रोहतास को इन्द्रपुरी थाना क्षेत्र के कटार गांव से गिरफ्तार किया गया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार रोहित कुमार के द्वारा पूछताछ के क्रम में इस घटना का खुलासा करते हुए बताया कि इस घटना में उनके अलावा अविनाश कुमार सिंह उर्फ बारूद, बम कुमार, अभिरंजन कुमार, कुन्दन सिंह एवं प्रभात कुमार उर्फ पन्नु शामिल थे जिनके द्वारा अवैध हथियार से हर्ष फायरिंग की जा रही थी। इसी क्रम में एक गोली नन्दन कुमार सिंह सा0-चिल्हर थाना-इटाढ़ी जिला-बक्सर को लगी जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। गिरफ्तार रोहित कुमार के बताये अनुसार इस घटना में शामिल कुन्दन सिंह एवं प्रभात कुमार उर्फ पन्नू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार प्रभात कुमार उर्फ पन्नु के निशानदेही पर इस घटना में उपयोग किये गये पिस्टल को उनके घर के बगल में स्थित एक भूसा की कोठी से बरामद किया गया है। गठित टीम के द्वारा इस घटना में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास के संबंध में जांच की जा रही है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 7.65 बोर का एक देशी पिस्टल व खोखा, एक बुलेट मोटरसाइकिल, दो विडियो कैमरा, एण्ड्रायड मोबाइल फोन जब्त किया गया है।

# ऑटो और टोटो से माइकिंग कर पराली न जलाने का जागरूकता अभियान चलाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी उदिता सिंह द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन का बैठक किया गया। बैठक में जिले में कार्बाइन हार्वेस्टर की संख्या के विरुद्ध फसल अवशेष प्रबंधन यंत्रों का ज्यादा से ज्यादा उपयोगिता, सभी विद्यालयों में बच्चों द्वारा पराली न जलाने का शपथ दिलवाने एवं सभी प्रखंड कृषि पदाधिकारी अपने-अपने प्रखंड के कार्बाइन हार्वेस्ट धारकों के साथ बैठक आयोजन करने का आदेश दिया गया। फसल अवशेष न जलाने से सम्बंधित लघु वित्तचित्र तथा रेडियो जिंगल के माध्यम से किसानों को जागरूक करना। प्रखंड करगहर, कोचस, शिवसागर, नोखा, सासाराम, चेनारी, काराकाट, विक्रमगंज, दवाथ, सांझाली एवं नासरीगंज में फसल अवशेष जलाने की घटना अधिक है। उक्त सभी प्रखंडों में



विशेष किसान चौपाल का आयोजन, एलइडी ज्ञान वाहक रथ एवं विशेष अभियान के तहत ऑटो एवं टोटो से माइकिंग करते हुए किसानों को खेतों में पराली नहीं जलाने के संबंध में जागरूक करते हुए व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु निर्देश दिया गया। फसल अवशेष जलाने से होने वाले क्षति जैसे मिट्टी की उर्वरक शक्ति क्षीण हो जाती है। साथ ही पर्यावरण दूषित होने के कारण सभी जीवों पर दुष्प्रमाणित के साथ-साथ श्वास की बीमारी भी हो जाती है। फसल अवशेष प्रबंधन हेतु जीविका दीदी के माध्यम से भी स्कूलों में जाकर जागरूक किया जा रहा है। कंबाइन हार्वेस्ट मालिकों को भी फसल अवशेष प्रबंधन हेतु एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया जायेगा। तत्पश्चात सभी कंबाइन हार्वेस्ट मालिकों से शपथ पत्र प्राप्त के उपरांत ही चलाने की अनुमति दी जायेगी। जिला कृषि पदाधिकारी द्वारा बताया कि कुल 778 कंबाइन हार्वेस्ट्रो के विरुद्ध 112 पास निर्गत किया जा चुका है। शेष पास दो से तीनों में पूर्ण कर लिया जायेगा। कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा बताया गया कि रवि फसल अवशेष कृषकों द्वारा खरीफ की अपेक्षा कम जलाया जाता है। कृषि विज्ञान केंद्र विक्रमगंज के वैज्ञानिक द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन हेतु विभिन्न आधुनिक कृषि यंत्र जैसे हैपी सीडर, सुपर सीडर, रोस्ट्री मल्चर, स्ट्रा मैनेजमेंट सिस्टम, स्ट्रा रीपर, रीपर कम बाइंडर के बारे में बताया गया जिससे फसल अवशेष प्रबंधन की समस्याओं से निदान किया जा सके।

# नाली निर्माण में घटिया सामग्री उपयोग करने से स्थानीय लोगों में आक्रोश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू पूर्वी पंचायत के स्थानीय मुख्य बाजार में स्थित मुर्गा मछली गली का निर्माण कार्य जिला परिषद मद से कराया जा रहा है। किन्तु निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले घटिया सामग्री के प्रयोग से स्थानीय लोगों में जबरदस्त आक्रोश बना हुआ है। कुछ ग्रामीणों का कहना है कि हमलोग स्थानीय प्रखंड विकास पदाधिकारी से इसकी शिकायत भी किए हैं जिसमें कहा गया है कि जरुरत के हिसाब से गड्ढे में मिट्टी भराई नहीं कराई गई है। वही अन्य सामग्री जैसे दो नम्बर ईंट तथा खराब क्वालिटी का सीमेंट एवं कम मात्रा में मसाले का प्रयोग किया गया है। वही सरकार के नियमानुसार कोई भी सरकारी निर्माण कार्य शुरू करने से पहले योजना से संबंधित बोर्ड लगाना



अनिवार्य है जिसमें बोर्ड पर योजना की प्राक्कलित राशि, लम्बाई चौड़ाई इत्यादि अंकित रहता है। किन्तु नाला निर्माण कार्य में प्राक्कलित राशि एवं सड़क की लम्बाई से संबंधित कोई भी बोर्ड कार्यस्थल पर नहीं लगाया गया है। पूर्व में भी जिला परिषद मद से यात्री शेड समेत कई अन्य निर्माण कार्य के दौरान घटिया सामग्री के उपयोग मामला प्रकाश में आया था जिसके बाद जिला परिषद द्वारा घटिया निर्माण सामग्री को हटाकर सही निर्माण सामग्री लाया गया था। इस संबंध में बीडीओ अंकिता जैन ने बतायी कि इस मामले में मेरे पास अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है। अगर इस तरह का मामला है तो संबंधित पदाधिकारी से बात करुंगी।

# तिलौथू में फ्लिपकार्ट ऑफिस से लाखों के सामान की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** तिलौथू थाना क्षेत्र के स्थानीय बजार के एनएच टू सी पथ के किनारे स्थित फ्लिपकार्ट ऑफिस में रविवार रात को चोरों ने बड़ा अंजाम देते हुए ऑफिस में रखे लाखों के सामान एवं तिजोरी में रखे लाखों रूपये उड़ा ले गए। इस घटना से पूरे क्षेत्र में सनसनी फैल गई। बताया जाता है कि चोरों ने मुख्य दरवाजा खोलकर गोदरेज लॉकर, महंगे मोबाइल फोन सहित लाखों का सामान उड़ा ले गया। साथ ही ऑफिस में रखा लाखों रूपये कैश भी चोरी कर लिया। चोरों ने वारदात को अंजाम देने से पहले डीवीआर भी निकाल कर अपने साथ ले गए जिससे ऑफिस के अंदर की फुटेज भी उपलब्ध नहीं हो सका। बताया जाता है कि चोरों ने लिंक का ताला काट कर शटर गेट को कॉमन चाभी से खोल लिया जिससे यह साफ




प्रतीत होता है कि चोरों ने योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है। घटना की जानकारी मिलते ही तिलौथू पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में लग गई। पुलिस तकनिकी और भौतिक दोनों आधारों पर जांच करने की प्रयास कर रही थी। स्थानीय व्यापारियों में इस घटना को लेकर काफी भय बना हुआ है और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं। इस संबंध में थानाध्यक्ष शुभम कुमार ने बताया कि मामले की जांच बारीकी से की जा रही है और जो भी दोषी होगा उसके खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# डीडीयू मंडल में सेवानिवृत्त रेलकर्मियों को किया गया समापक भुगतान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** पूर्व मध्य रेल के पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल द्वारा माह नवंबर -2025 में सेवानिवृत होने वाले रेलकर्मियों को समापक भुगतान करने के लिये सामुदायिक भवन, इंडियन इंस्टीट्यूट कॉलोनी में कार्मिक विभाग द्वारा एक समापक भुगतान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि मंडल रेल प्रबंधक उदय सिंह मीना द्वारा डीडीयू मंडल के कुल 19 रेलकर्मियों का सभी कागजात के साथ विभिन्न मदों में कुल रु. 10,35,85,349/- का समापक भुगतान सौंपा गया। कार्यक्रम के आरंभ में सभी के स्वागत के साथ समापक भुगतान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया गया। वित्तीय प्रबंधन, बीमा, डिजिटल सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी गयी। अपने संबोधन में मंडल रेल प्रबंधक द्वारा



सभी सेवानिवृत कर्मचारियों को शुभकामनाएं दी गईं। साथ ही अपने स्वास्थ्य, वित्तीय प्रबंधन का ध्यान देने तथा अपने आप के उत्तम जीवन लिए समय का सदुपयोग करने की बात कही गई, स्वयं से शुरू कर ही परिवार, समाज एवं देश के लिए सकारात्मक योगदान होगा। वित्तीय धोखाधड़ी जैसे डिजिटल फ्रॉड आदि से बचने के लिए सदैव सतर्क व सचेत रहने पर बल दिया गया। समारोह में मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक दिलीप कुमार, वरीय मंडल कार्मिक अधिकारी उज्ज्वल आनंद, वरीय मंडल वित्त प्रबंधक राहुल राज, स्थानीय स्टेट बैंक ऑफ इंडिया शाखा के प्रबंधक प्रिंस कुमार सहित विभिन्न रेल शाखा अधिकारी, मंडल के यूनियन व एसोसिएशन के प्रतिनिधि तथा रेलकर्मी व उनके परिजन उपस्थित रहे। सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

# पटना मोड़ पर दुकान का ताला तोड़ सामान की चोरी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** स्थानीय थाना क्षेत्र के पटना मोड़ के समीप स्थित एक स्पेयर पार्ट्स की दुकान का ताला तोड़कर करीब 10 हजार रुपये के सामान की चोरी कर ली गयी। इसकी सूचना दुकानदार द्वारा पुलिस को दी गयी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की। पीड़ित इस्लामगंज निवासी शकील अंसारी बताये जाते हैं। जानकारी के अनुसार पीड़ित दुकानदार प्रतिदिन की तरह अपनी दुकान बंद कर रविवार देर शाम घर चले गये जब सोमवार सुबह दुकान पर पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है और कई पार्ट्स गायब हैं। उन्होंने तुरंत डायल 112 को सूचना दी जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और जांच की गयी। गौरतलब है कि थाना क्षेत्र में पुलिस गश्ती की सक्रियता एक बार फिर सवालों के घेरे में है। बीती रात पटना मोड़ के पास मुख्य सड़क किनारे स्थित एक स्पेयर पार्ट्स दुकान में चोरों ने चोरी की घटना का अंजाम दिया जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़ा हो रहे हैं जबकि घटनास्थल पर पुलिस की नियमित गश्ती वाहन पार्किंग से महज 100 मीटर की ही दूरी पर है। इस संबंध में पूछे जाने पर मोहनियां थाना के सब इंस्पेक्टर अमितेज कुमार ने बताया कि पीड़ित द्वारा आवेदन दिया गया है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज की जांच की जा रही है। साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## सहूका व सदुलहपुर पैक्स चुनाव के लिए 22 प्रत्याशियों ने कटायी नाजिर रसीद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रामगढ़।** प्रखंड की दो पंचायत सहूका व सदुल्लहपुर-डरवन में 16 दिसंबर को होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर अब तक प्रखंड कार्यालय में 22 प्रत्याशियों द्वारा नाजिर रसीद कटायी गयी है। चुनाव को लेकर प्रत्याशी दो दिन तीन व चार दिसंबर को चुनावी मैदान में आने के लिए अपना नामांकन करेंगे। चुनाव के बाद मतों की गिनती के लिए प्रखंड कार्यालय पर वज्रगृह की सारी तैयारी पूरी की जा रही है। बताते चलें बीते दो दिसंबर 2024 को पैक्स चुनाव के आये परिणाम में सहूका पंचायत से अध्यक्ष पद पर सतेंद्र सिंह, जबकि सदुलहपुर-डरवन पंचायत में पप्पू सिंह की जीत हुई थी। चुनाव के आये परिणाम में उक्त दोनों पंचायत के कुछ सदस्य कुछ माह बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिये थे जिससे दोनों पैक्स समिति भंग हो गयी थी, तब किसानों से धान अधिप्राप्ति हेतु पैक्स समिति के बजाय प्रतिनियुक्त प्रशासक द्वारा धान खरीद की गयी थी। इसमें किसानों को भी काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा था।

# 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा देने वाले स्टूडेंट्स के लिए चलेंगी विशेष कक्षाएं

## भरखर की गलियों में पोस्टर व बैनर के साथ घूमकर शिक्षकों ने चलाया अभियान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मोहनियां।** सोमवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय भरखर के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने वर्ष 2026 में मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा की विशेष तैयारी कराने को लेकर क्रैश कोर्स के अंतर्गत गांव की गलियों में पोस्टर, बैनर के साथ घूम-घूम कर अभियान चलाते हुए छात्र-छात्राओं और अभिभावकों को जागरूक किया। इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाचार्य सच्चिदानंद सिंह ने बताया कि विगत 27 नवंबर को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला शिक्षा पदाधिकारी द्वारा सभी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को आदेश दिया गया है कि वर्ष 2026 की मैट्रिक व इंटरमीडिएट की परीक्षाओं में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं की तैयारी के लिए विशेष



कक्षाएं संचालित की जायेगी। यह कक्षाएं पहली दिसंबर से शुरू होकर 10 फरवरी तक यानी 40 दिनों तक लगातार संचालित की जायेगी। यह कक्षाएं सुबह 10 बजे से दोपहर एक बजे तक चलेगी। उक्त अवधि के बीच सभी विषयों की स्पेशल तैयारी छात्र-छात्राओं को करायी जायेगी। ताकि वे बोर्ड परीक्षा में अधिक से अधिक अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन कर सकें। इन विशेष कक्षाओं में उक्त वर्ग के विद्यार्थियों की उपस्थिति अनिवार्य की गयी है। इधर, इस अभियान में पंचायत समिति सदस्य राम प्रवेश राम, वार्ड सदस्य अभय कुमार सिंह भी शामिल हुए। प्रधानाचार्य ने बताया कि वर्ष 2026 की मैट्रिक परीक्षा में 68 स्टूडेंट्स भाग लेंगे जिसमें 40 छात्राएं है। वहीं इंटरमीडिएट आर्ट की परीक्षा में 75 परीक्षार्थी शामिल होंगे जिनमें 50 छात्राएं शामिल हैं। इसी तरह विज्ञान संकाय में 50 विद्यार्थी भाग लेंगे जिसमें छात्राओं की संख्या 18 है जबकि कॉमर्स विषय से एक छात्र परीक्षा में भाग लेंगे।

# तिलौथू में शाहाबाद गौरव यात्रा 5 दिसम्बर को निकाली जायेगी



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम/तिलौथू।** शाहाबाद महोत्सव के सफल आयोजन हेतु आज तिलौथू के ठाकुरबाड़ी मंदिर के प्रांगण में चितरंजन मिश्रा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक को संबोधित करते हुए शाहाबाद महोत्सव के संयोजक अखिलेश सिंह ने शाहाबाद के गौरवशाली ऐतिहासिक सांस्कृतिक व धार्मिक विरासत को याद करते हुए कहा कि यहां की कला संस्कृति और पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शाहाबाद महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि तिलौथू में शाहाबाद गौरव यात्रा 5 दिसंबर को निकाला जाएगा जिसका संयोजक धीरज मिश्रा सह संयोजक जिनेंद्र कुशवाहा, लक्ष्मीनारायण पासवान, अभिषेक सिंह, अभय प्रजापति तथा संरक्षक चितरंजन मिश्रा व राकेश सिन्हा को बनाया गया। बैठक में मुख्य रूप से जदयू जिला उपाध्यक्ष संतोष शुक्ला, विमल सिंह, धर्मेंद्र शुक्ला, वैभव कुमार, अशोक भारद्वाज, अभिषेक सिंह, लक्ष्मीनारायण पासवान, जिनेंद्र कुमार कुशवाहा, लालबिहारी गुप्ता, अमित सिंह, कुमार धर्मेंद्र, मुकेश कुमार सिंह, धर्मेंद्र कुमार, राजू मिश्रा उपस्थित थे।

# ह्वील चेयर को लेकर सदर अस्पताल बना रणक्षेत्र

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**भभुआ।** सदर अस्पताल भभुआ इन दिनों पुनः अपने कारनामों से सुर्खियों में रहने लगा है। कभी डिलीवरी के नाम पर प्रसूति महिला के परिजनों से जबरन रुपये उगाहने, तो कभी दलालों द्वारा मरीजों को बरगलाने के मामले में। ताजा घटनाक्रम में रविवार की रात साढ़े 11 बजे भर्ती वार्ड का है जहां व्हील चेयर ले जाने के मामूली विवाद में सदर अस्पताल रण क्षेत्र में तब्दील हो गया। इस दौरान सदर अस्पताल के सुरक्षा में लगे निजी सुरक्षाकर्मियों और मरीज के परिजनों के बीच जमकर लाठी-डंडे चले। देर रात तीसरे मंजिल पर स्थित भर्ती वार्ड में हंगामा और गाली-गलौज के बाद दोनों ओर से लाठी डंडे चलने लगे। इसके बाद किसी प्रकार मामला शांत हुआ तो इसी बीच मरीज के परिजन बाहर से कुछ लोगों को बुलवा लाये। यहां बाहर से आये लोगों और गार्डों के बीच अस्पताल परिसर में एक बार फिर से लाठी डंडे चलने लगे और मारपीट होने लगी। हालांकि, तब तक सूचना पर डायल 112 की तीन पुलिस टीम सदर अस्पताल पहुंची और दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर अलग किया गया और मामले को सुलझाया गया। इस दौरान लगभग दो घंटे तक सदर अस्पताल रणक्षेत्र में तब्दील रहा और हर तरफ अफरा-तफरी मची रही। देर रात 12 बजे के बाद सदर अस्पताल का माहौल सामान्य रहा। भर्ती वार्ड में जबरन व्हील चेयर रखने पर बढ़ा विवाद दरअसल, रविवार को देर रात भभुआ प्रखंड के बरहुली गांव के रहनेवाले 52 वर्षीय विजय कुमार मिश्रा पिता शोभनाथ मिश्रा की तबीयत अचानक खराब हो गयी तो रात 11 बजे परिजन उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लेकर आये। यहां इमरजेंसी में तैनात डॉक्टर ने मरीज को देख उन्हें भर्ती कर इलाज कराने को कहा। भर्ती किये जाने के बाद परिजन चलने फिरने की स्थिति में नहीं होने की वजह से परिजन उन्हें इमरजेंसी मरीजों के लिए निचले तल पर रखे व्हील चेयर पर बैठाकर तीसरी मंजिल पर स्थित भर्ती वार्ड में लेकर चले गये। इस बीच जब व्हील चेयर लेकर वापस परिजन नीचे नहीं आये तो सुरक्षा में तैनात गार्डों ने भर्ती वार्ड में जाकर व्हील चेयर नीचे ले जाकर रखने को कहा। इस पर मरीज के परिजनों ने भर्ती मरीज को शौचालय आदि में ले जाने और लाने में दिक्कत होने का कह व्हील चेयर साथ रखने की बात कही। इसी बात को लेकर गार्डों और मरीज के परिजनों के बीच कहासुनी और विवाद होने लगा। इस बीच व्हील चेयर को लेकर विवाद काफी बढ़ गया और गाली गलौज के बाद दोनों तरफ से लाठी डंडे चलने लगे जिससे भर्ती वार्ड में अफरा-तफरी मच गयी और ड्यूटी में तैनात महिला स्वास्थ्य कर्मी भयभीत होकर कमरों में छुप गयी।

## वृक्ष की टहनी से दबकर साधु की मौत

**करमचट।** लेवाबांध गांव के पास एक वृक्ष की टहनी से दबकर साधु की मौत हो गई। यह घटना रविवार की सुबह 8:30 बजे की बताई जाती है। मृतक साधु की पहचान करमचट थाना क्षेत्र के लाखनडाही गांव निवासी 65 वर्षीय बिहारी चमार बताया जाता है।


## कोर्ट नोटिस

न्यायालय में,
न्यायकर्ता कम मुंसिफ, बाढ़, पटना

**स्वत्व वाद सं 71/2025**

नरेश सिंह........ ..... वादी

**वनाम**

शशिकांत कुमार उर्फ पुलपुल एवम अन्य...... .
-प्रतिवादीगण

**नोटिस वनाम**

1. शशिकांत कुमार उर्फ पुलपुल कुमार 2. रविकांत कुमार... दोनों पिता स्व. युगल ठाकुर 3. सीता देवी पति स्व. युगल ठाकुर 4. ममता कुमारी 5. रुकांता कुमारी... दोनों पुत्री स्व. युगल ठाकुर सभी निवासी ग्राम- सबनीमा, थाना- अथमलगोला, जिला- पटना

आपलोगों को सूचित किया जाता है कि वादी ने उपर्युक्त वाद में आपलोगों की उपस्थिति हेतु न्यायालय के दोनों माध्यम से आपलोगों को नोटिस भेजा मगर आपलोगों नोटिस तमिला के वावजूद भी मेरे न्यायालय में उपस्थित नहीं हुए. आपलोगों को इस अदालती सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि आपलोग 12.12.25 को समय 11 बजे दिन में मेरे न्यायालय में असालतन या वकालतन उपस्थित होकर उचित पैरवी करें अन्यथा आपके अनुपस्थिति में उचित आदेश पारित कर दिया जायेगा. आज दि. 26.11.25 को मेरे न्यायालय के मोहर एवम मेरे द्वारा हस्ताक्षरित निर्गत किया जाता है

**न्यायकर्ता कम मुंसिफ, बाढ़**



**पलामू समाहरणालय प्रपत्र VII**
**झारखण्ड सरकार राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अर्जन निदेशालय) या समाहर्त्ता या समुचित सरकार**

**अधिघोषणा (अधिनियम–30/2013 की धारा–19 (1) के अधीन)**

**संख्या :–1176 D भू0अ0,** **पलामू, दिनांक :–28.11.2025**

चूंकि झारखण्ड सरकार/समाहर्त्ता को यह प्रतीत होता है कि सार्वजनिक प्रयोजनार्थ, यथा परियोजना **सलतुआ मोड़ (लोहरसिमी) (MDR–127 पर) करसो–मतौली मोड़ (रंका–रमकण्डा पथ पर) कुल लम्बाई 21.110 कि0मी0) परियोजना निर्माण** हेतु ग्राम– खुरा खुर्द, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 94, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू, में कुल रकबा– 0.2170 एकड़ यानि हे0 0.0878 भूमि अपेक्षित है।

इसलिए अधिघोषणा किया जाता है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू–खंड है, जो मानक माप से कमोवेश 0.2170 एकड़ यानि 0.0878 हेक्टेयर है और जो ग्राम– खुरा कला, थाना– चैनपुर, थाना सं0– 94, अंचल– चैनपुर, जिला– पलामू में है। जिसका विवरण निम्नलिखित है।

**ग्राम–खुरा खुर्द, थाना सं0– 94 कुल रकबा–0.2170 एकड़**

| क्र0 सं0 | खाता सं0 | सर्वे भूखंड सं0 | स्वामित्व का प्रकार | भूमि का प्रकार | अर्जन के अधीन क्षेत्रफल (एकड़ में ) | हितबद्ध व्यक्ति का नाम व पता | सीमा (भूखंड सं0) उ0 | द0 | पू0 | प0 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 10 | 414 | रैयती | धान–II | 0.0050 | लालजी उरांव वो सोना उरईन वो जकु उरांव वो ललु उरांव वो देवा उरांव वो दशरथ उरांव | | | | |
| 2 | 17 | 413 | रैयती | धान–II | 0.0100 | बालमुकुन्द साव वो मेघराज साव वल्द रामलगन साव वो महाबीर साव वो मोहन साव वो भागीरथी साव वल्द किशुन साव | | | | |
| 3 | 17 | 412 | रैयती | धान–III | 0.0120 | बालमुकुन्द साव वो मेघराज साव वल्द रामलगन साव वो महाबीर साव वो मोहन साव वो भागीरथी साव वल्द किशुन साव | | | | |
| 4 | 16 | 411 | रैयती | धान–III | 0.0170 | सरयु प्रसाद पिता बालमुकुन्द साव | | | | |
| 5 | 16 | 403 | रैयती | टाड़–II | 0.0310 | जगदेव उरांव वो रती उरांव पिता बुधु उरांव | | | | |
| 6 | 1 | 401 | रैयती | धान–III | 0.0320 | देवचन्द साव वो पहल साव पिता लालमुनी साव वो बनारसी साव वो कौलेशर साव वो छकौड़ी साव | | | | |
| 7 | 3 | 400 | रैयती | टाड़–II | 0.0170 | रामप्रसाद उरांव वो टुना उरांव | | | | |
| 8 | 8 | 41 | रैयती | टाड़–III | 0.0070 | सुखलाल उरांव वगै0 पिता जगदेव उरांव | | | | |
| 9 | 14 | 584 | रैयती | टाड़–II | 0.0780 | बनारसी साव पिता भगतु साहु | | | | |
| 11 | 6 | 744 | रैयती | टाड़–III | 0.0060 | ठाकुर धारी वो लाल धारी वो रामचन्द्र उरांव पिता परमेशर उरांव | | | | |
| 12 | 7 | 745 | रैयती | टाड़–III | 0.0020 | गोवर्धन ठाकुर वो सुग्रीव ठाकुर वो सुखदेव ठाकुर वो बच्चु ठाकुर पिता स्वरूप ठाकुर | | | | |

यह अधिघोषणा हितबद्ध व्यक्तियों की आपत्तियों के सुनने और अधिनियम सं0–30/2013 की धारा–15 में प्रदत्त यथा उपबंधित सम्यक जांच के पश्चात् किया गया है। भूमि अर्जन के कारण पुनर्व्यवस्थापन के लिए संभावित परिवारों की संख्या जिनके लिए पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित किए गए हैं, जिसका संक्षिप्त विवरण निम्नवत है :–

ग्राम..............×.............. थाना..............×.............. थाना सं0..............×.............. अंचल..............×..............जिला..............×.............. क्षेत्रफल ..............×.............. एकड़.............. ....×.............. यानि..............×............ हे0 जिला भूमि अर्जन पदाधिकारी, पलामू के कार्यालय में किसी कार्य दिवस के दिन भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।

पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन योजना के सार नीचे दिये गये है :–.......×..............................

**जिला भू–अर्जन, कानुनगो पलामू।** **जिला भू–अर्जन पदाधिकारी पलामू।** **अपर समाहर्त्ता पलामू।** **उपायुक्त पलामू।**

PR 367436 (Palamu)25-26*D

# चोरी गए जेवरात व नकदी के साथ छह गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पुलिस ने चोरी के एक ऐसे नेटवर्क को डि-कोड किया है, जो चोरी के बड़े वारदातों को अंजाम दिया करते थे। संगठित अपराध के तौर पर ऐसे अपराधी एक साथ लग्जरी कार पर सवार हो कर पूर्व से चिन्हित घरों में चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया करते थे। घर के दरवाजों को तोड़ने के लिए लोहे के बड़े-बड़े उपकरण साथ में लेकर चलते थे। इनका गैंग सूबे के विभिन्न जिलों में ऐसी घटनाओं को अंजाम दिया करता था। लहेरी थाना क्षेत्र के बड़ी पहाड़ी मोहल्ला निवासी अरुण कुमार चौधरी के घर चोरी की बड़ी वारदात को अंजाम दिया था। अपराधियों द्वारा यहां से करीब 20 लाख रुपए मूल्य के सोना एवं चांदी के आभूषण के साथ 8 आठ लाख नकदी चोरी कर ली थी। मामला पुलिस के संज्ञान में आते हैं इनकी गिरफ्तारी एवं आभूषण नकदी की बरामदगी को लेकर छापेमारी शुरू हो गई। सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में अपर पुलिस अधीक्षक नुरुल हक ने बताया कि अनुसंधान के क्रम में इस घटना में शामिल अपराधियों की पहचान स्थापित की गई। तकनीकी व आसूचना के आधार पर पांच अपराधियों को उसी वाहन में पकड़ा गया जिस वाहन से उन्होंने घटना को अंजाम दिया था। पूछताछ में अपराधियों ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए डेढ़ लाख रुपए नकद चोरी के दौरान मिलने की बात पुलिस को बताई। इस घटना में मुजफ्फरपुर का एक स्वर्ण व्यवसायी भी गिरफ्तार हुआ है। अपर पुलिस अधीक्षक नुरुल हक ने बताया कि इस मामले में मुजफ्फरपुर जिला के मुसहरी थाना के माणिक चौक से ज्वेलरी दुकानदार को पकड़ा गया। जहां से चोरी के आभूषण बरामद कर लिए गए पुलिस ने अपराधियों के पास से 43 हजार कैश भी बरामद किया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़े गए अपराधी पेशेवर हैं एवं पूर्व में जेल जा चुके हैं। गिरफ्तार अपराधियों में जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के उबरे गांव निवासी राम भजन चंद्रवंशी के 30 वर्षीय पुत्र राजकुमार,



पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के सोनारू गांव निवासी भोला पासवान के 25 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार, फतुहा थाना क्षेत्र के सोनारू गांव निवासी रमेश पासवान के 26 वर्षीय पुत्र विशाल कुमार, पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के कल्याणपुर गांव निवासी पप्पू राम के 25 वर्षीय पुत्र विकास कुमार, पटना जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के मढानी गांव निवासी प्रकाश चौधरी के 24 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार, मुजफ्फरपुर जिला के मनियारी थाना क्षेत्र के मनियारी गांव निवासी विनोद शाह के 33 वर्षीय पुत्र प्रेम कुमार सोनी शामिल है। एएसपी ने बताया कि बरामद की गई सामग्री में कुल 84.24 ग्राम गलाया हुआ सोना, 59.3 ग्राम सोने का लॉकेट लगा चेन, 21.83 ग्राम सोने की अंगूठी, गलायी हुई चांदी – 289.77 ग्राम चाँदी का ब्रासलेट – 30 ग्राम, नकद 43,000 रुपये सफारी गाड़ी, पांच स्मार्टफोन, पासबुक एवं एटीएम कार्ड चोरी के उपकरण छेनी, पिलास, हथौड़ी, साबर, पेचकस आदि शामिल है। छापेमारी टीम में लहेरी थानाध्यक्ष रंजीत कुमार रजक, जिला आसूचना इकाई की टीम, पु.नि. साकेत, पुलिस निरीक्षक बिहार अंचल, बिहार थानाध्यक्ष सम्राट दीपक, सोहसराय थानाध्यक्ष मुकेश कुमार, पु.अ.नि. धर्मेन्द्र कुमार, दीपनगर शामिल थे।

## पानी भरे गड्ढे में डूबकर युवक की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के भदवा गांव में पानी भरे गड्ढे में डूबकर 20 वर्षीय युवक विनोद राम की मौत हो गई। अचानक हुई इस त्रासदी से पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है। मृतक विनोद राम, भदवा गांव निवासी सुनील राम का बेटा था। सुबह उसके पिता खेत पटवन के लिए पानी भरे गड्ढे के पास गए थे। इसी दौरान विनोद भी वहां पहुंचा। बताया जाता है कि वह गड्ढे के किनारे खड़ा था तभी उसका पैर अचानक फिसल गया। विनोद को तैरना नहीं आता था, जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल सका और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गई। काफी देर तक वापस न लौटने पर जब ग्रामीण उस ओर गए, तो पानी में विनोद का शव दिखा। सूचना मिलते ही गांव में चीख-पुकार मच गई। घटना की खबर मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे। बेटे का शव देखते ही परिवार का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। गांव के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे हैं।

## संदिग्ध अवस्था में युवक का शव बरामद
## जमीन विवाद में हत्या की आशंका

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के माधो बीघा गांव में रविवार देर रात जमीन विवाद को लेकर एक युवक की हत्या का मामला सामने आया है। मृतक की पहचान 25 वर्षीय राहुल कुमार उर्फ त्रिलोकी कुमार के रूप में हुई है, जो अर्जुन यादव के पुत्र थे। राहुल के शव पर गर्दन और शरीर के कई हिस्सों पर चोट के निशान पाए गए हैं, जिससे हत्या की आशंका और गहरा गई है। मृतक की पत्नी प्रीति कुमारी, जो पांच महीने की गर्भवती हैं उन्होंने रो-रोकर बताया कि पति के हत्या के समय वह अपने मायके नंदलाल बीघा में थीं। गर्भावस्था के चलते उनके पति ने उन्हें कुछ दिनों के लिए मायके भेज दिया था। प्रीति ने कहा कि रविवार रात से राहुल का फोन नहीं लग रहा था और सोमवार सुबह उनकी मौत की खबर मिली।

**पत्नी ने भाई पर लगाया आरोप**

ससुराल पहुंचने पर उन्होंने देखा कि उनके पति की हत्या की गई है। प्रीति कुमारी ने इस वारदात के लिए मृतक के बड़े भाई और परिवार के अन्य सदस्यों पर गंभीर आरोप लगाए हैं।



उन्होंने बताया कि राहुल का बड़ा भाई से लंबे समय से जमीन-जायदाद को लेकर विवाद चल रहा था और कई बार दोनों के बीच मारपीट भी हुई थी। प्रीति का आरोप है कि इसी रंजिश में उनके पति की हत्या कर दी गई। सूचना मिलते ही मुफस्सिल थाना प्रभारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। फॉरेंसिक टीम ने भी घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस ने आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करने की बात कही है। घटना से पूरे गांव में दहशत का माहौल है। पांच माह की गर्भवती पत्नी के रो-रोकर बेहाल होने और आने वाले बच्चे के अनाथ होने की स्थिति ने लोगों को झकझोर दिया है।

# संत जान्स पब्लिक स्कूल परिसर में बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। वारिसलीगंज नगर के मुख्य पथ स्थित संत जान्स पब्लिक स्कूल में छात्र-छात्राओं द्वारा बाल मेला एवं विज्ञान प्रदर्शनी के विभिन्न माडल का आयोजन किया गया जिसमें वर्ग तृतीय से दशम् वर्ग तक के छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ वारिसलीगंज के प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार तथा थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर पंकज कुमार सैनी ने विद्यालय के प्रबंधक व प्राचार्य के साथ संयुक्त रूप से फीता काटकर मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुरूआत किया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार ने छात्रों को संबोधित करते हुए व्यवहारिक ज्ञान और प्रयोगात्मक विज्ञान पर ध्यान केंद्रित करने का आह्वान किया जबकि थानाध्यक्ष पंकज कुमार सैनी ने वैज्ञानिक जगदीशचंद्र बसु का स्मरण



करते हुए विद्यार्थियों को विज्ञान के नए आयामों को छूने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के निदेशक विपिन कुमार ने कहा कि बच्चों का यह प्रयास उनके भविष्य को प्रतिबिंबित करता है। इसमें छात्रों ने खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया है। विद्यालय के निदेशक मंडली तथा शिक्षक ने निरीक्षण कर बच्चों को अंक प्रदान किया। इस दौरान आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक माडल प्रस्तुत किया।इस महोत्सव प्रमुख रूप से लिट्टी-चोखा,पांवभाजी,पानीपुरी,इडली एवं विज्ञान प्रदर्शनी के अंतर्गत ओजस कुमार,शिवम कुमार,सार्थक कुमार आदि के द्वारा प्रदत्त विज्ञान प्रदर्शनी विशेष आकर्षक के केन्द्र में रहा। इनकी प्रदर्शनी में डीएनए थर्ड मॉडल, इनोमीटर, न्यूटन के तरीके से सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ों अभिभाविकाओं ने भाग ली उनमें प्रथम स्थान पर सीमा राउत, द्वितीय निक्की कुमारी एवं तृतीय स्थान पर करिश्मा कुमारी का सराहनीय योगदान रहा। पर्यावरणीय प्रदूषण से मुक्ति का विजन के तहत बच्च्चों की एक टीम स्वच्छता ही सेवा को ध्यान रख कर विद्यालय परिसर में स्टाल के पास यत्र तत्र बिखरे प्लेट आदि को चुन बिन कर कचरे की पेटी में जमा करते देखा गया। वही मेला को आकर्षक बनाने को ले स्कूल के बच्चों द्वारा विभिन्न स्वादिष्ट व्यंजनों का फूड स्टाल लगाया गया। जिसमें टिक्की चाट, ब्रेड पकौड़ा, विभिन्न रंगों एवं स्वादयुक्त गुपचुप, आलू पराठा सहित अन्य सामग्रियों का स्टाल सजा कर शिक्षको, अविभावकों तथा सहपाठियों को खिलाया।

## हाथियों ने किसानों की फसल को पहुंचाई क्षति

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। जमुई जिला के जंगली इलाकों से भटककर शनिवार की देर रात्रि से ही पहुंचे हाथियों का झुंड के आतंक से ग्रामीणों में कोहराम मचा हुआ है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथियों के झुंड ने इलाके में धान एवं तिलहन की काफी फसलों को क्षति पहुंचाई है। वहीं लोग दहशत में जीने को मजबूर हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के पचम्बा गांव निवासी सौखी मांझी के सौरऊर्जा से संचालित बोरिंग पम्प सेट को हाथियों के झुंड ने क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं धमनी, मधुरापुर, पचम्बा, लालपुर आदि गांव के दर्जनों किसानों के धान के बोझे एवं खेत में लगे सरसो की फसल को नष्ट कर दिया। समाचार प्रेषण तक हाथियों के झुंड द्वारा किसी प्रकार की अनहोनी की घटना को अंजाम नहीं दिया गया है।

# बारात से लौट रही बस सीधे डिवाइडर पर चढ़ी, एक की मौत, 32 घायल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। शादी की खुशियां लौटते वक्त मातम में बदल गईं। सोमवार की सुबह एनएच-20 पर कंचनपुर गांव के पास बारातियों से भरी बस अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बस की छत पर बैठे सिदेश्वर प्रसाद हवा में उछलकर करीब 50 फीट दूर जा गिरे। मौके पर ही उनकी मौत हो गई। 32 से अधिक लोग घायल हैं। प्रत्यक्षदर्शियों के बयान हादसे की गंभीरता साफ बताते हैं। बस में सवार एक बाराती ने कहा "ड्राइवर एक हाथ से बस, और दूसरे हाथ से मोबाइल चला रहा था। हमने कई बार टोका लेकिन वह फिर मोबाइल पर बात करने लगता था।" बारात बिहारशरीफ के सोहसराय से



लौट रही थी। बस की रफ्तार लगातार 80–90 के बीच रही। आगे किसी वाहन को देखते ही ड्राइवर ओवरटेक कर जाता। अचानक ब्रेक, चीख की आवाजें और फिर डिवाइडर से जोरदार टक्कर—कुछ ही सेकंड में सबकुछ बदल गया। हादसे के बाद बस के अंदर का नज़ारा किसी मलबे जैसा था। सीटें एक-दूसरे पर चढ़ गईं। महिलाएं और बच्चे चीखते हुए खिड़की से बाहर निकलने की कोशिश करते रहे। घायल शोभा देवी ने बताया पता ही नहीं चला कि क्या हुआ। मेरा पैर आगे वाली सीट के नीचे दब गया। खिड़की तोड़कर किसी तरह बाहर निकाला। मृतक सिदेश्वर प्रसाद, काशीचक थाना क्षेत्र के भैरो विगहा गांव के रहने वाले थे। भतीजी की शादी में शामिल होने बिहारशरीफ आए थे। सुबह घर लौटते वक्त उनकी जिंदगी छिन गई। गांव में खबर पहुंचते ही कोहराम मच गया। दीपनगर थानाध्यक्ष राजमणि कुमार टीम के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे। क्षतिग्रस्त बस को किनारे कराया गया और सभी घायलों को इलाज के लिये पावापुरी मेडिकल कॉलेज भेजा। पुलिस का पहला अनुमान ड्राइवर की लापरवाही और तेज गति हादसे का मुख्य कारण।

# विदाई व सम्मान समारोह में शामिल हुए सांसद व विधायक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय सिकंदरा के प्रधानाध्यापक सह जिलाध्यक्ष, बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ, नवादा दिनेश नाथ पासवान को सेवानिवृत्ति उपरांत विद्यालय प्रांगण में विदाई-सह-सम्मान समारोह आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। समारोह की अध्यक्षता ग्राम पंचायत लोहरपुरा के मुखिया प्रीति आदर्शी तथा मंच संचालन सुरेश प्रसाद सिंह और संजय पासवान ने किया। विद्यालय की ओर से मंच पर उपस्थित सभी अतिथियों को अंग वस्त्र और बुके देकर सम्मानित किया गया। विदाई-सह-सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि सांसद विवेक ठाकुर ने दीप प्रज्वलित कर मंच को सुशोभित किया। उन्होंने सेवानिवृत शिक्षक दिनेश नाथ पासवान को एक कर्तव्यनिष्ठ एवं कुशल शिक्षक बताया। सांसद ने कहा कि शिक्षक कभी रिटायर्ड नहीं होते हैं। वे समाज के धरोहर होते हैं। सेवाकाल में रहते बच्चों को शिक्षा देते हैं वहीं सेवानिवृत्ति के बाद अपने अनुभवों के आधार पर समाज को एक नई दिशा देने का काम करते हैं। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित नवादा विधान सभा क्षेत्र की विधायक विभा देवी ने कहा की सेवानिवृत्ति के बाद शिक्षक की जिम्मेदारी और भी बढ़ जाती है क्योंकि शिक्षक के कंधे पर समाज की मार्गदर्शन की जिम्मेदारी आ जाती है। जिला बीस सूत्री अध्यक्ष अनिल मेहता ने कहा कि दिनेश नाथ पासवान ने अपने सेवाकाल में जिस तरह का बेहतर कार्य किया है वह हमेशा अनुकरणीय रहेगा। बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रदेश कोषाध्यक्ष अयोध्या पासवान ने कहा दिनेश नाथ पासवान को स्वस्थ दीर्घायु बताते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। जिला के शिक्षकों एवं शुभचिंतकों तथा विद्यालय के बच्चों ने दिनेश नाथ पासवान को अंग वस्त्र /भागवत गीता एवं भारतीय संविधान को सप्रेम भेंट कर भावभीनी विदाई दी। श्री पासवान अपने संबोधन में भावुक हो गए जिससे शिक्षक एवं ग्रामीण वहीं अपने आंसू को नहीं रोक सके। कार्यक्रम को बिहार अराजपत्रित प्रारंभिक शिक्षक संघ के प्रदेश महासचिव डॉ0 भोला पासवान, लोजपा (आर) के प्रदेश सचिव प्रो0 विष्णुदेव पासवान, राष्ट्रपति पुरस्कृत शिक्षक अनूप प्रसाद यादव, जिला पार्षद वीना देवी, जिला सचिव आलोक कुमार, शिवकुमार प्रसाद जिला सचिव माध्यमिक शिक्षक संघ नवादा, शशि रंजन बीस सूत्री सदस्य, देव कुमार, रोहित पासवान, गोपाल शरण, विनय प्रभाकर, सिमरन प्रवीण, मो0 तनवीर आलम और मो0 ओसामा अंसारी ने भी संबोधित किया।

# सात दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण शुरू, महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में राजगीर प्रखंड के छबीलापुर गांव में सोमवार से सात दिवसीय सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। हरियाली जीविका महिला स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में जीविका से जुड़ी कुल 25 महिलाएं भाग ले रही हैं। कार्यक्रम के पहले दिन प्रशिक्षकों ने प्रतिभागियों को आधुनिक सिलाई तकनीक, डिजाइनिंग, कटिंग, माप-जोख तथा गुणवत्तापूर्ण उत्पादन की विस्तृत जानकारी दी। आयोजकों के अनुसार प्रशिक्षण का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं को हुनरमंद बनाकर उनके लिए रोजगार के नए अवसर उपलब्ध कराना है। प्रशिक्षण पूरा होने पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे। प्रखंड परियोजना प्रबंधक ने बताया कि यह जीविका की एक महत्वपूर्ण पहल है, जिसका मुख्य लक्ष्य महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद महिलाओं को जीविका से जोड़ते हुए उन्हें सिलाई के कार्य में नियमित रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। कार्यक्रम के तहत प्रशिक्षित महिलाएं बिहार के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों की यूनिफॉर्म तैयार करेंगी। इससे उन्हें स्थायी आय का स्रोत मिलेगा और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। कार्यक्रम में जीविकापार्जन विशेषज्ञ, सीसी, एसी सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सदर अस्पताल में जीविका ने संभाली साफ़-सफाई की कमान
## जिला पदाधिकारी के निर्देश पर आज से कार्य प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। जिला पदाधिकारी, नवादा रवि प्रकाश द्वारा 19 नवम्बर 2025 को किए गए औचक निरीक्षण के क्रम में दिए गए निर्देशों के अनुपालन में आज से सदर अस्पताल, नवादा में जीविका द्वारा सफ़ाई कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ कर दिया गया है।

जिला पदाधिकारी द्वारा निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर में जलजमाव, कचरे के जमाव, बायो-मेडिकल वेस्ट के प्रबंधन, वार्डों की साफ़-सफाई तथा शौचालयों की साफ-सफाई की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई थी। उन्होंने तत्काल प्रभाव से व्यवस्था सुधारने का निर्देश दिया था। इसी क्रम में गगन जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की जीविका दीदियों ने साफ-सफाई का कार्य संभाल ली है।।



कुल 33 जीविका दीदियां मिलकर प्रतिदिन तीन शिफ्ट में आज से अस्पताल परिसर, विभिन्न वार्डों, फैब्रिकेटेड वार्ड, इमरजेंसी तथा शौचालयों में नियमित साफ़-सफाई का कार्य करेंगी। अस्पताल परिसर में बायो-मेडिकल वेस्ट के सुरक्षित निस्तारण, परिसर की नियमित सफाई, जलजमाव हटाने की प्रक्रिया और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने पर जीविका टीम को विशेष निर्देश दिए गए हैं। जीविका के आगमन से अस्पताल में साफ़-सफाई व्यवस्था में तेजी आई है तथा सभी वार्डों में साफ-सफाई एवं स्वच्छ वातावरण बनाए रखने की प्रक्रिया सतत रूप से जारी है। जिला पदाधिकारी ने कहा है कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है। अस्पताल में स्वच्छता, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं और सुरक्षित वातावरण सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव 3 से शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। नालंदा जिले में कला, साहित्य और विज्ञान से जुड़ी युवा प्रतिभाओं के लिए बड़ा मंच तैयार है। जिला युवा उत्सव 2025-26 का 29वां संस्करण 3 और 4 दिसंबर को बिहारशरीफ स्थित टाउन हॉल में आयोजित किया जाएगा। दो दिनों तक चलने वाले इस समारोह में जिलेभर के युवा अपने हुनर का प्रदर्शन करेंगे। जिला कला संस्कृति कार्यालय के अनुसार प्रतिभागियों की रिपोर्टिंग सुबह 8 बजे से होगी, जबकि उद्घाटन समारोह सुबह 10 बजे आयोजित होगा। इस वर्ष कुल 7 विधाओं में प्रतिस्पर्धाएं होंगी— पहला दिन – 3 दिसंबर समूह लोक नृत्य, समूह लोकगीत वक्तृता (भाषण) होगा। दूसरा दिन – 4 दिसंबर कहानी लेखन, कविता लेखन, चित्रकारी, विज्ञान मेला, चित्रकला का विशेष विषय 'नशा मुक्त युवा' या 'स्वस्थ जीवन शैली हेतु युवा' होगा। यह विषय वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए चुना गया है।

# खुरहा-मुंहपका बीमारी को लेकर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान पटना की टीम पहुंची लोहरा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ**। पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान पटना के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम सोमवार को हरनौत के लोहरा गांव पहुंची थी। ज्ञात हो कि इस गांव में खुरहा-मुंहपका बीमारी का प्रकोप को लेकर प्रखंड से लेकर जिले के टीम अलर्ट हैं। क्योंकि पशुपालकों की मानें तो अबतक 12 से अधिक मवेशियों की मौत हो चुकी है जबकि, 25 से अधिक जानवर पीड़ित हुई थी हालांकि पशुपालन विभाग की मेडिकल टीम सभी का उपचार कर चुके हैं। वहीं कल्याण बिगहा पशु अस्पताल के भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ रघुनंदन कुमार ने बताया कि जिला पशुपालन पदाधिकारी के अनुरोध पर पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन संस्थान पटना के विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम लोहरा पहुंची थी। टीम में शोघ पदाधिकारी डॉ मिथिलेश कुमार, शोध पदाधिकारी डॉ विजय कुमार व कनिय सहायक शोध पदाधिकारी डॉ शिव शंकर कुमार शामिल थे। उन्होंने बताया कि खुरपका मुंहपका रोग सदृश बिमारी से आक्रांत पशुओं का 24 नमूना टीम द्वारा ली गई ।इस नमूना को शोध के लिए राष्ट्रीय खुरपका मुंहपका संस्थान भुवनेश्वर भेजा जाएगा ताकि बिमारी की विस्तृत जानकारी मिल सके। साथ ही साथ विशेषज्ञ पशु चिकित्सकों की टीम के द्वारा गांव के पशुपालकों को बीमारी से बचाव एवं कीमती पशुओं के रखरखाव की जानकारी दी गई। पशुपालकों को सलाह दिया गया कि पशु के अस्वस्थ होने की स्थिति में अपने स्थानीय पशु चिकित्सालय के सरकारी पशु चिकित्सक से ही इलाज करवाए ताकि जल्द उपचार हो सके।

# दो हजार लीटर शराब का किया गया विनष्टीकरण
## सीओ गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष राजेश कुमार की मौजूदगी में हुई कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रजौली**। बिहार में शराबबंदी कानून को और प्रभावी ढंग से लागू करने के उद्देश्य से, रजौली थाना परिसर में पुलिस द्वारा जब्त की गई भारी मात्रा में अवैध शराब को आज नष्ट कर दिया गया। यह महत्वपूर्ण कार्रवाई दंडाधिकारी के रूप में प्रभारी नगर पंचायत पदाधिकारी सह सीओ गुफरान मजहरी और थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार की उपस्थिति में संपन्न हुई।थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के विभिन्न कांडों में पकड़ी गई अवैध शराब को लेकर की गई है। न्यायालय के आदेश के बाद कुल 2123 लीटर से अधिक शराब को विनष्ट किया गया, जिसमें 2098.5 लीटर देशी महुआ शराब और 24.5 लीटर विदेशी शराब शामिल थी। नष्ट की गई शराब की कुल मात्रा 2100 लीटर से अधिक है, जिसकी अनुमानित कीमत बाजार में लाखों रूपयों से ज्यादा हो सकती है। सीओ गुफरान मजहरी ने आगे जानकारी दी कि यह शराब 13 सितंबर 2025 से लेकर 24 अक्टूबर 2025 तक रजौली थाना कांड संख्या 503/25 से लेकर 581/25 तक जैसे विभिन्न एफआईआर के तहत अलग-अलग समय पर जब्त की गई थी।पूरी विनष्टीकरण प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी कराई गई है ताकि पारदर्शिता बनी रहे। इस कार्रवाई के माध्यम से पुलिस ने अवैध शराब के धंधे में शामिल लोगों को एक कड़ा संदेश दिया है कि कानून का उल्लंघन करने वालों पर लगातार सख्ती जारी रहेगी। विनष्टीकरण की सूचना पुलिस अधीक्षक महोदय नवादा सहित संबंधित उच्च अधिकारियों को दी गई है।

# नवादा : जिला स्तरीय युवा उत्सव का भव्य शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**नवादा**। कला, संस्कृति एवं युवा विभाग, बिहार एवं जिला प्रशासन, नवादा के संयुक्त तत्वावधान में 29वां जिला स्तरीय युवा उत्सव, 2025 का आज उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश के निर्देश के आलोक में इस कार्यक्रम का उद्घाटन जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पांडेय, वरीय उपसमाहर्ता अमरनाथ कुमार, कला एवं संस्कृति पदाधिकारी प्रतिभा कुमारी एवं जिला कार्यक्रम पदाधिकारी वर्षा आलोक द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। युवा उत्सव का आयोजन 01 एवं 02 दिसम्बर 2025 को नगर भवन,




नवादा तथा खेल भवन, हरिशचंद्र स्टेडियम, नवादा में प्रातः 11:00 बजे से अपराह्न 05:00 बजे तक किया जा रहा है। नगर भवन, नवादा में समूह लोक गायन, समूह लोक नृत्य एवं वक्तृता (भाषण) की प्रतियोगिताएं संपन्न कराई जा रही हैं, जबकि खेल भवन, हरिशचंद्र स्टेडियम, नवादा में चित्रकला, कहानी लेखन एवं कविता लेखन की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। आज आयोजित विभिन्न विधाओं में कुल 66 प्रतिभागियों ने भाग लिया, निर्णायक मंडल द्वारा सभी प्रतियोगिताओं के परिणामों की घोषणा कल की जाएगी।

# बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण आज

**पकरीबरावां/नबिटा सं**। पकरीबरावां प्रखंड की डुमरावां पंचायत के खपुरा गांव में 2 दिसंबर को बच्चों के बीच पठन समाग्री एवं गरीब- निसहायों के बीच वस्त्र का वितरण किया जाएगा। डुमरावां पंचायत के दिवंगत मुखिया यदुनंदन शर्मा की पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आयोजित की जाएगी। उनके पुत्रों डॉ. अरविंद कुमार शाही, मुकेश कुमार एवं राजेश कुमार ने बताया कि कार्यक्रम में अतिथियों, पत्रकारों एवं शिक्षाविदों को सम्मानित भी किया जाएगा। बताया गया कि इस अवसर पर पूजा पाठ, धार्मिक भजन, वारसी भजन आदि का भी आयोजन किया गया है।

## मारपीट का आरोपित गिरफ्तार

**पकरीबरावां**। पकरीबरावां पुलिस ने थाना क्षेत्र के राजेबीघा गांव के भगवान यादव को गिरफ्तार किया है। बताया गया कि वह शराब के नशे में पत्नी के साथ मारपीट कर रहा था। उसकी पत्नी ने इस संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई है। गिरफ्तार व्यक्ति को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# भूमि विवाद में पति की हत्या

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल**। जिले के कौआकोल प्रखंड अंतर्गत लालपुर गांव में जमीन विवाद को लेकर एक बुजुर्ग की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। इस घटना में उनकी पत्नी समेत दो अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं। पुलिस ने मामले की प्रारम्भिक जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान कौआकोल थाना क्षेत्र के लालपुर गांव निवासी लगभग 75 वर्षीय लखन साव के रूप में हुई है जबकि उनकी पत्नी विमली देवी और चचेरे भाई ब्रहमदेव साव गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में




भर्ती कराया गया जहां से बेहतर इलाज हेतु नवादा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जहां घायलों का इलाज चल रहा है। मृतक के पुत्र अशोक साव ने बताया कि उनके परिवार का पड़ोसी परिवार व गोतिया से जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। उन्होंने आरोप लगाया कि पड़ोसी उनके जमीन पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे थे,जिसका विरोध करने पर मारपीट की घटना हुई। अशोक साव के अनुसार, उनके पिता की इलाज के दौरान मौत हो गई। वहीं कौआकोल के प्रभारी थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि मृतक के परिजनों से प्राप्त आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और आगे की जांच तथा आवश्यक कार्रवाई में पुलिस जुट गई है।

# डॉ. प्रेम कुमार ने किया कई विकास योजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** गया टाउन विधानसभा क्षेत्र में सोमवार को कई विकासात्मक एवं जनहितकारी योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया गया। इन योजनाओं से सड़क, नाली, सामुदायिक भवन, खेल सुविधाएं और शैक्षणिक आधारभूत संरचना को सुदृढ़ करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। कार्यक्रम के दौरान बिहार भाजपा के वरिष्ठ नेता सह गया टाउन विधायक डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजना तथा विभिन्न विभागीय मदों से प्राप्त राशि का उपयोग पूरी पारदर्शिता और गति के साथ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि गया टाउन क्षेत्र के सभी वार्डों में चरणबद्ध तरीके से विकास कार्य जारी रहेंगे और नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होती रहेंगी। सोमवार को जिन योजनाओं का शिलान्यास और शुभारंभ किया गया, उनमें शामिल हैं – वार्ड संख्या 15 तेलबीघा में सामुदायिक भवन के जीर्णोद्धार का कार्य जिसकी कुल लागत 7 लाख है। वार्ड संख्या 01 खरखुरा में सामुदायिक भवन की चहारदीवारी निर्माण कार्य जिसकी लागत 4 लाख 72 हजार है। वार्ड संख्या 30 भटबीघा में पथ एवं नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत 7 लाख है। वार्ड संख्या 31 में आंबेडकर छात्रावास के पीछे सामुदायिक भवन निर्माण कार्य जिसकी कुल लागत 11 लाख 30 हजार है। वार्ड संख्या 45 बाईपास दंडीबाग के पास पथ एवं नाली निर्माण कार्य जिसकी लागत 5 लाख 87 हजार है। इसके अलावा वर्धा हाई स्कूल में बिहार राज्य शैक्षणिक आधारभूत संरचना निगम द्वारा अतिरिक्त कमरे के निर्माण कार्य का शिलान्यास 44 लाख की लागत से किया गया। वहीं गांधी मैदान इंडोर स्टेडियम में मुख्यमंत्री शहरी समग्र विकास योजना अंतर्गत बैडमिंटन कोर्ट के सौंदर्यीकरण कार्य की शुरुआत 1 करोड़ 57 लाख की लागत से हुई। डॉ प्रेम कुमार ने कहा कि इन विकास कार्यों के पूरा होने से सामुदायिक सुविधाओं में सुधार होगा और खेल तथा शिक्षा के क्षेत्र में संसाधनों का विस्तार होगा जिससे आम जनता को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। उन्होंने इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों और स्थानीय लोगों के सहयोग के लिए धन्यवाद भी दिया। कार्यक्रम में प्रेम सागर, सुनील सिन्हा, शंभू यादव, राजन सीजुआर, जितेंद्र कुमार, सागर सचदेवा, मोती करीम, राजेश मस्तान, श्रवण विश्वकर्मा, लक्ष्मण पाण्डेय, मनीष कुमार सिंह, नंदू प्रजापति, अनिल कुमार, संजय वर्मा, देवानंद पासवान, निर्मला देवी, बंटी वर्मा, धर्मेंद्र प्रसाद, अजय पासवान और हरि यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# दो अलग-अलग वाहनों से अवैध शराब बरामद, पांच तस्कर गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**डोभी/गयाजी।** समेकित जांच चौकी, डोभी की पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए दो अलग-अलग वाहनों से कुल पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों मामलों में कुल 210.750 लीटर अवैध शराब बीयर व विदेशी शराब जब्त की गई है। पहली कार्रवाई में पुलिस ने उजला रंग के चार पहिया वाहन को जांच के दौरान रोककर तलाशी ली जिसमें 120 लीटर अवैध बीयर बरामद हुई। वाहन से तीन युवक गिरफ्तार किए गए। गिरफ्तार युवक की पहचान अमित कुमार, पिता रामविलास चौधरी, ग्राम करियादपुर, थाना फतेहपुर, जिला-गया उम्र 20 वर्ष, प्रभंजन कुमार, पिता-भोला यादव, ग्राम गणेशचक, थाना-मोहनपुर, जिला-गया उम्र-19 वर्ष, रंजन कुमार, पिता-अनिल यादव, ग्राम गणेशचक, थाना-मोहनपुर, जिला-गया उम्र-20 वर्ष दूसरी कार्रवाई में मारुति सुजुकी कार जिसमें 90.750 लीटर अवैध विदेशी शराब बरामद हुई। इस वाहन से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान अमित कुमार, पिता दीपक कुमार, ग्राम हंसाखिड़, थाना-मसौढ़ी, जिला-पटना उम्र-21 वर्ष, अभिषेक कुमार, पिता-दिनेश प्रसाद, ग्राम-मनियाक, थाना-मसौढ़ी, जिला-पटना, उम्र 32 वर्ष है। पुलिस के अनुसार दोनों मामलों में गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है तथा अनुसंधान उपरांत आरोप पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। पुलिस की इन लगातार सफल कार्रवाई से क्षेत्र में शराब तस्करों के नेटवर्क पर बड़ा प्रहार माना जा रहा है।

# चोरों ने की बंद घर से लाखों के जेवर समेत सामान की चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** आंती थाना क्षेत्र के काबर टोला स्थित धरमपुर गांव में रविवार की रात चोरों ने ताला बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपए के जेवर, बर्तन और कपड़े की चोरी कर ली। पीड़ित सुभाष कुमार यादव, पिता स्व. राजदेव यादव ने सोमवार दोपहर 12 बजे आंती थाना में आवेदन देकर घटना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चोरों ने घर के मुख्य दरवाजे का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया और सभी कमरों के ताले भी तोड़ दिए। घर में रखे दो गोदरेज का लॉक तोड़कर उसमें रखे कीमती सामान और जेवरात उड़ा लिए। चोरी गए सामान की कुल कीमत लाखों रुपए में आंकी जा रही है। बताया जाता है कि पीड़ित अपने पूरे परिवार के साथ गया में रहते हैं जिसका फायदा उठाकर चोरों ने घटना को अंजाम दिया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है। जांच पड़ताल जारी है।

# ऑटो चलाकर विधानसभा पहुंचे राजद विधायक अजय दांगी

## शपथ लेकर कहा 'लोकतंत्र में राजा हो या फकीर, सब समान'

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**कोंच/टिकारी।** बिहार विधानमंडल के शीतकालीन सत्र के पहले दिन सोमवार को विधानसभा परिसर में एक अनोखा दृश्य देखने को मिला जहां अधिकतर विधायक सुरक्षा काफिलों और लग्जरी वाहनों से सदन पहुंचे, वहीं टिकारी विधानसभा क्षेत्र के नवनिर्वाचित राजद विधायक अजय कुमार दांगी ऑटो चलाते हुए विधानसभा पहुंचे। उनकी सादगी और सरलता ने सभी का ध्यान अपनी ओर खींच लिया। सुरक्षा कारणों से विधानसभा परिसर के मुख्य द्वार से आगे ऑटो ले जाने की अनुमति नहीं दी गई जिसके बाद वे पैदल ही सदन की ओर बढ़े। अजय दांगी ने 231 टिकारी विधानसभा क्षेत्र से नवनिर्वाचित सदस्य के रूप में शपथ ली और अपने संवैधानिक कर्तव्यों तथा उत्तरदायित्वों को ईमानदारी से निभाने का संकल्प जताया। पूछे जाने पर उन्होंने कहा मैं दिल्ली में ऑटो चालक था। तेजस्वी यादव ने एक ऑटो चालक पर भरोसा किया और जनता ने मुझे विधानसभा भेजा है। लोकतंत्र में राजा हो या फकीर, सभी बराबर होते हैं।

# शेरघाटी में चिताब-खांडेल मार्ग पर बाइक की टक्कर से तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शेरघाटी।** थाना क्षेत्र के चिताब एवं खांडेल गांव के निकट रविवार को हुए एक सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मानें तो घटना उस समय हुई जब दो मोटरसाइकिलों की आमने-सामने टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों बाइक पर सवार सभी तीन युवक सड़क पर गिरकर घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायलों को तत्काल शेरघाटी अस्पताल पहुंचाया। घायलों की पहचान परैयाढंगड़वा निवासी रामजी यादव तथा अजीत कुमार के रूप में की गई है। दोनों युवक अपने निजी कार्य से कहीं जा रहे थे, तभी सामने से आ रही दूसरी बाइक से उनकी टक्कर हो गई। वहीं इस हादसे में तीसरा घायल संजीव कुमार है जो आंती थाना क्षेत्र का निवासी बताया जा रहा है। तीनों घायलों को अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। अस्पताल सूत्रों के अनुसार घायलों को हाथ-पैर और सिर में चोटें आई थीं, लेकिन हालत खतरे से बाहर बताई गई। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सभी को घर भेज दिया है। हादसे की जानकारी मिलने पर शेरघाटी पुलिस भी अस्पताल पहुंची और घायलों से घटना के संबंध में जानकारी ली। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने बताया कि घायलों को इलाज के बाद घर भेज दिया गया। वहीं दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस मार्ग पर तेज रफ्तार और सड़क की संकीर्णता के कारण आए दिन हादसे होते रहते हैं।

# सरपंच की पहल पर प्रेमी-प्रेमिका की शादी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**गुरारू।** सोमवार को देवकली पंचायत के सरपंच अखिलेश चंद के पहल पर प्रेमी -प्रेमिका ने मथुरापुर-डिहा रोड स्थित मधु बाबा मंदिर में परिजनों की उपस्थिति में रचायी शादी। गौरतलब है कि देवकली गांव निवासी सूरज कुमार पिता महेश चंद्रवंशी कोंच थानांतर्गत ग्राम-सियाडीह की चुनचुन कुमारी पिता सुदामा प्रसाद चंद्रवंशी से वर्षों से प्यार करता था। बाद में परिजनों को पता चलने पर सूरज कुमार शादी से इंकार करने लगा, परन्तु सरपंच अखिलेश चंद के पहल करने और समझाने-बुझाने पर लड़का-लडकी सहित दोनों पक्ष के परिजन शादी को सहमत हो गए और पुराने प्रेमी -प्रेमिका का शादी मधु बाबा मंदिर में करवा दिया गया। ज्ञात हो कि चुनमुन कुमारी की बड़ी बहन की शादी पूर्व से ही देवकली गांव में है और लड़की बहन घर आया जाया करती थी जो दोनों के संपर्क का आधार बना।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति को वाहन ने कुचला, मौके पर मौत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी।** पटना फोरलेन पर बोधगया थाना क्षेत्र के पश्चिमी नावां गांव के समीप दुर्घटना में एक व्यक्ति की मौत हो गई।

## शपथ पत्र

मैं संजय कुमार सुमन पिता इन्द्रदेव यादव ग्राम कुंवर विगहा पोस्ट-पांती, थाना-रफीगंज, जिला-औरंगाबाद (बिहार) शपथपूर्वक बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पत्ते का स्थायी निवासी हूं।

मेरा इंडियन बैंक शाखा सिंहुली रफीगंज में खाता सं. 591734390 में मेरा नाम संजय कुमार (Sanjay Kumar) है। मेरा नाम आधार कार्ड, पैन कार्ड एवं अन्य जगह पर मेरा नाम संजय कुमार सुमन पिता इन्द्रदेव यादव (Sanja Kumar suman S/O Indradev Yadav) तथा जन्म तिथि 01/01/1988 है।

मेरा गांव मुहल्ला में उपरोक्त दोनों नाम मेरे सिवा किसी अन्य का नहीं है। मैं यह शपथ पत्र अपने बैंक खाता में आधार कार्ड एवं पैन कार्ड के अनुसार नाम एवं जन्म तिथि सुधारने हेतु कर रहा हूं। मैं पुनः घोषणा करता हूं कि शपथ पत्र में वर्णित सारी बातें मेरी व्यक्तिगत जानकारी में सही व सत्य है।

शपथ पत्र सं. 13858 दिनांक 3.10.25

**शपथकर्ता**
**संजय कुमार सुमन**

## पूर्व रेलवे

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा (सीनि. डीईएन/I/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के लिए) नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं। **क्रमांक एवं एनआईटी सं.; कार्य का विवरण; अनुमानित लागत; बयाना राशि:** (1) 175_2025-26, दिनांक 27.11.2025; सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधीन एईएन/बैण्डेल के अधिकार क्षेत्र के अधीन मेमारी, पांडुआ, बैण्डेल में ट्रैक मशीन साइडिंग (ईआई)-3 अदद का प्रावधान; रु.2,11,77,262.23; रु. 2,55,900; (2) 176_2025-26, दिनांक 27.11.2025; हावड़ा मंडल - सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में एईएन/लिलुआ के अधीन सेवड़ाफुली, आरामबाग एवं गोघाट में ट्रैक मशीन साइडिंग (पीआई)-3 अदद तथा नालीकुल एवं तारकेश्वर में ईआई-02 अदद तथा एईएन/ट्रैक के अधीन हावड़ा में 01 का प्रावधान; रु. 4,15,51,005.60; रु. 3,57,800; (3) 177_2025-26, दिनांक 27.11.2025; सीनि. डीईएन/1/हावड़ा के अनुभाग के अधीन सैंड हम्प का सुधार एवं अन्य आनुषंगिक कार्य; रु. 82,99,100.95; रु. 1,66,000; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य (प्रत्येक के लिए)। **समापन अवधि:** आठ (08) महीने (क्रमांक 1 के लिए), बारह (12) महीने (क्रमांक 2 के लिए) एवं छह(06) महीने (क्रमांक 3 के लिए)। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 15.12.2025 को अपराह्न 2.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-426/2025-26)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# शेरघाटी थाना मोड़ पर लगा भीषण जाम, घंटों ठप रहा आवागमन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**शेरघाटी।** थाना मोड़ के पास सोमवार को शेरघाटी-चेरकी रोड पर वाहनों की लंबी कतार लग गई जिससे पूरे क्षेत्र में आवागमन पूरी तरह बाधित हो गया। जाम इतना भीषण था कि प्रखंड कार्यालय की ओर जाने वाले राहगीरों, वाहनों और स्थानीय लोगों को घंटों तक सड़क पर फंसे रहना पड़ा। सुबह से शुरू हुआ जाम दोपहर तक बना रहा जिससे छोटी-बड़ी सभी गाड़ियां रेंग-रेंगकर आगे बढ़ती रहीं। स्थानीय लोगों के अनुसार थाना मोड़ पर रोजाना जाम लगना आम बात हो गई है। सड़क के सकरे होने, अनियमित पार्किंग और बढ़ते यातायात दबाव के कारण स्थिति अक्सर बेकाबू हो जाती है। सोमवार को भी स्कूल-कॉलेज जाने वाले कई छात्र जाम में फंस गए जिससे वे समय पर अपनी कक्षाओं तक नहीं पहुंच सके। वहीं, कार्यालय जाने वाले कर्मचारियों और व्यापारियों को भी भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। कई मरीजों को अस्पताल पहुंचने में देर हो गई जिससे लोगों में आक्रोश देखा गया। जाम हटाने के लिए पुलिस टीम को घंटों मशक्कत करनी पड़ी। जवानों ने सड़क पर खड़े वाहनों को हटवाया, ट्रैफिक को एक दिशा में नियंत्रित किया और धीरे-धीरे स्थिति को सामान्य बनाया। भीषण जाम के कारण लोगों में नाराजगी साफ झलक रही थी। राहगीरों ने बताया कि यदि प्रशासन ठोस कदम नहीं उठाएगा तो आने वाले दिनों में स्थिति और भयावह हो सकती है। थानाध्यक्ष मोहन कुमार ने कहा कि जाम की समस्या से लोगों को निजात दिलाने के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने बताया कि नियमित रूप से पुलिस बल की तैनाती कर ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त किया जाएगा। साथ ही अनियमित रूप से खड़े वाहनों पर कार्रवाई भी की जाएगी। प्रशासन की इस पहल से उम्मीद जताई जा रही है कि आने वाले दिनों में शेरघाटी थाना मोड़ पर जाम की समस्या में कमी आएगी।

# अतिक्रमण हटाओ अभियान बेअसर, डिवाइडर न हटने से नागरिकों में नाराजगी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** शहर में शनिवार को जिला अधिकारी के नेतृत्व में और नगर विधायक डॉ प्रेम कुमार के निर्देश पर चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान का असर सिर्फ कुछ घंटों तक ही देखने को मिला। रविवार और सोमवार को स्थिति फिर पहले जैसी हो गई। पुलिस या नगर निगम की टीम आते ही ठेले हट जाते हैं, लेकिन उनके जाने के बाद दोबारा वही दुकानें और ठेले लग जाते हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह अभियान सिर्फ दिखावटी साबित हो रहा है और स्थायी समाधान अभी तक सामने नहीं आया। डालमिया बाजार रोड, चुड़ी गली समेत कई हिस्सों में अतिक्रमण के कारण पैदल चलना मुश्किल है। महिलाओं ने विशेष रूप से डिवाइडर हटाने की मांग की है। उनका कहना है कि डिवाइडर के कारण सड़क संकरी पड़ गई है जिससे ठेलों की भीड़ और भगदड़ की स्थिति में महिलाओं और छात्राओं को गंभीर असुविधा होती है। कई बार आगे-पीछे से ठेले वालों की तेजी से खींचतान में दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। लोगों ने कहा कि यदि डिवाइडर नहीं हटाया गया और अतिक्रमण पर सख्त व नियमित कार्रवाई नहीं हुई तो हालात में सुधार की उम्मीद बेकार है। नागरिकों ने जिला प्रशासन और नगर विधायक से मांग की है कि ठोस कार्रवाई कर बाजार क्षेत्र को स्थायी रूप से अतिक्रमण मुक्त किया जाए, ताकि आम जनजीवन बाधित न हो।

# नाली निर्माण पर रोक की मांग, अतिक्रमण हटाने को लेकर ग्रामीणों ने दिया आवेदन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड स्थित उतरेंन गांव में सरकारी मद से नाली निर्माण कार्य शुरू किया जा रहा है, लेकिन गांव के निवासी जितेंद्र कुमार मिश्रा ने सोमवार को अंचल अधिकारी को आवेदन देकर आग्रह किया है कि निर्माण कार्य शुरू करने से पहले सड़क किनारे किए गए अतिक्रमण को हटाया जाए। उन्होंने बताया कि कुछ दबंग प्रवृत्ति के लोगों द्वारा सड़क के किनारे अतिक्रमण कर लिया गया है जिसके कारण नाली निर्माण सही स्थान पर नहीं हो पा रहा है। इससे न केवल मार्ग संकीर्ण हो रहा है, बल्कि सरकारी राशि के दुरुपयोग की आशंका भी उत्पन्न हो गई है। ग्रामीण ने प्रशासन से मांग की है कि पहले अतिक्रमण हटाया जाए, उसके बाद ही नाली निर्माण किया जाए।

# मानवाधिकार एसोसिएशन नई दिल्ली की जिला इकाई की अहम बैठक

**सासाराम।** जिलाध्यक्ष इंजीनियर नवीन सिन्हा की अध्यक्षता में भारतीय मानवाधिकार एसोसिएशन नई दिल्ली के जिला रोहतास के कार्यालय में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन के सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता दर्ज की। पिछले दो महीनों से बिहार में आम चुनाव, आचार संहिता एवं शादी-विवाह के मौसम के कारण संगठन की गतिविधियों में स्वाभाविक रूप से कुछ मंदी रही।

## कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम।

ज्ञापांक ................ दिनांक ........................

**इच्छा की अभिव्यक्ति Expression of Interest (EOI) 27 / 2025–26 (3rd Call)**

मेदिनीनगर नगर निगम अन्तर्गत बड़ा तालाब (अम्बेडकर पार्क) में STP (1 MLD) योजना का निर्माण किया जाना है। उक्त योजना का BOQ राशि मो0 3,41,21,134/- रू0 है। PMC को 1% की राशि भुगतेय की जाएगी। जिसमें योजना का कार्य कराने हेतु PMC विशेषज्ञ की जरूरत है। इच्छुक PMC दिनांक 08.12.2025 को 1:00 बजे अपराह्न तक कोटेशन के साथ सभी कागजातों (ITR, GST, अनुभव इत्यादि) सहित बन्द लिफाफे में अपना कोटेशन (PMC के दर) जमा कर सकते है। कोटेशन दिनांक 08.12.2025 दिन 3:00 बजे अपराह्न में नगर निगम कार्यालय के procurement समिति के समक्ष खोली जाएगी। कोटेशन समर्पित करने वाले कोटेशनदाता अथवा उनके द्वारा प्राधिकृत प्रतिनिधि कोटेशन खोलने के समय तकनीकी विशेषज्ञ के साथ उपस्थित रहेगें। निविदा एवं शर्तें कार्यालय अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

ह0 / –
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 367470 District(25-26)D

## बिहार सरकार

**योजना एवं विकास विभाग**
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन, कार्य प्रमण्डल, औरंगाबाद
निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 13 / 2025–26
(केवल ई–टेन्डर पद्धति के अनुसार वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
1.कार्यों की विवरणी (योजना / शीर्ष / मद का नाम) : – **कब्रिस्तान घेराबन्दी योजना।**

| ग्रुप संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (लाख में) | अग्रधन की राशि (रूपये में) | परिमाण – विपत्र का मूल्य (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | बीड प्रोसेसिंग शुल्क (केवल ऑनलाइन मोड में भुगतान किया जाना है) (अप्रत्यर्पणीय) (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 | 06 | 07 |
| 1 | रफीगंज प्रखण्ड अन्तर्गत पंचायत सिहुली ग्राम नईकी में कब्रिस्तान धेराबन्दी का निर्माण कार्य। | 49.46 | 99,000.00 | 5,000.00 | e-proc-02 वेब पेज के अनुसार | 6 माह |
| | कुल योग :– | **49.46** | | | | |

2. विज्ञापन निर्गत करने की तिथि : दिनांक – 27.11.2025
3. परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि एवं समय : दिनांक 13.12.2025 को 10.00 बजे पूर्वाहन से। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
4. निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय : दिनांक 18.12.2025 समय 3.00 बजे अपराह्न । (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर)
5. तकनीकी बीड खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 18.12.2025 समय 3.30 बजे अपराह्न (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
6. वित्तीय बीड खोलने की तिथि एवं समय : सक्षम पदाधिकारी द्वारा बाद में सूचित किया जायेगा। (सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर )
7. निविदा खोलने का स्थान : सिर्फ वेबसाईट www.eproc2.bihar.gov.in पर
8. निविदा की वैधता अवधि : 120 दिन

**कार्यपालक अभियंता**
**स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन,**
**कार्य प्रमंडल, औरंगाबाद**

**PR. No. 018509 (Planning) 2025-26**

विस्तृत जानकारी **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

**रक्त की आवश्यकता पड़ने पर लाईसेंस प्राप्त ब्लड बैंकों से ही रक्त प्राप्त करें।**

## जाहीर नोटिस

**रायगड अलिबाग के मे. कामगार न्यायालय और नुकसान भरपाई आयुक्त के कोर्ट में**

डब्ल्यू.सी.नं. 32/ए-11/2025

1. श्रीमती चांदनी देवी, पत्नी,
   वय 29 वर्ष, धंधा घरकाम,
2. कु. सुहानी कुमारी
   वय 6 वर्षे, धंधा-पढ़ाई,
3. श्रीमती सुमीता देवी, मां
   रहनेवाले मुल गाव गौरा, पो. निमा अंजन, मदनपुर
   जिला-औरंगाबाद, बिहार 824208 ... अर्जदार

**बनाम**

1. दि व्यवस्थापक, ऑपकॉन इन्फ्रास्टकचर लि.
   एमपीइडब्ल्यु, लि. प्रोजेक्ट, प्लॉट नं. 4/7ए,
   ता-खालापुर, जि. रायगड ...सामनेवाला

प्रस्तुत अर्जी करनेवाले ये सब कै. सुधीर ठाकुर के वारीस है। कै. सुधीर ठाकुर का तारीख 08/08/2025 को सामनेवाला के यहां काम करते समय अपघाती निधन हुआ है।

जबकि कै. सुधीर ठाकुर का सामनेवाले के यहां काम करते समय अपघाती निधन हुआ है। सामनेवाले कंपनी ने रु. 15.59,850/- (पंद्रह लाख उनसठ हजार आठ सौ पचास रूपये सिर्फ) सी.नं. 12/2025-26, मे रायगड अलिबाग के कमीशनर साहब के ऑफिस में वर्क्समेन कॉम्पेनसेशन के हिसाब से जमा किये हैं जबकि अर्जी करनेवाले सब लोग कै. सुधीर ठाकुर के वारीस हैं और अर्जी करनेवालों ने इस कोर्ट में यह रकम मिलने के लिए अर्जी की है।

ये पब्लिक नोटिस से आम जनता को ये सूचित किया जाता है कि अगर ये अर्जी करनेवालों के अलावा और कोई व्यक्ति कै. सुधीर ठाकुर के वारीस हो या अर्जी करनेवालों के खिलाफ किसी की कोई भी शिकायत हो तो ऐसे व्यक्ति तारीख 30/12/2025 को सुबह 11.00 बजे महाड के कोर्ट में हाजीर रहके अपना बयान दे सकते हैं। इस तारीख के बाद किसी की कोई भी शिकायत हो या कुछ कहने का हो तो उसपर ध्यान नहीं दिया जाएगा और अर्जी करनेवालों को ये रकम दी जाएगी।

इसीलिए ये जाहीर नोटिस जारी किया है।

**आदेश से जारी**
**न्यायालय लिपिक**
**कामगार न्यायालय**
**रायगड-अलिबाग**

संपादकीय

# इथियोपिया की राख नई चेतावनी बनी

हम प्रायः यह मानकर चलते हैं कि पृथ्वी के संकट सीमाओं में बंधे रहते हैं, जैसे अफ्रीका का ज्वालामुखी अफ्रीका की समस्या, एशिया की हवा एशिया का प्रश्न और भारत का प्रदूषण भारत की नियति. परंतु अफ्रीका के उत्तरी पूर्वी देश इथियोपिया में हैली गुब्बी ज्वालामुखी के अचानक हुए अप्रत्याशित विस्फोट ने इस धारणा को बदल दिया.

इथियोपिया में ज्वालामुखी के चलते उत्तर भारत का धुंधला हुआ आसमान केवल एक वैज्ञानिक घटना नहीं थी बल्कि यह पर्यावरण और नीति-निर्माण के प्रति हमारे सामूहिक आत्मसंतोष पर प्रकृति का प्रहार था. यह पृथ्वी का स्पष्ट संदेश है कि यदि हम वैश्विक खतरों को स्थानीय चश्मे से देखते रहेंगे तो हम केवल पीछे ही रहेंगे, हारेंगे भी और चेतावनी मिलने पर भी जागेंगे नहीं.

23 नवंबर को इथियोपिया के अफार क्षेत्र में स्थित हैली गुब्बी ज्वालामुखी करीब बारह हजार वर्षों की नींद के बाद अचानक फटा. यह विस्फोट केवल अफ्रीका की घाटियों को नहीं हिला रहा था, यह पूरी दुनिया को यह बताने आया था कि पृथ्वी अभी भी गतिशील है और जितना हम उसे समझ चुके हैं, वह उससे कहीं अधिक अनिश्चित, विशाल और परस्पर-निबद्ध है.

दिल्ली, जो पहले ही गंभीर प्रदूषण से जूझ रही है, इस राख-आच्छादित आसमान के नीचे एक बार फिर यह साबित कर रही थी कि यह शहर कितना नाजुक और 'सैचुरेटेड' हो चुका है. हवा इतनी बोझिल है कि उसमें कोई भी बाहरी कण, चाहे वह इथियोपिया का हो या थार के रेगिस्तान का, स्थानीय प्रदूषण को तुरंत विकृत कर देता है. यह वह हवा है, जो अपने ही कचरे में डूबी हुई है और ऊपर से यदि वैश्विक कण भी उतर आएं तो उसका संतुलन तुरंत टूट जाता है. इस घटना का सबसे जोखिमपूर्ण पहलू उड्डयन क्षेत्र में सामने आया.

डीजीसीए ने एडवाइजरी जारी की, एयर इंडिया ने उड़ानें रद्द की, मार्ग बदले गए, ईंधन गणना दोबारा की गई. यह सब सही था लेकिन यह प्रतिक्रिया भी उतनी ही स्पष्ट थी कि हम घटना पर प्रतिक्रिया देने में तो सक्षम हैं पर उससे पहले जोखिम की पहचान करने में अभी भी उतने परिपक्व नहीं हुए, जितनी इस युग की आवश्यकता है. हमें यह स्वीकार करना होगा कि भारत का उड्डयन तंत्र केवल स्थानीय आंधी, धूल, धुंध या बारिश तक सीमित नहीं है, उसे अब ज्वालामुखियों, जंगलों की आग, धूल के वैश्विक तूफानों और दूरस्थ महासागरीय चक्रवातों तक अपनी निगरानी बढ़ानी होगी.

भारत जैसे देश के लिए यह चुनौती और भी गहरी है क्योंकि यहां वायु गुणवत्ता पहले ही बदलते मौसम के साथ लड़खड़ाती रहती है और हर बाहरी कारक उसकी नाजुकता को बढ़ा देते हैं. इस घटना से यह सवाल भी उठते हैं कि क्या भारत के पास वह एकीकृत चेतावनी तंत्र है, जो आईएमडी, सीएक्यूएम, डीजीसीए, स्वास्थ्य मंत्रालय और पर्यावरण मंत्रालय को एक ही प्लेटफॉर्म पर तुरंत जोड़ सके?

भारत यदि इस नए वायुमंडलीय युग में सुरक्षित रहना चाहता है तो उसे अपनी पर्यावरणीय संरचनाओं, चेतावनी प्रणालियों, वैज्ञानिक निगरानी और नीति-निर्माण को वैश्विक वास्तविकताओं के अनुरूप पुनर्गठित करना होगा. इथियोपिया का ज्वालामुखी विस्फोट बहुत दूर हुआ था पर उसने भारत के आसमान पर जो प्रश्न लिखे, वे बेहद निकट और बेहद गंभीर हैं.

# हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा


**भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं।**

**प्रह्लाद सबनानी**

भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं।

पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि 'प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोय', यह भारतीय विचारधारा है।

भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर 'कुछ मीठा हो जाए' जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाईयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि, 'दीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके



पर्यावरण का नुक्सान करते हैं'; 'होली पर्व पर भारी मात्रा में पानी की बर्बादी की जाती है'; 'महाशिवरात्रि पर्व पर दूध की बर्बादी की जाती है'; 'माई बॉडी माई चोईस'; 'हमको भारत में रहने में डर लगता है'; आदि विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं।

भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच, ननद देवरानी के बीच, दो बहिनों के बीच, पड़ोसियों के बीच, छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है, ताकि भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को बढ़ावा मिल सके। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जोर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं।

पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं।

अब हम समस्त भारतीय नागरिकों को वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे उक्त वर्णित जाल में नहीं फंसते हुए, हमारे अपने भारतीय व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी भारतीय परम्पराओं का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हमें अपने जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह तुलनात्मक रूप से थोड़ा महंगा ही क्यों न हो। उदाहरण के तौर पर हमारे जीवन में रोजाना उपयोग होने वाले कुछ उत्पादों के नाम यहां पर दिए जा सकते हैं, जिनका उत्पादन सदियों से भारत में ही पर्याप्त मात्रा में होता चला आया है। केवल और केवल भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग एवं विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली जानी चाहिए। जैसे, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, सौंदर्य प्रसाधन औषधियां, टुथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश, दाढ़ी का साबुन ब्लेड्स रेजर, बिस्किट चाकलेट दुग्ध उत्पाद ब्रेड, चाय काफी, शीतपेय शरबत चटनी अचार मुरब्बा, आइसक्रीम खाद्यतेल खाद्य पदार्थ, विद्युत उपकरण गृहोपयोगी वस्तु घड़ियां, लेखन सामग्री, जूते चप्पल पोलिश, तैयार कपड़े, कम्प्यूटर लैपटॉप एवं उपकरण, टेलिकॉम उपकरण, बाम और मरहम, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, स्वचालित वाहन एवं मोबाइल फोन आदि। जब भी बाजार जाएंगे, सामान स्वदेशी ही लाएंगे जैसे तथ्यों को आत्मसात करना चाहिए। इससे न केवल चीन बल्कि अमेरिका को भी संदेश जाएगा कि भारत अब कई क्षेत्रों में आत्मनिर्भर हो चुका है तथा वैश्विक स्तर पर भारत अब इनके दबाव में आने वाला नहीं है।

अध्यात्म

## दूसरों के बुरी बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए



कई लोग हमारे पक्ष में होते हैं तो कुछ लोग हमारे विपक्ष में भी होते हैं। जो लोग विपक्ष में होते हैं, वे लगातार हमारी बुराई करते हैं। हम कुछ भी करें, ऐसे लोग सिर्फ हमारे विरुद्ध गलत बातें ही प्रचारित करते हैं। ऐसे लोगों से बचना चाहिए। इस संबंध में एक लोक कथा प्रचलित है। प्रचलित कथा के अनुसार एक संत और उनका शिष्य एक गांव से दूसरे गांव लगातार यात्राएं करते थे। इस दौरान वे अलग-अलग गांवों में रुकते भी थे। संत बहुत विद्वान थे। उनके प्रवचन सुनने के लिए काफी लोग पहुंचते थे।

एक गांव में संत अपने उपदेशों की वजह से काफी प्रसिद्ध हो गए। उनके दर्शन करने के लिए दूर-दूर से लोग आने लगे। ये देखकर उसी गांव का एक अन्य पुजारी परेशान हो गया। उसे लगने लगा कि इस संत की वजह से मेरे भक्त कम हो जाएंगे। असुरक्षा की वजह भावना की वजह से पुजारी ने संत का दुष्प्रचार करना शुरू कर दिया। वह गांव के लोगों के सामने उस संत की बुराई करने लगा। धीरे-धीरे गांव के काफी लोग संत के लिए बुरी बातें करने लगे। एक दिन संत के शिष्य को ये सारी बातें मालूम हुईं तो उसे बहुत गुस्सा आ गया। वह तुरंत ही अपने गुरु के पास पहुंचा और पूरी बात बताई। संत ने शिष्य की बातें सुनी और कहा कि हमें दूसरों की नकारात्मक बातों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें सिर्फ अपने काम में मन लगाना चाहिए। ये बातें सुनकर भी शिष्य का गुस्सा शांत नहीं हुआ। संत ने कहा कि जब हाथी गांव में आता है तो उसे देखकर सभी कुत्ते भौंकने लगते हैं, लेकिन हाथी पर इसका कोई असर नहीं होता है। हाथी अपनी मस्त चाल चलते रहता है। हमें भी बुराई करने वाले लोगों पर ध्यान नहीं देना चाहिए। हमें सिर्फ अपना काम ईमानदारी से करना चाहिए और अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहना चाहिए। हमारे अच्छे काम ही ऐसे लोगों का मुंह बंद कर सकते हैं।

# आपको जिंदगी में क्या चाहिए, बस इसे पहचान लें...

**मन का एक और प्रमुख काम भाषा और विचार को जन्म देना है। जब तक मनुष्य के मस्तिष्क में मन सक्रिय है, भाषा का जन्म होगा ही। अगर हम चिंतन की भी भाषा को मिलाकर देखें तो पाएंगे कि हमारी भाषा का निन्यानबे फीसद से ज्यादा अनावश्यक है। यह अनावश्यक भाषा स्पष्टता लाने के बजाय कई बार भ्रांति अधिक पैदा करती है। यहां पर हम वस्तुस्थिति को मन रूपी सड़क पर विचरने वाली भाषा रूपी आवाजाही से समझ सकते हैं। हमारे मन की सड़क पर अगर अवांछनीय ट्रैफिक नहीं होगा तो हमारा मन व्यवस्थित रहेगा और अगर मन व्यवस्थित है, तो यह शायद मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अन्यथा अनावश्यक विचार हमेशा हमारे मन को विचलित करते रहेंगे और हमारे मन में इनके टकराव से तमाम तरह की दुर्भावनाएं जन्म लेंगी।**

**लवी मिश्रा**

कहते हैं मन के जीते जीत है मन के हारे हार, लेकिन अगर मानव मात्र के लिए इस संसार में कुछ सबसे ज्यादा मुश्किल है, तो वह है अपने मन को जीतना। और हर पल जीवन में अगर कोई चीज हमें सबसे ज्यादा नियंत्रित करती है, तो वह है हमारा मन। मन हमारी ज्ञानेंद्रियों और कर्मेंद्रियों के बीच नियामक का काम करता है। ये इंद्रियां और मन हमारे ज्ञान तथा कर्म के साधन मात्र न होकर इस संसार से मिलने वाले सुख और दुख को महसूस करने के भी साधन हैं। संसार का सुख भोगने में मन विचार और कल्पना के द्वारा भी सहायता करता है।

मनुष्य का मन संसार की सबसे अशांत ठौर है। इस अशांति के कारण ही मनुष्य में तमाम तरह की इच्छाएं जन्म लेती हैं और वह संसार में अपनी इच्छाओं की पूर्ति के लिए भटकती रहती है। मगर जैसे ही मनुष्य को अपनी इच्छा की एक वस्तु मिलती है, उसका अशांत मन तुरंत किसी दूसरी चीज की तलाश में दौड़ने लगता है। मन की यह अशांति मनुष्य के जीवन में हमेशा एक चुनौती के रूप में साथ-साथ चलती है। कई बार तो मनुष्य यही नहीं समझ पाता है कि आखिर मन चाहता क्या है। कभी किसी दिशा में भागता है तो कभी कहीं और। हमारा मन हमेशा एक सुरक्षा चाहता है और एक सुरक्षित समय और काल के दायरे में किसी भी परिवर्तन से हमेशा इनकार करता है।

उसे हमेशा सुविधाजनक दायरे में रहना ही पसंद है। मसलन, अगर हम सो रहे हैं और यह सोचकर सोते हैं कि सुबह जल्दी जाग जाना है। हम सुबह जागते भी हैं, तो हमारा मन हमें बिस्तर छोड़ने से रोकता है। शायद अधिकतर लोग अपने मन के बहकावे में आ भी जाते हैं। इसीलिए मन हमेशा हमें डराकर रखता है, ताकि हम बिना उसकी अनुमति के कोई काम न करें। कई बार हम कोई निर्णय लेते हैं, जो सत्य पर आधारित होता है, तो हमारा मन हमें यह कहकर डराता है कि कहीं इससे हम पर कोई मुसीबत न आ जाए। मन हमेशा ही हमें आगे बढ़ने से रोकता है, चाहे वह किसी अच्छी आदत को अपनाना हो या कोई साहसिक निर्णय लेना, मन एक अवरोधक के रूप में आकर खड़ा हो जाता है। ऐसे में वही लोग आगे बढ़ पाते हैं, जो अपने मन के दुराग्रह को काट कर अपने विवेक पर भरोसा करते हैं। जीवन तरह-तरह के अवरोधों से भरा पड़ा है। हमारा मन चाहता है कि प्रत्येक वस्तु आसानी से प्राप्त हो जाए। इसके लिए न तो कोई चुनौती झेलनी पड़े और न ही कोई परिश्रम करना पड़े। पर क्या जीवन में ऐसा हो पाना संभव है? इसका उत्तर है- बिल्कुल नहीं। बल्कि चुनौतियां तो जन्म के साथ ही या कई बार उससे पहले ही प्रकट हो जाती हैं। मां के गर्भ में ही कई बार बच्चे अपने जीवन को संकट में लेकर ही जीवन की यात्रा शुरू करते हैं, लेकिन उनकी जिजीविषा ही उन्हें उस परिस्थिति से बाहर निकालने में मदद करती है।

जीवन की यात्रा आसान तो बिल्कुल नहीं है। अगर हम जीवन को एक सड़क मान लें और खुद को उस पर चलने वाली एक गाड़ी, तो हम पाते हैं कि गाड़ी कभी भी सड़क पर एक जैसी गति से नहीं



चलती। कभी तेज, तो कभी बहुत धीरे और कभी तो रुक ही जाना पड़ता है। विशेष बात यह है कि गाड़ी चलाते समय हमें सबसे ज्यादा ध्यान ब्रेक पर देना होता है। अगर हम समय रहते ब्रेक पर नियंत्रण न रख पाए तो इसके बहुत से दुष्परिणाम सामने आ जाते हैं।

ठीक ऐसे ही हमारा जीवन है और गाड़ी है हमारा मन, जो कि अनियंत्रित गति से भागता है। हमें अपने मन को ऐसे अनुशासित करना चाहिए कि जब भी जीवन की सड़क पर गड्ढे आ जाएं या रास्तों पर भीड़ हो तो वह नियंत्रण रूपी ब्रेक का सहारा लेकर खुद को स्थिर और संयमित रखे। हमारे जीवन का लक्ष्य जितनी ही ऊंचाई पर होगा, उस तक पहुंचने का रास्ता उतना ही मुश्किल होगा। अगर ब्रेक पर नियंत्रण नहीं होगा तो न केवल स्वयं के दुर्घटनाग्रस्त होने की संभावना बनी रहेगी, बल्कि इससे हम औरों को भी भरपूर नुकसान पहुंचाने की स्थिति में आ सकते हैं।

मन का एक और प्रमुख काम भाषा और विचार को जन्म देना है। जब तक मनुष्य के मस्तिष्क में मन सक्रिय है, भाषा का जन्म होगा ही। अगर हम चिंतन की भी भाषा को मिलाकर देखें तो पाएंगे कि हमारी भाषा का निन्यानबे फीसद से ज्यादा अनावश्यक है। यह अनावश्यक भाषा स्पष्टता लाने के बजाय कई बार भ्रांति अधिक पैदा करती है। यहां पर हम वस्तुस्थिति को मन रूपी सड़क पर विचरने वाली भाषा रूपी आवाजाही से समझ सकते हैं। हमारे मन की सड़क पर अगर अवांछनीय ट्रैफिक नहीं होगा तो हमारा मन व्यवस्थित रहेगा और अगर मन व्यवस्थित है, तो यह शायद मनुष्य की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अन्यथा अनावश्यक विचार हमेशा हमारे मन को विचलित करते रहेंगे और हमारे मन में इनके टकराव से तमाम तरह की दुर्भावनाएं जन्म लेंगी।

एक फिल्म में कल्पना की गई थी कि अगर मनुष्य स्पर्श के माध्यम से आपस में संचार करता तो.. ! तब दुनिया कितनी शांत होती। कोई किसी से झूठ नहीं बोल पाता, न ही कोई अनावश्यक विचार जन्म लेता। तब मनुष्य अपनी ऊर्जा का अधिकांश भाग रचनात्मक कार्यों में लगाता। कितनी सुंदर कल्पना है!

पर दूसरे पहलू से विचार करें तो भाषा ही है जो मनुष्य को संसार के अन्य जीवों से विशिष्ट बनाती है। भाषा ने दुनिया में संवेदनशील साहित्य को और संगीत को जन्म दिया। यानी मन में ऐसे विचारों को स्थान देना चाहिए, जिनसे सकारात्मक ऊर्जा का संचार हो। इसके लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि हर व्यक्ति की पहुंच अच्छे साहित्य और सद्विचारों तक हो।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
आपको अपने आत्मसम्मान की चिन्ता रहेगी। अपने विरोधियों पर अधिक विश्वास न करें। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

**वृषभ**
आज आप भविष्य को लेकर कुछ महत्वपूर्ण निर्णय करने का विचार बनायेंगे। वैवाहिक जीवन अत्यन्त सुखद रहेगा। आज आप घरेलू कार्यों में व्यस्त रहने वाले हैं।

**मिथुन**
आपकी दिनचर्या थोड़ी अव्यवस्थित हो सकती है। विरोधी आपको परेशान करने का प्रयास करेंगे। स्वास्थ्य के प्रति बिल्कुल लापरवाह न रहें।

**कर्क**
पारिवारिक सुख का भरपूर आनन्द लेंगे। विद्यार्थियों को पढ़ाई में अच्छे परिणाम मिलेंगे। जीवनसाथी के साथ घूमने जा सकते हैं।

**सिंह**
कार्यक्षेत्र में नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद स्थितियाँ आपके अनुकूल होंगी। अपने काम के अलावा दूसरे कार्यों में अधिक फोकस कर सकते हैं।

**कन्या**
गृहस्थ जीवन में सावधानी रखें। प्रेमी जन के साथ तेज आवाज में बात न करें। बेवजह दूसरे लोगों से सलाह न लें। प्रतियोगी परीक्षा में बेहतरीन प्रदर्शन कर सकते हैं।

**तुला**
आज पुराने मित्रों से चर्चा हो सकती है। साझेदारी वाले व्यवसाय में कुछ परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। अनावश्यक खर्चों से आपको बचना चाहिये।

**वृश्चिक**
अपने आत्मविश्वास के बलबूते उलझे मामलों को सुलझाने में सफलता मिलेगी। आज पूरा दिन आपके लिये अत्यन्त उत्तम रहने वाला है।

**धनु**
साझेदारी वाले व्यवसाय में पारदर्शिता रखें। इन्टरनेट का सावधानी पूर्वक प्रयोग करें। दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। प्राइवेट जॉब कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

**मकर**
दिन का प्रारम्भिक भाग बहुत अच्छा रहेगा। छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है। रुके हुये कार्य दोबारा शुरू होने के योग बन रहे हैं। जॉब को लेकर स्थान-परिवर्तन हो सकता है।

**कुंभ**
कारोबार में कठिनाई होगी। ज्यादा मेहनत के कारण माँसपेशियों में खिंचाव की समस्या होगी। शाम के समय आपका कोई रुका हुआ कार्य बन सकता है।

**मीन**
दैनिक दिनचर्या व्यवस्थित रहेगी। सहकर्मियों के प्रति अपना व्यवहार और सहयोग अच्छा रखें। घर का वातावरण सुखद रहेगा। परिवार के वरिष्ठ सदस्य आपसे प्रसन्न रहेंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत करंट से बच्चे की मौत

**बिहट/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बरौनी थाना अंतर्गत नींगा वार्ड संख्या 6 निवासी मनोज तांती का 12 वर्षीय पुत्र विकास कुमार की मौत रविवार की शाम घर के पास विद्युत तार में सटने की वजह से हो गई है। जानकारी अनुसार मृतक के पिता मनोज तांती ने बरौनी थाना में दिए आवेदन में बताया कि रविवार को घर के पास शादी था।हम लोग घर के पास थे। विद्युत तार नीचे रहने की वजह से विकास कुमार तार के संपर्क में आ जाने की वजह से मौत हो गई। घटना के बाद परिवार के लोग ने देखा कि करंट लगा है।आनन फानन में परिजनों ने ईलाज हेतु बेगूसराय ले गया। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया।इसकी सूचना पाते ही परिजनों में कोहराम मच गया। बरौनी थाना पुलिस ने यूडी केस दर्ज कर आगे की कारवाई में जुट गई।

### चिकित्सक के कर्मी से मारपीट

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर के मोहर्रम चौक स्थित एक निजी अस्पताल में 28 नवंबर को सुजीत कुमार पासवान, जो काउंटर स्टाफ हैं, के साथ मारपीट, जाति सूचक गाली देने और 25 हजार रुपये छीनने की घटना हुई। आरोप है कि महावत टोली निवासी सदरुल इस्लाम उर्फ शिबू ने फोन पर चिकित्सक से बात करने को कहा और गाली-गलौज करते हुए धमकी दी। इसके बाद, शिबू और उसके साथी लोहे के रॉड, चाकू, डंडा और पिस्टल से लैस होकर अस्पताल पहुंचे और सुजीत के साथ मारपीट की। आरोपितों ने अस्पताल में रखे पैसे भी छीन लिए और एक हड्डी के चिकित्सक के साथ भी मारपीट की। बीच-बचाव करने आए सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी के साथ भी गाली-गलौज की गई। सुजीत कुमार ने इस घटना की शिकायत पुलिस में की, जिसके बाद अनुसूचित जाति जनजाति थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है और जांच जारी है।एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि आरोपितों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### स्कूलों में मनाया जाएगा भाषा उत्सव

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सुब्रमण्यम भारती के जयंती पर भारतीय भाषा उत्सव स्कूलों में मनाया जाएगा। इसको लेकर शिक्षा विभाग के निदेश के आलोक में जिला कार्यक्रम पदाधिकारी प्रारंभिक शिक्षा व सर्व शिक्षा अभियान बेगूसराय ने पत्र जारी किया है। 4 दिसम्बर से 11 दिसम्बर की अवधि में विभिन्न गतिविधियों के आयोजन के संबंध में निदेश दिया गया है। यह उत्सव सात दिनों तक चलेगा। इसका उद्देश्य भारत की भाषाई विविधता को बढ़ावा देना व सभी भाषाओं में एकता का संदेश फैलाना है।पहले दिन 4 दिसम्बर को भाषा वृक्ष प्रदर्शनी व भाषा विरासत दीवार,5 दिसम्बर को भाषाओं में कविता एवं संगीत, 6 दिसम्बर को कई जुबान के त्योहार व भाषा पॉडकास्ट का आयोजन किया जाएगा। चैथे दिन 8 दिसम्बर को कहावतों में एकता व भाषा मित्र सहयोग कार्यक्रम, 9 दिसम्बर को भाषा बंधु पत्र व बहुभाषी कहानी श्रृंखला,10 दिसम्बर को भाषा अन्वेषण क्लब एवं 11 दिसम्बर को इंटरएक्टिव भाषा मेला व भाषा थियेटर प्रदर्शन थीम का आयोजन होगा।

### कचरा उठाव हेतु जागरूकता अभियान

**भगवानपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के मध्य विद्यालय मेहदौली में बच्चों को सोमवार को गीला और सूखा कचरा के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। साथ ही जागरूकता अभियान भी चलाया गया। प्रखंड समन्वयक नीतेश कुमार सिंह व पंचायत स्वच्छता पर्यवेक्षक प्रणय कुमार ने गीला और सूखा कचरा के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने गीला कचरा व सूखा कचरा को अलग-अलग कूड़ेदान में डालना सिखाया।छात्रों को सिखाया कि गीले कचरे के लिए हरे व सूखे कचरे के लिए नीले कूड़ेदान का उपयोग करें।

### रबी फसलों के लिए किसान चैपाल का आयोजन

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में रबी किसान चैपाल की तिथि निर्धारित कर दी गयी है। इसकी जानकारी प्रखंड कृषि पदाधिकारी रौशन कुमार ने दी। उन्होंने कहा कि प्रखंड की नौ पंचायतों में 9 दिसंबर से 15 दिसम्बर तक रबी किसान चैपाल आयोजित होगा। 9 दिसम्बर को समसा तथा विष्णु पुर पंचायत के पंचायत भवन में चैपाल आयोजित किया जाएगा। वहीं हसनपुर बागर और रजाकपुर पंचायत में 11 दिसम्बर को चैपाल का आयोजन पंचायत भवन पर किया जाएगा। 13 दिसम्बर को डफरपुर पंचायत भवन तथा नावकोठी पंचायत के प्रखंड किसान भवन पर चैपाल का आयोजन होगा।

### चोरी की बाइक व शराब के साथ एक धराया

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** इनरवा पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान बारवा परसौनी गांव से चोरी की बाइक में छुपा कर ला रहे शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष लवकांत शर्मा ने बताया कि सुपर स्प्लेंडर बाइक एवं 80 लीटर शराब के साथ भंगहा थाना के सुरूजपुर गांव के मुसतफा मियां को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

### नदी में डूबने से किशोर की मौत

**मैनाटांड/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भंगहा थाना क्षेत्र के बीरहा नदी में डूबने से एक किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर भंगहा के पचरुखी सेरवा गांव के प्रमोद शर्मा का 9 वर्षिय पुत्र सागर कुमार बताया जाता है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि उक्त किशोर नदी में नहाने के दौरान डूब गया। इधर घटना को लेकर परिवारवालों का रो रो कर बूरा हाल है।

### प्रभारी एसपी ने किया पुलिस केंद्र का निरीक्षण

**बगहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** महिला स्वाभिमान बटालियन की समादेष्टा सह प्रभारी एसपी निर्मला कुमारी ने रविवार की देर शाम नगर थाना सहित पुलिस केंद्र व कंट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, रिकॉर्ड संधारण, संचार तंत्र, नियंत्रण कक्ष की कार्यप्रणाली का जायजा लिया। साथ ही नगर थाने में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने पुलिस कर्मियों को सतर्कता, अनुशासन एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिया। प्रभारी एसपी ने सभी पुलिस पदाधिकारियों को आम जनता की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करने, गश्ती व्यवस्था मजबूत करने तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने का निर्देश दिया।

### अनिश्चितकाल हड़ताल पर गए बीसीओ

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सहकारिता प्रसार पदाधिकारी संघ के आह्वान पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर सोमवार से सभी बीसीओ अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए है। बीसीओ सौरभ कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि धान अधिप्राप्ति में पैक्स व मिलर की गलती का खामियाजा उन सबको उठाना पड़ता है। निर्दोष होने के बावजूद उनलोगों को विभाग से पक्षपात पूर्ण रवैया झेलना पड़ता है। बीसीओ ने बताया कि संघ के सभी सदस्यों की मांग है कि सरकार प्रखंड स्तर पर सहकार मंडल की स्थापना समेत कार्यालय में कर्मियों की पदस्थापना करें।

# डीएम ने की कार्यों की समीक्षा, गंभीर लापरवाही पर कड़ी कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेतिया।** समाहरणालय सभागार में आयोजित सोमवारीय बैठक में जिला पदाधिकारी धर्मेन्द्र कुमार ने विभिन्न विभागों की कार्यप्रगति की गहन समीक्षा की और कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के तहत लाभुकों को समय पर किस्तों का भुगतान न किए जाने पर गंभीर नाराजगी जताई और दोषी आवास सहायक एवं आवास पर्यवेक्षक के वेतन पर तुरंत रोक लगाने की बात कही।



उन्होंने निर्देश दिया कि इन अधिकारियों को शोकॉज किया जाए और प्रखंड विकास पदाधिकारियों के खिलाफ भी कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में मानक की अनदेखी पर उन्होंने जिला पंचायती राज पदाधिकारी को निर्देश दिया कि सभी निमार्णाधीन भवनों का नियमित निरीक्षण किया जाए, और गड़बड़ी करने वाले अधिकारियों, अभियंताओं और संवेदकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। बालू घाटों पर अवैध गतिविधियों की रोकथाम के लिए उन्होंने जिला खनिज पदाधिकारी को लगातार छापेमारी करने के निर्देश दिए। साथ ही, भूमि अधिग्रहण मामलों में रैयतों को समय पर भुगतान सुनिश्चित करने और समस्याओं का त्वरित समाधान करने के लिए कैंप आयोजित करने का आदेश दिया।जिला पदाधिकारी ने बच्चों की सुरक्षा और पोषण से संबंधित योजनाओं को तेजी से लागू करने के लिए डीपीओ, आईसीडीएस को निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कंबल वितरण कार्य 25 दिसंबर तक पूरा किया जाए, ताकि ठंड से प्रभावित गरीबों को राहत मिल सके।बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, निगम आयुक्त लक्ष्मण तिवारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। जिला पदाधिकारी ने बैठक में साफ तौर पर कहा कि अनियमितता और लापरवाही को बिल्कुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# संकुल स्तरीय टीएलएम मेला में शिक्षकों ने दिखाई प्रतिभा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** संकुल स्तरीय बाल मेला का आयोजन सोमवार को उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ररिऔना में किया गया। इसका उदघाटन प्रधानाध्यापक सह संचालक सरोज कुमार महतो एवं समन्वयक रमण कुमार झा ने किया।

इस मेले में उत्क्रमित मध्य विद्यालय गम्हरिया, मजनूपुर, गरही तथा मध्य विद्यालय अकहा ररिऔना के शिक्षकों ने हिस्सा लिया। इसमें गणित, विज्ञान,भाषा, पर्यावरण विषय पर टीएल एम बनाये गये थे। मेला में बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर अपनी भागीदारी दी। शिक्षकों में दीक्षा श्रीवास्तव ने रक्त परिसंचरण, इन्दु कुमारी ने यौगिक सूत्र,नवनीता कुमारी ने क्रिया,वचन, अवनीश कुमार ने क्वीज बोर्ड, मनीष कुमार ने कंज्यूमर राइट, दीपक कुमार ने वायुमंडल की परतें आदि पर मॉडल प्रस्तुत किया। वहीं अभिमन्यु कुमार ने ज्वालामुखी, राहुल कुमार ने राज्य और राजधानी, ज्योति राज ने वर्षा जल संग्रहण और उससे खेतों की सिंचाई, अर्चना कुमारी ने हिन्दी व्याकरण में विलोम शब्द, संज्ञा एवं रोमण अंक, अजीत कुमार ने चुम्बक, दांत के प्रकार, हमारा जंगल, अमरजीत कुमार ने वचन एवं गणित में कोण और उसके प्रकार तथा निर्मला सिन्हा ने पर्यायवाची शब्द एवं चित्र बोलता है पर शिक्षण अधिगम सामग्री तैयार कर प्रस्तुत किया। निर्णायक में अमित कुमार,नवनीत कुमार और पंकज जयसवाल थे।मेला संयोजिका समर शीरीन ने कहा कि शिक्षण को आसान बनाने के लिए शिक्षण अधिगम सामग्री की सख्त जरूरत है। बदलते परिवेश में गुणवत्ता पूर्ण शिक्षण का उद्देश्य शिक्षण अधिगम सामग्री पर ही निर्भर करता है।

# हाई मास्ट लाइट से जगमग होगा बाजार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वीरपुर।** प्रखंड के प्रसिद्ध सब्जी मंडी जो सप्ताह के सातो दिन लगता है। जो वीरपुर बाजार में स्थित है जहां खरीददारी करने के लिए प्रखंड क्षेत्र के अलावे सीमा से सटे हुए भगवानपुर, बरौनी, तेघड़ा प्रखंड क्षेत्र के सैकड़ों लोग आते हैं जहां लाइट की पर्याप्त व्यवस्था नहीं होने से छोटे-छोटे व्यापारियों और किसान भाईयों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। लेकिन विकास कार्यों में तेजी लाते हुए वीरपुर के जिला परिषद की योजना अंतर्गत हाई मास्ट लाइट का सोमवार को सफलतापूर्वक अधिष्ठापन किया गया।

जिसकी जानकारी देते हुए वीरपुर जिलापरिषद प्रतिनिधि रौशन चैरसिया ने बताया कि यह महत्वपूर्ण कार्य षष्ठम राज्य वित्त आयोग की लगभग 7,49,000 की राशि से जिला परिषद सदस्या श्रीमती शिल्पी कुमारी के अनुशंसा पर पूरा किया गया है। वही इसकी विधिवत् उद्घाटन करते हुए श्री मति शिल्पी ने कहा कि सब्जी मंडी में लंबे समय से प्रकाश व्यवस्था की कमी के कारण गरीब सब्जी विक्रेताओं और खरीददारों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। अंधेरे में व्यापार करना विक्रेताओं के लिए मजबूरी बन गया था, वहीं स्थानीय लोगों को रात्रि में आवागमन एवं खरीदारी के दौरान असुविधा और सुरक्षा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ता था। अब हाई मास्ट लाइट लगने से इस समस्या का स्थाई समाधान हो गया है। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि 'लंबे समय के बाद बाजार में ऐसी सुविधा उपलब्ध हुई है जो प्रतिदिन हमारे जीवन को प्रत्यक्ष रूप से प्रभावित करेगी।

# नवनिर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइ बनी शोभा की वस्तु

**नावकोठी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड क्षेत्र में लाखों रुपये की लागत से निर्मित अपशिष्ट प्रसंस्करण इकाइयां आज शोभा की वस्तु बनकर रह गई हैं।

स्वच्छ भारत मिशन तथा लोहिया स्वच्छता बिहार योजना के तहत गांवों को साफ-सुथरा बनाने का सपना धराशायी होता दिख रहा है। डब्ल्यू पीयू के बदले पंचायत के गड्ढे व सड़कों पर कचरे का जमाव हो रहा है। फलतः गीले व सूखे कचरे से जैविक खाद निर्माण कार्य भी कचरे की ढेर में समा गया है। ग्रामीणों में अखिलेश कुमार,र मेश कुमार, अजीत राय, मो. असफाक, मो. नजरुल, सकीना खातून आदि ने बताया कि नौ पंचायतों में कचरा निपटान की व्यवस्था चरमरा गई है।

# एड्स व महिला हिंसा के विरुद्ध जागरूकता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय नगर।** जीडी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना तथा सेहत केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को एड्स जागरूकता एवं महिलाओं पर हिंसा उन्मूलन विषय पर एक व्यापक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य एच.आई.वी व एड्स के प्रति सही जानकारी का प्रसार करना और महिलाओं पर बढ़ती हिंसा के विविध रूपों की पहचान, रोकथाम तथा समाधान के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सेहत केंद्र की नोडल ऑफिसर सह राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट एक कि कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सहर अफरोज ने संबोधन में कहा कि आज के दौर में स्वास्थ्य सुरक्षा और लैंगिक समानता दो ऐसे क्षेत्र हैं जिन पर लगातार जागरूकता की आवश्यकता है। इसी उद्देश्य से यह कार्यक्रम आयोजित किया गया ताकि छात्र-छात्राएँ न केवल खुद जागरूक हों बल्कि समाज में भी संदेश फैलाएँ। इसके पश्चात महिलाओं पर हिंसा के बढ़ते मामलों पर विस्तृत चर्चा करते हुए कहा कि हिंसा केवल शारीरिक रूप से ही नहीं, बल्कि मानसिक, भावनात्मक, आर्थिक और डिजिटल रूपों में भी मौजूद है। मौके पर उपस्थित राष्ट्रीय सेवा योजना यूनिट दो के कार्यक्रम पदाधिकारी दिनेश कुमार ने बताया कि एच.आई.वी संक्रमण केवल असुरक्षित यौन संबंध, संक्रमित रक्त, संक्रमित सुई या माँ से शिशु में प्रसव के दौरान संक्रमण के माध्यम से फैलता है। सामान्य संपर्क जैसे हाथ मिलाना, साथ खाना, एक ही वस्तु का उपयोग या किसी को गले लगाने से एच.आई.वी व एड्स नहीं फैलता।इसके जाँच को लेकर समाज में अनावश्यक डर और झिझक है, जबकि वास्तविकता यह है कि प्रारंभिक जाँच और समय पर उपचार से व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है।

एआरटी दवाओं की उपलब्धता और सरकारी योजनाओं के कारण यह बीमारी अब नियंत्रित और प्रबंधनीय हो चुकी है।स्वयंसेवक अजित कुमार ने बताया कि एच.आई.वी व एड्स के जागरूकता का सबसे बड़ा हथियार जागरूकता है। सही जानकारी ही भेदभाव और सामाजिक दूरी को मिटा सकती है।साथ ही उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में यह संदेश दिया गया कि महिलाओं की सुरक्षा केवल उनकी व्यक्तिगत लड़ाई नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है।

# बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल में कार्यपालक निदेशक का दौरा

## ग्राहक सम्पर्क कार्यक्रम का हुआ आयोजन, वितरित किए गए ऋण स्वीकृति-पत्र

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** दिनांक 29 नवम्बर 2025 को श्री सुब्रत कुमार, कार्यपालक निदेशक, बैंक ऑफ इंडिया, प्रधान कार्यालय ने पटना का दौरा किया। इस अवसर पर बैंक ऑफ इंडिया, पटना अंचल द्वारा एक विशेष टाउन हाल बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक की अध्यक्षता बैंक के कार्यपालक निदेशक श्री सुब्रत कुमार जी ने की, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में फील्ड महाप्रबंधक, पटना श्री एस. बी. साहनी जी की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ सम्मानित मंच के कर-कमलों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन और सामूहिक आराधना के साथ हुआ। कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत करते हुए सर्वप्रथम आँचलिक प्रबंधक श्री ओ. पी. चौधरी ने कार्यपालक निदेशक महोदय सहित समस्त उपस्थितों का इस कार्यक्रम में स्वागत किया, तत्पश्चात अंचल में व्यवसाय के त्वरित, अबाध एवं व्यवस्थित परिचालन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दुहराया। इसके बाद यह बैठक 'धोखाधड़ी, जोखिम एवं नैतिकता' विषय पर केन्द्रित रही। कार्यक्रम में ग्राहकों को विभिन्न प्रकार की धोखाधड़ी से बचाने, कर्मचारियों के जोखिमों को कम करने और बैंकरों में नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने जैसे महत्त्वपूर्ण विषयों पर चर्चा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में एक ग्राहक जनसम्पर्क कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें माननीय कार्यपालक निदेशक महोदय के साथ फील्ड जनरल मैनेजर श्री एस. बी. साहनी सर एवं आंचलिक प्रबन्धक श्री ओ.पी. चौधरी जी ने उपस्थित ग्राहकों से संवाद स्थापित किया। इस कार्यक्रम में पटना नगर-परिधि की चुनिंदा शाखाओं के प्रमुख, समस्त जोनल ऑफिस टीम, एवं प्रोसेसिंग सेंटर के स्टाफ अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न व्यवसाय-क्षेत्रों और उद्योगों से सम्बद्ध कुल 30 मौजूदा और कई संभावित ग्राहक शामिल हुए। जनसम्पर्क कार्यक्रम के दौरान संभावित उधारकताओं को ₹22 करोड़ की राशि के कुल 13 ऋण स्वीकृति-पत्र सौंपे गए। ग्राहकों ने बैंक की उत्तम ग्राहक सेवाओं और कार्यशैली की सराहना की। अपने सुदीर्घ और ओजस्वी संबोधन में माननीय कार्यपालक निदेशक महोदय ने बदलते बैंकिंग परिदृश्य में व्यवसाय-संवर्धन हेतु विषद मार्गदर्शन प्रदान किया। उन्होंने इस अवसर पर ग्राहकों से सीधा संवाद किया, एवं उन्हें मिल सुविधाओं एवं पेश आ रही असुविधाओं की जानकारी प्राप्त की। कार्यपालक निदेशक महोदय ने पटना अंचल की सकल कारोबार उपलब्धियों की सराहना करते हुए शीर्ष नेतृत्व सहित समस्त टीम को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की। बैठक का समापन उप महाप्रबन्धक एफजीएमओ, पटना, श्री एस. मलयदास जी द्वारा दिए गए औपचारिक धन्यवाद प्रस्ताव के साथ हुआ। कार्यक्रम अत्यंत सुगठित, सौहार्दपूर्ण एवं प्रेरणाप्रद रहा।

## वर्ल्ड एड्स डे पर लीडर इंस्टीट्यूट, समस्तीपुर की जागरूकता रैली

# चेयरमैन मोनि ने दिया समाज को स्वस्थ रहने का संदेश






नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**समस्तीपुर।** लीडर इंस्टीट्यूट ऑफ हायर एजुकेशन, समस्तीपुर द्वारा विश्व एड्स दिवस के अवसर पर एक भव्य जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। संस्थान के विद्यार्थियों ने पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से शहरवासियों को एड्स के प्रति जागरूक किया और सुरक्षित जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया।

इस रैली का नेतृत्व संस्थान की चेयरमैन मोनि रानी ने किया, जो शिक्षा और सामाजिक विकास दोनों क्षेत्रों में अपनी सक्रिय भूमिका के लिए जानी जाती हैं। मोनि रानी लंबे समय से महिला सशक्तिकरण, शिक्षा को बढ़ावा, स्वास्थ्य जागरूकता और ग्रामीण क्षेत्रों में जनसेवा जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दे रही हैं। वह समाज में सकारात्मक बदलाव लाने से जुड़े कार्यक्रमों को निरंतर समर्थन देती रही हैं। मोनि रानी ने रैली को हरी झंडी दिखाते हुए कहा कि एड्स आज भी जागरूकता की कमी के कारण गंभीर समस्या बनी हुई है। उन्होंने कहा कि—'बीमारी से डरना नहीं, बल्कि उसके बारे में सही जानकारी फैलाना हमारा कर्तव्य है। युवाओं की भागीदारी से ही समाज इस बीमारी से लड़ने में सक्षम बन सकता है।' उन्होंने यह भी बताया कि लीडर इंस्टीट्यूट शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक जिम्मेदारियों को निभाने में हमेशा अग्रसर रहता है और भविष्य में भी इसी प्रकार के कार्य करता रहेगा। रैली में बड़ी संख्या में छात्रों, शिक्षकों और स्थानीय नागरिकों ने हिस्सा लिया। सभी ने एचआईवी/ एड्स से जुड़े मिथकों को दूर करने और नियमित स्वास्थ्य जांच करवाने की अपील की। मोनि रानी की प्रेरणादायक भूमिका ने इस कार्यक्रम को और प्रभावशाली बनाया तथा विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता फैलाने का संकल्प मजबूत किया।

# डॉ० आर. के. मोदी को दी गई श्रद्धांजलि

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** विख्यात चिकित्सक डॉ० राम कृष्णा मोदी एक अविस्मरणीय चिकित्सक थे। डॉ० साहब बचपन से ही बहुत मिलनसार, मृदुभाषी तथा समाज सेवी थे। उन्हें डॉ० बनने की चाह शुरू से थी। पटना मेडिकल कॉलेज (PMCH) से एम.बी.बी.एस., 1962 में किये थे। उसके बाद राजेन्द्र मेमोरियल रिसर्च इन्स्टीच्यूट (RMRI) से दम्मा, खाँसी, एलर्जी एवं फेफड़ों से संबंधित बिमारियों पर शोध कार्य डॉ० आर विश्वनाथन के मार्गदर्शन में किया था, जो एक निदेर्शात्मक डेटा (Reference Data) बन गया है। पूर्वी भारत (Eastern India) के प्रथम एलर्जी विशेषज्ञ थे। डॉ० मोदी की ख्याती न



केवल बिहार मे थी बल्कि सारे भारत में फैली थी। डॉ० मोदी ने अपना निजी क्लीनिक सन् 1988 में स्थापित किया था। अब उनके ज्येष्ठ पुत्र डॉ० गौतम मोदी उसे सुचारू रूप से चला रहें है। डॉ० मोदी एक मंझे हुए कलाकार, गायक एवं तबला वादक थे। उन्होंने कई नाटको को स्वयं लिखा था तथा उनका मंचन यानी Stage Show भी किया था। 30 नवम्बर, 2016 को हृदय की गति रूक जाने से उनका निधन हो गया था। उनकी पत्नी डॉ० प्रमिला मोदी ने कहा कि उनकी कमी सदा रहेगी, उनकी मधुर स्मृतियों के सहारे, उनके बताये गये सिद्धांतों को हम कार्यान्वित कर रहे हैं तथा भविष्य में भी करते रहेंगे। डॉ० मोदी की पत्नी डॉ० प्रमिला मोदी, पुत्र- डॉ० गौतम मोदी, डॉ० स्यामल मोदी, पुत्रबधु- डॉ० चारू मोदी, डॉ० स्मृति मोदी, पौत्र- चि० चिन्मय मोदी, चि० उत्कृष्ट मोदी, चि० उदित मोदी, पौत्री चि० उपासना एवं शुभचिन्को ने उनकी तस्वीर (Photo) पर माल्यार्पण कर तथा पूजा अचर्ना की और नारायण सेवा भी कर डॉ० मोदी को श्रद्धांजलि अर्पित किया। ईश्वर उनकी आत्मा को शान्ति दें।

# तीन दिन बाद बेटे की शादी, सड़क हादसे में मां की मौत

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** शिकारपूर थाना क्षेत्र में एक दुखद सड़क दुर्घटना में एक महिला की मौके पर मौत हो गई। मृतका की पहचान रामनगर थाना क्षेत्र के बड़ा बेलवा गांव की लालमती देवी के रूप में हुई है, जिनके बेटे की शादी तीन दिन बाद होनी थी। सोमवार को शगुन का कार्यक्रम था, और वे अपने पति के साथ बाइक से शिकारपुर के पुरैनिया गांव स्थित मायके जा रहे थे। तभी, सड़क पर बेतरतीब फैली बालू के कारण बाइक फिसल गई। संतुलन खोने पर महिला सड़क पर गिर पड़ी, और पीछे से तेज रफ्तार में आ रही ट्रक ने उसे कुचल दिया।

# लॉन-बॉल्स प्रशिक्षण कैंप का शुभारंभ, छात्रों में नई ऊर्जा का संचार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मझौलिया।** मझौलिया में मोतीलाल 10$2 उच्च माध्यमिक विद्यालय के खेल मैदान में सोमवार को तीन दिवसीय लॉन-बॉल्स चयन सह प्रशिक्षण कैंप का भव्य उद्घाटन हुआ। उद्घाटन बीईओ हफीजुर्रहमान, थानाध्यक्ष अवनीश कुमार, तिरूवाह विकास संघर्ष समिति के अध्यक्ष मो. जियाउद्दीन और प्रधानाध्यापक सचिन्द्र राय ने दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं के स्वागत गीत ने उत्साह का माहौल बनाया।बॉलिंग संघ के सचिव डॉ. मो. सरफराज आलम ने लॉन-बॉल्स के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उभरते अवसरों पर चर्चा की। बीईओ ने खेल की शुरूआत बॉल लुढ़काकर की और नियमित अभ्यास और अनुशासन को सफलता की कुंजी बताया।




इंस्पेक्टर अवनीश कुमार ने छात्रों को खेल और पढ़ाई में संतुलन बनाने की सलाह दी।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक सुमित चौबे ने किया, और धन्यवाद ज्ञापन डॉ. अरशद ने किया।

# बगही पुल के नीचे मिला दवा व्यवसायी का शव

**मझौलिया/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के सरिसवा पेट्रोल पंप के पास बगही नदी के पुल के नीचे सोमवार की शाम पानी में एक शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। मृतक की पहचान सरिसवा बाजार के 60 वर्षीय प्रतिष्ठित दवा व्यवसायी सत्रुधन प्रसाद साह के रूप में हुई। वे सुबह रोज की तरह टहलने निकले थे, लेकिन देर तक घर नहीं लौटे। परिजनों ने खोजबीन की, पर कोई पता नहीं चला।स्थानीय लोगों ने पुल के नीचे पानी में उल्टा पड़ा शव देखा, जिसकी पीठ पर ईंट का टुकड़ा बंधा हुआ था। यह दृश्य सामने आते ही क्षेत्र में दहशत फैल गई और लोग बड़ी संख्या में घटनास्थल पर पहुंच गए। सूचना मिलते ही मझौलिया पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच भेज दिया।

# सरैंया : अतिक्रमण हटाओ, नहीं तो होगी कारवाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** भोजपुर जिले के शहरों के बाद अब प्रखंडों में प्रशासन द्वारा अतिक्रमण मुक्त अभियान शुरू हो चुका है। मंगलवार को बड़हरा प्रखंड के सरैंया बाजार में अभियान आज शाम शुरू हुआ। लोगों को सरैंया दुर्गा मंदिर से हाईस्कूल तक जाम से निजात मिलने की आस जगने लगी है।

पूर्व से सड़क किनारे लगाए गए ठेला, खोमचा एवं सब्जी दुकानों को हटाया गया। जिससे लंबे समय से जाम के कारण गमनागमन में परेशानी हो रही थी। यह कारवाई सरैयाँ दुर्गा मंदिर से लेकर हाई स्कूल के आगे मोड़ तक पूरे बाजार क्षेत्र में ध्वनि विस्तारक यंत्र से घोषणा कर दुकानदारों को हिदायत दी कि वे अपने-अपने दुकान के सामने रखी अतिरिक्त सामग्री, सामान, अतिक्रमण की गई जमीन पर से सभी



तरह के सामान को तुरंत हटा लें। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि यदि आगे से किसी प्रकार का अतिक्रमण पाया गया, तो न केवल सख्त कार्रवाई की जाएगी, बल्कि संबंधित सामग्री को भी जब्त कर लिया जाएगा। अभियान के दौरान मजिस्ट्रेट फैजल खान, एसआई संतोष कुमार, एएसआई संदीप चंदेला, एएसआई धर्मेंद्र यादव, एएसआई धर्मेंद्र केवट समेत भारी पुलिस बल सड़क के दोनों किनारे के दुकानदारों को अतिक्रमण हटाने के लिए समझाया। अधिकारियों ने कहा कि बाजार को व्यवस्थित और सुचारू रखने के लिए यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी, ताकि स्थानीय लोगों को स्वच्छ, सुरक्षित और जाम-मुक्त वातावरण मिल सके। यदि दुकानदार या अन्य दोबारा अतिक्रमण करने का प्रयास किया उस पर कानूनी कारवाई की जाएगी। यह कारवाई आगे भी जारी रहेगी।

# छह पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी

## मामला गिरफ्तारी के लिए छापेमारी के दौरान परिवार के साथ मारपीट करने का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अरवल।** अरवल के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडे की अदालत ने पुलिस बर्बरता के मामले में एसडीपीओ समेत छह पुलिस पदाधिकारियों के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। एसडीपीओ कृति कमल, तत्कालीन करपी थानाध्यक्ष उमेश राम, दरोगा राघव कुमार झा, सब इंस्पेक्टर प्रीति कुमारी, सब इंस्पेक्टर हरिवंश महतो, सब इंस्पेक्टर रोहित कुमार के खिलाफ वारंट जारी किया गया है।

मामला करपी थाना क्षेत्र से जुड़ा है। परिवादी करपी थाना क्षेत्र की तनीषा सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी के न्यायालय में परिवाद पत्र 336/2024 दायर किया गया था, जिसमें 12 पुलिस पदाधिकारियों पर घर में घुसकर महिला व पुरुष के साथ मारपीट करने, महिला की लज्जा भंग करने व लूटपाट के गंभीर आरोप लगाए थे।

मामले में सुनवाई के दौरान अदालत ने एसडीपीओ समेत छह पुलिस पदाधिकारियों को दोषी माना, जिन्हें अपना पक्ष रखने के लिए कई बार कोर्ट बुलाया गया, लेकिन अधिकांश तारीखों पर पुलिसकर्मी अनुपस्थित रहे। कोर्ट ने संज्ञान लेते हुए पूर्व में गैर-जमानती वारंट जारी किया था, फिर भी हाजिर नहीं होने पर



25 नवंबर 2025 को गैर अजमानतीय वारंट निर्गत कर दिया।

वर्ष 2024 में करपी प्रखंड की खजूरी पंचायत में गत पैक्स चुनाव में तनीषा सिंह के पति प्रिंस कुमार चुनाव मैदान में उतरे थे। वोटिंग के दौरान बूथ पर पुलिस व तनीषा सिंह के परिवार के बीच झड़प हुई थी। मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए उसी रात एसडीपीओ कृति कमल के नेतृत्व में गिरफ्तारी के लिए तनीषा सिंह के घर पर छापेमारी की, आरोप था कि गिरफ्तारी के दौरान पुलिस बर्बरता से पेश आई।

घर की सभी महिला व पुरुष सदस्यों के साथ बेरहमी से मारपीट की। 80 वर्षीय दादी लखमानो देवी व सास ललिता देवी को भी मारा-पीटा गया। घर में लूटपाट करने का भी आरोप है।

इसके बाद कुल सात लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस की सारी कार्रवाई सीसी कैमरे में कैद हो गई, जिसको आधार बनाते हुए तनीषा सिंह ने मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी मनीष कुमार पांडे की अदालत में परिवाद दायर किया था, जिसमें आरोपितों पर कोर्ट के आदेश पर पूर्व में निलंबन की कार्रवाई भी हुई थी।

## घर में लगी आग से वृद्ध की मौत

**अररिया।** किरकिचिया पंचायत के वार्ड संख्या दो कटहरा में बिजली की शॉर्ट सर्किट से आग लग जाने से एक घर जलकर पूरी तरह राख हो गया।जबकि, इस घटना में 90 साल के एक बुजुर्ग सुधीर यादव पिता स्व. महादेव यादव की झुलसने से मौत हो गई। आगलगी की घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिवार के सदस्यों द्वारा अग्निशमन विभाग को सूचना दिया गया। अग्निशमन विभाग की गाड़ियां मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाया गया। घटना में साढ़े तीन लाख रुपये से अधिक मूल्य की संपत्तियां भी जलकर राख हो गई। मृतक सुधीर यादव को एक बेटा और दो बेटी है। बेटा जगत नारायण यादव कपड़ों के फेरी का काम करता है, जबकि दोनों बेटी शादीशुदा है। सूचना पर मौके पर विधायक मनोज विश्वास, मुखिया प्रतिनिधि कपिल अंसारी, गजेंद्र उर्फ मंटू यादव ने पहुंचकर पीड़ित परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और घटना को लेकर दुख व्यक्त करते हुए ढांढस बंधाया। वहीं, विधायक ने मामले को लेकर अंचलाधिकारी से फोन पर बात की और पीड़ित परिवार को समुचित मुआवजा देने को निर्देशित किया।

## इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता का सफल आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी फसिया टोला में इंटर स्कूल डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कुल सात विद्यालयों के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतिभागी स्कूलों में रामकृष्ण मिशन, डॉन बॉस्को,टीइओमल , केंद्रीय विद्यालय, एसबीपी विद्या विहार, स्कॉटिस पब्लिक स्कूल एवं एएएम चिल्ड्रेन्स एकेडमी शामिल रहे ।कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ हुई। इस अवसर पर विद्यालय प्रबंध समिति के सचिव अशोक पोद्दार, उपाध्यक्ष विवेन सरकार, प्राचार्य विकास चटर्जी, जूनियर विंग की प्राचार्या श्रीमती रचना सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रतियोगिता में छात्रों ने अपने तार्किक विचारों, अभिव्यक्ति एवं सशक्त प्रस्तुति से दर्शकों एवं निर्णायक मंडल को प्रभावित किया। परिणामस्वरूप स्कॉटिश पब्लिक स्कूल की संभवी आनंद ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जबकि केंद्रीय विद्यालय की आस्था प्रियदर्शनी द्वितीय स्थान पर रही। शेष सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहन हेतु कॉन्सोलशन पुरस्कार प्रदान किये गये ।कार्यक्रम के अंत में विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की और ऐसे आयोजनों से छात्रों के व्यक्तित्व विकास व वाक्शक्ति को बढ़ावा मिलने की बात कही।

# विदेशी शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार नगर।** उत्पाद विभाग और रेलवे सुरक्षा बल ने संयुक्त कारवाई करते हुए रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 06 से भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है।

यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई। जिसके तहत एक आरोपी को 15.480 लीटर विदेशी शराब के साथ रंगे हाथ पकड़ा गया। गुप्त सूचना पर, उत्पाद विभाग और आरपीएफ की संयुक्त टीम ने कटिहार रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 06 पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम मे उक्त व्यक्ति के पास से 15.480 लीटर विदेशी शराब प्राप्त हुई जिसे जब्त करते हुए व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपी की पहचान अमित कुमार(35) ?पिता- विनय साह, शोगरी जमालपुर, वार्ड न०-30,थाना शोगरी जिला-खगड़िया निवासी के रूप मे हुई है। उत्पाद विभाग ने गिरफ्तार व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई कर रही है।

## गड्ढे से शव बरामद

**अररिया।** नरपतगंज थाना क्षेत्र के पलासी वार्ड संख्या दो निवासी एसएसबी जवान अजीत कुमार सहनी (35 वर्ष) उर्फ सूरज का शव रविवार को संदिग्ध अवस्था में बथनाहा थाना क्षेत्र अंतर्गत भद्रेश्वर नहर के निकट सीता धार के समीप पानी से भरे एक गड्ढा से बरामद हुआ। वह बथनाहा स्थित एसएसबी 56वीं वाहिनी में पदस्थापित था और फिलहाल आईसीपी भेड़ियारी में तैनात था। वह पिछले कुछ दिनों से छुट्टी पर घर में रह रहा था।

इधर सूचना मिलने ही बथनाहा थानाध्यक्ष राजवीर साहू दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव को पुलिस अभिरक्षा में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल अररिया भेज दिया। जहां से अंत्यपरीक्षण उपरांत शव स्वजनों को सौंप दिया गया।

घटना की खबर मिलते ही मृतक के घर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा। वहीं, स्वजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। घटना को लेकर बताया गया कि जवान अजीत कुमार सहनी शनिवार को नेपाल में अपने किसी स्वजन के पास गया हुआ था। जहां से लौटकर वह अपने घर नहीं पहुंचा। आखिरी बार उसकी बात पत्नी कल्पना देवी से हुई थी।

# बम पूजा को लेकर किया गया भूमि पूजन

## महादेव के नारों से गूंजायमान हुआ गांव



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**शिवाजीनगर।** शिवाजी नगर प्रखंड के ग्राम पंचायत राज दहियार रन्ना अंतर्गत शहरू गांव में सोमवार, 01 दिसंबर से आगामी 7 जनवरी 2026 को आयोजित होने वाले श्री श्री 1008 सार्वजनिक बम पूजा की तैयारियों की शुरूआत पवित्र भूमि पूजन के साथ हुई। पूरा गांव हर-हर महादेव के जयकारों से जुटा रहा और माहौल पूर्णतः शिवमय बना रहा मुख्य यजमान ने संपन्न कराया भूमि पूजन इस अवसर पर मुख्य यजमान लाल बाबू मंडल एवं उनकी धर्मपत्नी रेखा देवी ने आचार्य गजेंद्र नारायण चौधरी द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच पूजा स्थल पर विधिवत भूमि पूजन कराया। भूमि पूजन के बाद मंदिर स्थित महादेव की डोली शोभायात्रा के रूप में पूजा स्थल पर लाई गई, जहां उन्हें पूरे विधि-विधान के साथ स्थापित किया गया श्रद्धालुओं की उमड़ी अपार भीड़ समस्तीपुर तथा दरभंगा दोनों जिलों की बम पूजा समितियों के सदस्य, ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्रों के हजारों श्रद्धालु इस अवसर पर एकत्र हुए। कार्यक्रम स्थल पर भक्ति, आस्था और उत्साह का ऐसा संगम देखने को मिला जिसने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया उपस्थित प्रमुख सदस्य एवं जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में बम पूजा समिति के कई सदस्य उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से महेंद्र बम, फूल बाबू बम, रेखा देवी बम, अरविंद कुमार बम, कपे मंडल बम, दामोदर मंडल बम, संजय कुमार बम, राकेश कुमार सिंह बम उर्फ राजेश, पंचायत समिति के प्रतिनिधि मदन प्रसाद सिंहा बम, रामचरित्र मंडल बम, प्रखंड प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार बम, रामचंद्र मंडल बम, मनोज कुमार बम, रामबालक मंडल बम, कपि मंडल बम, गणेश मंडल बम, राजेश्वर प्रसाद सिंह बम, अरुण कुमार बम, शंकर मंडल बम, अनिल कुमार सिंह बम, संजय बम, बिकाऊ बम, पवन बम, रवि बम आदि सैकड़ों कार्यकर्ता एवं ग्रामीण उपस्थित रहे भक्तिमय माहौल चौपाड़ा, ऊख और भजन से झूम उठे श्रद्धालु पूरे स्थल को भक्ति के रंग में रंगने के लिए चौपाड़ा, ऊख तथा भक्ति संगीत की विशेष व्यवस्था की गई थी। कर्णप्रिय शिव भजनों ने ऐसा वातावरण बनाया कि श्रद्धालु झूम उठे और हर कोई नाचने-गाने को विवश हो गया। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने भक्ति की लय पर कदम मिलाकर कार्यक्रम को और भी आकर्षक बना दिया हजारों श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भोजन की व्यवस्था बम पूजा समिति द्वारा दूर-दराज से आए भक्तों के लिए प्रसाद वितरण और सामूहिक भोजन (भंडारा) की भव्य व्यवस्था की गई। समिति के सदस्यों ने हर श्रद्धालु तक प्रसाद पहुंचाकर सेवा भाव का परिचय दिया

आगामी बम पूजा को लेकर उत्साह चरम पर भूमि पूजन के साथ ही शहरू गांव में आगामी बम पूजा की तैयारियां औपचारिक रूप से शुरू हो गई हैं। स्थानीय लोगों में 7 जनवरी 2026 को होने वाले इस ऐतिहासिक और विशाल आयोजन को लेकर उत्साह अपने चरम पर है शहरू ग्राम में आयोजित भूमि पूजन ने इस बात का संदेश स्पष्ट कर दिया कि आने वाली बम पूजा पूरी भव्यता और धार्मिक आस्था के साथ ऐतिहासिक स्वरूप लेकर आएगी।

# डिग्री कॉलेज के लिए दुनही पंचायत की जमीन चिह्नित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** गढ़पुरा में डिग्री कॉलेज नहीं है, जिसके कारण प्रखंड क्षेत्र की बहुत सी छात्राएं उच्च शिक्षा प्राप्त करने से वंचित रह जाती है। क्योंकि स्नातक की शिक्षा के लिए शहरी क्षेत्रों में पढ़ने की व्यवस्था है। जहां नित्य घर से जाकर पढ़ना छात्राओं के लिए संभव नहीं होता है।

प्रखंड के 11 उच्च विद्यालय को उत्क्रमित कर प्लस टू बनाया गया है। इसको लेकर बालिकाएं इंटर तक की शिक्षा लेकर घर बैठ जाती है। हालांकि राज्य सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने प्रखंड स्तर पर डिग्री कॉलेज खोलने का निर्णय लिया है।

डिग्री कॉलेज के लिए अंचल अधिकारी को भूमि चयन करने के लिए जिला से निर्देश दिया गया था। जिसका अनुपालन करते हुए गढ़पुरा अंचल के सीओ राजन कुमार ने मौजा विजय नारायण के गैर मजरुआ आम पांच एकड़ जमीन चिह्नित किया है, जिसका सारा कागजात तैयार कर अनुमंडल के माध्यम से सरकार को भेज दिया गया है।

अब डिग्री कॉलेज बनने की जमीन संबंधित प्रक्रिया पूरी हो गई है। उपरोक्त जानकारी देते हुए सीओ ने बताया कि सरकार द्वारा डिग्री कॉलेज खोले जाने के लिए जमीन उपलब्ध कराने का निर्देश मिला था, जिसका अनुपालन करते हुए इस कार्य को प्रमुखता से लेते हुए जमीन की तलाश की गई।

दुनही पंचायत के मौजा विजय नारायण के अंतर्गत थाना



नंबर 124, खाता संख्या 27, खेसर 279, रकबा 5 एकड़ डिग्री महाविद्यालय की स्थापना के लिए सरकार को भेजा गया है। सीओ ने बताया कि यह गैर मजरुआ आम जमीन, जिसका कुछ लोगों ने अपने नाम से बंदोबस्त करा कर जमाबंदी कायम करा लिया था, जिसे जिला के एडीएम को कागजात उपलब्ध कराकर गया।

बारीकी से अध्ययन करने के बाद एडीएम ने जमाबंदी रदीकरण वाद संख्या 191 वर्ष 2024-25 को उक्त जमीन की जमाबंदी रद कर दिया गया। उसके बाद उक्त खाता खेसरा और रकवा को दशार्ते हुए सारा कागजात अनुमंडल पदाधिकारी के माध्यम से सरकार को डिग्री महाविद्यालय खोले जाने के लिए भेज दिया गया है।

## महाप्रबंधक ने किया निरीक्षण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** पूर्वोत्तर सीमा रेलवे मालीगांव गुवाहाटी के महाप्रबंधक निर्माण अंजनी कुमार ने सोमवार को कटिहार-डंडखोरा केडीपीआर रेल दोहरीकरण परियोजना के तहत चल रहे कार्यों का विस्तृत निरीक्षण किया। यह दौरा उनके आधिकारिक टूर प्रोग्राम का एक महत्वपूर्ण हिस्सा था। जिसका उद्देश्य परियोजना की प्रगति और गुणवत्ता की समीक्षा करना था। महाप्रबंधक अंजनी कुमार रविवार रात ट्रेन संख्या 15909 अटैच आरए से किशनगंज से रवाना हुए और सोमवार सुबह 10:35 बजे कटिहार पहुँचे। उन्होंने कटिहार - मनिहारी एमएफए और कटिहार - डंडखोरा केडीपीआर रेल दोहरीकरण परियोजनाओं के कार्यों का बारीकी से मुआयना किया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने परियोजना की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय पर काम पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण में उनके साथ मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सीएओ/सी /वन), मुख्य प्रशासनिक अधिकारी सीएओ/सी/ टु,मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर और मुख्य इंजीनियर निर्माण -2 सहित कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहे।

## विश्व एड्स दिवस पर निकाली जागरूकता रैली

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कटिहार।** बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति पटना के तत्वावधान में जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण इकाई कटिहार की ओर से 1 दिसंबर सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। सुबह सदर अस्पताल से प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी को संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर एसीएमओ डॉ.जेपी सिंह, सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी एवं उपाधीक्षक सदर अस्पताल डॉ. आशा शरण ने रवाना किया। यह प्रभात फेरी शाहीद चौक होते हुए विनोदपुर के रास्ते वापस सदर अस्पताल पहुंचकर समाप्त हो गया । जिला एड्स बचाव एवं नियंत्रण ने सिविल सर्जन सभागार में एचआईवी-एड्स की जागरूकता को लेकर कार्यशाला का आयोजन किया। इसका उद्घाटन डॉ. रंजना झा, सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी, ब्लड सेन्टर के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. आरएस सुमन, डॉ सुलोचना, समाजसेवी मंजूश्री साहा ने संयुक्त रूप से किया। मंच संचालन डीपीएम डेप्कू शौनिक प्रकाश ने किया। सीडीओ डॉ अशरफ रिजवी ने बताया कि जागरूकता और सुरक्षित यौन संबंध से ही एचआईवी-एड्स को फैलने से रोका जा सकता है। डॉ रंजना झा ने कहा कि सभी गर्भवती महिलाओं का प्रसव से पहले एचआईवी-एड्स की जांच जरूर कराएं। यदि प्रसव से पहले गर्भवती महिला की जांच रिपोर्ट में एचआईवी-एड्स पाया जाता है तो उस गर्भवती महिला को एआरटी सेन्टर से जोड़ा जाना चाहिए। डॉ. आरएस सुमन ने कहा कि पैसे से ब्लड नहीं खरीदें। पैसे से खरीदे हुए ब्लड की जांच नहीं की जाती है। ऐसे ब्लड एचआईवी-एड्स से संक्रमित हो सकते हैं। उस संक्रमित ब्लड से जिस मरीज को ब्लड चढ़ाया जाएगा वो मरीज भी एचआईवी-एड्स से पीड़ित हो जाएगा। प्राइवेट नर्सिंग होम के मरीजों को सरकारी रक्त केंद्र में डोनर देकर पांच सौ रुपए में ब्लड उपलब्ध करा दिया जाता है। अगर मरीज सदर अस्पताल में इलाज करा रहा तो यह व्यवस्था निःशुल्क है। डॉ. सुलोचना ने बचाव की जानकारी को सबसे बेहतर इलाज बताया। डीआईएस मिथिलेश ठाकुर ने संपूर्ण सुरक्षा केंद्र की जानकारी दी। कार्यक्रम में पीपीटीसी महिला कांउनसेलर डॉ. आभा कुमारी, बैद्यनाथ कुमार , मीनू कुमारी, प्रवीण मिश्रा, जितेन्द्र कुमार महराज ने अपने-अपने विभाग की एचआईवी-एड्स से जुड़ी तकनीक जानकारी दी। मौके पर लेखापाल डेप्कू प्रभाकर लाल दास, मेरा युवा भारत के युवा अधिकारी जनक राज मीना, एमटीएस विक्रम कुमार, अश्वनी कुमार झा, राहुल कुमार, दिनेश कुमार, बबीता कुमारी, पिंकू कुमार, इंद्रजीत कुमार, रूबी कुमारी, महनूर बेगम, रवि शंकर झा, परवेज जफर अशरफी, राम निरेखन दुबे,संदीप कुमार उपस्थित रहे।

# महापौर ने जनता दरबार में सुनीं जनसमस्याएं



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कटिहार।** नगर निगम कटिहार में महापौर ऊषा देवी अग्रवाल के कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया।

महापौर ने अपने कार्यालय कक्ष में आये सभी 29 फरियादियों की समस्या सुनी। महापौर के द्वारा सभी फरियादियों की समस्या सुन त्वरित कारवाई करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश दिया गया। जनता दरबार में प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना, सड़क व नाला निर्माण, बिजली पोल एवं लाइट, रास्ते एवं अतिक्रमण से जुड़े विवाद, नालों की साफ-सफाई, सड़क अतिक्रमण करने वाले पे होगी करवाई एवं अन्य मामलों से संबंधित मामले आए। महापौर के द्वारा पिछले जनता दरबार में आये सभी आवेदनों की समीक्षा भी की गई। इस दौरान उप महापौर मंजूर खान, वार्ड पार्षद आदि मौजूद रहे।

# चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष मिले एसपी से

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मेदिनीनगर (पलामू)।** मेदिनीनगर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की टीम ने अध्यक्ष विकास शेट्टी की अध्यक्षता में सोमवार को पलामू पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन से शिष्टाचार मुलाकात की।

संगठन ने अपनी स्थापना के साथ शहर की सुरक्षा व्यवस्था से संबंधित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही पुलिस प्रशासन द्वारा अब तक किए जा रहे बेहतर कार्यों के लिए आभार प्रकट किया। अध्यक्ष विकास शेट्टी ने कहा कहा कि महोदया के नेतृत्व में पलामू में शांति व्यवस्था काफी हद तक कायम है। किसी भी बड़ी घटना के होने पर पुलिस के तत्काल उद्भेदन किए जाने से आम जनता में भरोसा बढ़ा है।

संगठन ने मुलाकात के दौरान यह भी अवगत कराया कि शहर में अपराध, ड्रग एडिक्शन व अनैतिक गतिविधियों में शामिल कुछ असामाजिक तत्व लगातार नए स्थान व तरीके तलाश कर सक्रिय हो रहे हैं। इसलिए कुछ संवेदनशील क्षेत्रों में पुलिस की सक्रियता बढ़ाने का अनुरोध किया गया। इनमें अंबेडकर पार्क, नदी




किनारे के क्षेत्र, इंडस्ट्रियल एरिया, हवाई अड्डा परिसर व शहर के शांत व सुनसान मार्ग शामिल है। इन क्षेत्रों में ड्रग एडिक्शन व अनैतिक गतिविधियां बढ़ने की शिकायतें मिल रही हैं। इनकी रोकथाम आवश्यक है। टीम ने यंग बाइकर्स द्वारा तेज रफ्तार व स्टंट ड्राइविंग को लेकर चिंता व्यक्त किया। कहा कि इससे शहर में दुर्घटनाओं की संख्या बढ़ रही है। इस संदर्भ में प्रमुख मार्गों पर स्टॉप बैरियर लगाने, बाहरी क्षेत्रों से आने वाले रास्तों पर चेकिंग बढ़ाने व ट्रैफिक नियमों के कड़े अनुपालन की आवश्यकता पर बल दिया। शहर के अलावा आसपास के बाजार क्षेत्रों में चोरीझडकैती की घटनाओं में वृद्धि पर भी संगठन ने चिंता जताई। इसके समाधान हेतु संबंधित थाना क्षेत्रों के अधिकारियों को सशक्त करने व सभी हाईवे चौराहों पर नियमित वाहन चेकिंग अभियान चलाने का सुझाव दिया गया। इससे ड्रग्स, ड्रिंक एंड ड्राइव जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक लग सकेगी। कहा कि पुलिस विभाग द्वारा बाजार क्षेत्र में सीसीटीवी लगाए जाने से अपराध पर काफी नियंत्रण हुआ है। इसी मॉडल को आगे बढ़ाते हुए संवेदनशील सार्वजनिक स्थलों पर भी सीसीटीवी कैमरे लगाने एवं उनका कंट्रोल पुलिस विभाग के पास रखने व कैमरे लगे होने का साइन बोर्ड प्रदर्शित करने का आग्रह किया गया ताकि असामाजिक तत्वों में भय उत्पन्न हो। सुझाव दिया कि जल्द ही एक प्रेस वार्ता, जागरूकता अभियान व फ्लैग मार्च के माध्यम से यह स्पष्ट निर्देश जारी किए जाएं। दोपहिया वाहनों के लिए हेलमेट अनिवार्य, चारपहिया वाहनों के लिए सीट बेल्ट अनिवार्य व ब्लैक फिल्म पर पूर्ण प्रतिबंध लगवाने की अपील की गई।

पुलिस अधीक्षक ने सभी बिंदुओं को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया। खासकर चिन्हित प्वाइंट पुलिस लाइन रोड, मिशन स्कूल रोड, मरीन ड्राइव नदी किनारे , केजी स्कूल रोड, हवाईअड्डा व आवश्यक सभी जगह पर स्टॉप बैरियर जल्दी लगाने व समय-समय पर वाहन जांच अभियान चलाने व आवश्यक कार्रवाई करने को आश्वासन दिया। मौके पर गुरबीर सिंह, संतोष कुमार गुप्ता, विजय प्रसाद, लव कुमार, विपिन वर्मा, आनंद वर्धन, पीयूष कुमार ,पवन कुमार निलेश चंद्र, अमित लाल व रंजीत कुमार मिश्रा उपस्थित थे।

# डीईओ ने प्रधानाचार्य को किया निलंबित

## मामला थाली में अंडा दिखाकर वापस लेने का

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**जमालपुर ।** शिक्षा विभाग की छवि को धूमिल करने के उद्देश्य से जमालपुर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 29 स्थित प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर के प्रधानाचार्य संजीव कुमार द्वारा बच्चों को मध्यान भोजन के दौरान अंडा देकर तस्वीर खींची और वापस ले लेने की अमानवीय घटना पर संज्ञान लेते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी कुणाल गौरव ने प्रधानाचार्य को निलंबित कर दिया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी ने बताया एक और विभाग बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के साथ-साथ विद्यालयों में शैक्षणिक वातावरण स्थापित करने के लिए तरह-तरह के योजनाओं का संचालन कर रहा है। इस परिस्थिति में प्राथमिक विद्यालय फरीदपुर की घटना निंदनीय है।

जिला कार्यक्रम पदाधिकारी एमडीएम द्वारा किए गए मामले की जांच में प्रधानाचार्य को दोषी पाते हुए निलंबित कर दिया गया है। निलंबन के दौरान प्रधानाचार्य का मुख्यालय टेटिया बंबर प्रखंड किया गया है। उन्होंने कहा प्रधानाचार्य पर विभागीय कार्रवाई को लेकर विभाग को भी पत्राचार किया गया है। डीईओ ने स्पष्ट कहा है इनको जो जिम्मेदारी दी गई है उसका निर्वहन ईमानदारी और निष्ठा के साथ करें अन्यथा कार्रवाई को लेकर तैयार रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षा के मंदिर में किसी प्रकार की लापरवाही से समझौता नहीं किया जाएगा मामला संज्ञान में आने पर हर हाल में विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

# आरटीपीएस : जहानाबाद को राज्य में प्रथम स्थान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जहानाबाद।** बिहार प्रशासनिक सुधार मिशन सोसाइटी, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार सरकार द्वारा बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम (आरटीपीएस) के कार्य उपलब्धियों के आधार पर जिलों का माह अक्टूबर, 2025 रैंकिंग में जहानाबाद जिला को राज्य में पहला स्थान प्राप्त होने पर जिला पदाधिकारी अलंकृता पाण्डेय ने प्रसन्नता व्यक्त की है। इस दौरान उन्होंने आरटीपीएस के कार्य में लगे सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों यथा- पुलिस अधीक्षक, नोडल पदाधिकारी, आरटीपीएस, जिला कल्याण पदाधिकारी, आईटी मैनेजर, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, सब रजिस्ट्रार, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, राजस्व पदाधिकारी, सभी आइटी सहायक, सभी कार्यपालक सहायक सहित अन्य पदाधिकारी को जहानाबाद जिले को प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए धन्यवाद दिया तथा आगे भी रैंकिंग में सुधार करते हुए प्रथम स्थान पर जहानाबाद जिला का स्थान बना रहे इस हेतु सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से अपील की गई। नोडल पदाधिकारी, आर.टी.पीएस सह जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं पंचायत स्तर पर आरटीपीएस संचालित है, जहां से यह सुविधा आमजनों को प्रदान की जाती है। उन्होंने बताया कि बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत कई सुविधाएं दी जाती है, जिसमें आय प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आवासीय प्रमाण पत्र के साथ साथ राशन कार्ड, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, सामाजिक सुरक्षा पेंशन हेतु विभिन्न प्रकार के आवेदन भी शामिल हैं। नोडल पदाधिकारी, आर.टी.पी.एस. ने बताया कि जिला पदाधिकारी के नेतृत्व में तथा आइटी मैनेजर के सहयोग से बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत यह उपलब्धि जहानाबाद जिले को प्राप्त हुआ है एवं निरंतर बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु प्रयासरत हैं। जहानाबाद जिला को सभी सेवाओं के लिए 99.81 अंक प्राप्त हुआ। जैसा की ज्ञात हो बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम, 2011 के तहत आमजनो को विभिन्न प्रकार के प्रमाण पत्र एवं सुविधाएं प्रदान की जाती है।

## महिला के आभूषण व नकदी चोरी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** बस से रिश्तेदार के घर जा रही महिला के ट्रॉली बैग से लाखों रुपयों के सोने के आभूषण और नकदी चोरी हो गए। यह घटना अंबा थाना क्षेत्र के ढुंढा बिगहा गांव निवासी चंद्रदेव यादव की पुत्री मीना कुमारी के साथ घटित हुई। पीड़िता ने बताया कि इस वर्ष जून माह में उसकी शादी औरंगाबाद के छोटकी बेला गांव निवासी लल्लू यादव के साथ हुई थी। विगत 19 नवंबर को वह अपनी मां सुभगिया देवी के साथ मौसेरी बहन की शादी में शामिल होने के लिए अंबा-नवीनगर बस स्टैंड से बस पकड़ कर हुसैनाबाद के सामुडीह गांव जा रही थी। उसके पास दो बैग थे। पीड़िता ने बताया कि बस पर चढ़ने के दौरान मैंने बस एजेंट योगेन्द्र कुमार को बताया कि मेरे ट्रॉली बैग में आभूषण और नकदी रखा हुआ है इसे मैं अपने पास रखूंगी परंतु एजेंट ने दबाव बनाकर और सामान की सुरक्षा की जवाबदेही की बात कहते हुए जबरन ट्रॉली बैग को बस के ऊपर रख दिया। उन्होंने बताया कि सामुडीह मुख्य सड़क के किनारे ही उनकी मौसी का घर है। वहां पहुंचने पर बस के कंडक्टर ने रिश्तेदारों के हाथों ट्रॉली बैग बस से उतरवाया। बस से बैग उतरने पर पीड़िता ने देखा कि बैग फटा हुआ है। जब उन्होंने फटे हुए बैग की शिकायत कंडक्टर से की तो उसने उनकी बात अनसुनी कर दी और गाड़ी आगे बढ़ा दिया। अनहोनी के आशंका से पीड़िता ने अपनी मौसी के घर के बाहर ही ट्रॉली बैग खोल कर देखा तो आभूषण और नकदी गायब थे। घटना के अगली सुबह पीड़िता के परिजनों ने बस एजेंट और कंडक्टर से पूछताछ की तो उन लोगों ने चोरी में संलिप्तता से इनकार कर दिया। पीड़िता ने बताया कि बस पर चढ़ने के दौरान ट्रॉली बैग में नकदी और आभूषण रखे होने की बात बताने के बावजूद एजेंट के द्वारा जबरन बैग को बस के ऊपर रख दिया गया यह उनकी साजिश को बयां करता है। उन्होंने लगभग तीन लाख रुपये के सोने के आभूषण और दस हजार रुपए नकदी की चोरी होने की बात कही है। चोरी की शिकायत लेकर पीड़िता के परिजन अंबा थाना पहुंचे जहां थानाध्यक्ष राहुल राज ने उन्हें घटना क्षेत्र के संबंधित थाने में शिकायत दर्ज करने की बात कह कर वापस लौटा दिया।

# जिलाधिकारी ने मंडई वीयर परियोजना का निरीक्षण कर त्वरित मुआवजा वितरण के दिए निर्देश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** जिला पदाधिकारी, जहानाबाद अलंकृता पाण्डेय द्वारा मंडई वीयर परियोजना का स्थल निरीक्षण किया गया, जिसमें अपर समाहर्ता, विशेष कार्यक्रम, जहानाबाद तेज नारायण राय, अनुमण्डल पदाधिकारी राजीव रंजन सिन्हा, भूमि सुधार उप समाहर्ता, जहानाबाद अमू अमला, अंचल अधिकारी, मोदनगंज भी उपस्थित थे। निरीक्षण में जिला पदाधिकारी के द्वारा प्रभावित रैयत को बताया गया कि अपर मुख्य सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के द्वारा प्राप्त आदेश के आलोक में मंडई वीयर परियोजना अन्तर्गत लंबित मुआवजा भुगतान राशि पर सूद की राशि की गणना कर (प्रत्येक वर्ष की 15% सूद की राशि )अधियाची विभाग कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल घोषी को कुल 31.81 करोड़ स्वीकृति हेतु भेजा गया था, फलस्वरूप कार्यपालक अभियंता, सिंचाई प्रमण्डल, घोषी के द्वारा स्वीकृत करते हुए जिला भू-अर्जन कार्यालय, जहानाबाद को सूद की राशि प्राप्त हो गया है। जिला पदाधिकारी के द्वारा अंचल अधिकारी, मोदनगंज को निर्देश दिया गया है कि मंडई वीयर परियोजना अन्तर्गत प्रभावित रैयतों का अविलंब निर्धारित कैम्प में एलपीसी निर्गत करने का निदेश दिया गया साथ ही अनुमण्डल पदाधिकारी, जहानाबाद को निर्देश दिया गया कि निर्धारित कैम्प की तिथि को अपने स्तर से कार्यपालक दण्डाधिकारी प्रतिनियुक्त करेंगे ताकि ऑन स्पॉट बंध पत्र, शपथ पत्र निर्गत किया जा सके। जिला भू-अर्जन पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि अर्जित भूमि के विरुद्ध मुआवजा प्राप्त करने हेतु प्रभावित सभी रैयतों का नोटिस निर्गत कर लिया गया है। भू-अर्जन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि मुआवजा प्राप्त करने हेतु भूमि से संबंधित कागजात यथा भू-स्वामित्व प्रमाण पत्र, लगान रसीद, केवाला, खतियान, वंशावली, बटवॉरानामा, बंध पत्र, शपथ पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, बैंक पासबुक, शुद्धि पत्र तथा सह हिस्सेदारो का अनापति प्रमाण पत्र अपना दावा संबंधित कैम्प या जिला भू-अर्जन कार्यालय, जहानाबाद में शीघ्र प्रस्तुत करने हेतु अनुरोध किया गया है ताकि जिन रैयत के द्वारा पूर्व में मुआवजा प्राप्त नहीं किया गया है, या प्राप्त कर लिया गया है वैसे सभी रैयतों को विभाग से प्राप्त अतिरिक्त सूद की राशि के सहित मुआवजा भुगतान की कार्रवाई की जायेगी।

# विश्व एड्स दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम के तहत परिचर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**





**जहानाबाद।** स्थानीय एस. एस. कॉलेज, में सोमवार को विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आइक्यूएसी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के संयुक्त तत्वाधान में एड्स संबंधी जागरूकता पर एक परिचर्चा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एनएसएस के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. अंशु कुमार मल्लिक ने कहा कि सूचना क्रांति के इस दौर में सही जानकारी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने जोर देकर कहा कि एड्स और अन्य यौन संचारित रोगों के बारे में उचित जानकारी ही बचाव का सबसे प्रभावी माध्यम है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सामूहिक और समर्पित प्रयासों से एड्स जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण अवश्य संभव है।डॉ. मल्लिक ने संस्कृत श्लोक उद्धृत करते हुए स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित किया और बताया कि 'निरोगी होना ही परम भाग्य है, तथा स्वास्थ्य से ही सभी कार्य सिद्ध होते हैं।' उन्होंने भारतीय सांस्कृतिक मूल्यों के अनुरूप आदर्श दाम्पत्य जीवन और अनुशासित जीवनशैली अपनाने की प्रेरणा दी।

वनस्पति विज्ञान विभाग के सुनील कुमार सिंह ने एचआइवी/एड्स के कारण, प्रभाव, बचाव तथा जागरूकता की आवश्यकता पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एड्स एक संक्रामक रोग अवश्य है, परंतु यह सामान्य स्पर्श, साथ बैठने या साथ कार्य करने से नहीं फैलता। इसलिए, एड्स पीड़ितों से दूरी नहीं, बल्कि सहयोग, संवेदना और सद्भावना की आवश्यकता है। कार्यक्रम में एनएसएस के स्वयंसेवकों एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं के साथ-साथ अमृता कुमारी, नारायणजी, रुपेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# उमगा तालाब में सालों भर रहता है पानी, खूबसूरत है बनावट

## तालाब के सौन्दर्यीकरण करने की आवश्यकता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** जिले के मदनपुर प्रखंड के धार्मिक व ऐतिहासिक स्थल उमगा पहाड़ से सटे पश्चिम उमगा तालाब प्राचीन है। उमगा पहाड़ घूमने वाले पर्यटक तालाब की खूबसूरती देखना नहीं भूलते हैं। बता दें कि तालाब में सालों भर पानी भरा रहता है। सुंदरीकरण की जरूरत है। घाट निर्माण होने से तालाब पर्यटकों को आकर्षित करेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस तालाब पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। धार्मिक दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण इस तालाब की अब भी महत्ता है। यहां चैत एवं कार्तिक में होने वाले छठ पर अर्घ्य देने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगती है। दोपहर से ही श्रद्धालु अर्घ्य देने पहुंचते हैं। प्रखंड के अलावा अन्य प्रखंड व जिले के श्रद्धालु यहां आते हैं। साथ ही बसंत पंचमी के अवसर पर लगने वाले मेले में पहुंचे श्रद्धालुओं ने इसी तालाब में स्नान, पहाड़ स्थित देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना व दर्शन करते हैं। पहाड़ स्थित मां उमंगेश्वरी, सूर्य भगवान, गौरी शंकर मंदिरों में आए दिन पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ रहती है। अभी पर्याप्त मात्रा में वर्षा नहीं होने के कारण तालाब पूरा भरा नहीं है। बता दें कि उमगा तालाब प्राचीन राजाओं के जमाने से है। राजा भैरवेंद्र ने अपने शासनकाल में 52 बीघा का तालाब का निर्माण कराया था। तालाब में राजा की रानियों के लिए गुप्त मार्ग बना था। तालाब की बनी सीढ़ियों का अवशेष आज देखने को है।

# महिलाओं को मिलेगा रोजगार पूर्व मुखिया ने किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के बशरतपुर गांव में एक निजी एजुकेशन वेलफेयर ट्रस्ट ने अपनी नई ब्रांच का उद्घाटन किया है। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय महिलाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना है। पूर्व मुखिया शहजादा शाही और कोऑर्डिनेटर ने फीता काटकर इस ब्रांच का उद्घाटन किया। शाही ने इस अवसर पर कहा कि इस सुदूर इलाके में महिलाओं को उद्योग से जोड़ना एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा। उन्होंने सिलाई मशीन और ब्यूटी पार्लर जैसे उद्योगों का उदाहरण दिया। आरआरओ मो. शोहेब आलम ने बताया कि ट्रस्ट महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के क्षेत्र में सहायता प्रदान करेगा। इसके तहत 'गरीब हेल्प डिजिटल' योजनाएं शुरू की गई हैं, जिनमें शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, लोन, विवाह, सिलाई, पेंशन, छात्रवृत्ति, कृषि और ब्यूटी से संबंधित योजनाएं शामिल हैं। इन योजनाओं से महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकेंगी और अपने परिवार का बेहतर भरण-पोषण कर पाएंगी। इस उद्घाटन समारोह में कोऑर्डिनेटर शबाना खातून, अनिता कुमारी, उमदतुन निशा, सदस्य निगार, सुल्ताना, सब्बा परवीन, परवेज आलम सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शराब के साथ कारोबारी गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** पुलिस ने लभरी पुल के पास से अपाची बाइक से 17 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ कारोबारी हाजीपुर गोला निवासी पंकज चौधरी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया, अपची बाइक बीआर 26 वाई 1505 को जब्त कर थाना लाया गया। एसआई उमेश कुमार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर कारोबारी पंकज चौधरी को जेल भेज दिया गया।

# 300 किसानों के बीच गेहूं बीज का किया गया वितरण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय के कृषि भवन में सोमवार को लगभग 300 किसानों के बीच गेहूं बीज का वितरण किया गया। कृषि भवन में किसानों की बीज लेने के लिए भीड़ देखी गई। संदर्भ में प्रखंड कृषि पदाधिकारी अमृता कुमारी ने बताई की सुगमता पूर्वक बीज वितरण करने के लिए दो काउंटर लगाए गए हैं। महिला किसान एवं पुरुष किस के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं। उन्होंने बताया कि जिन किसानों को बीज लेना है वह ऑनलाइन या स्वयं कृषि सलाहकार से संपर्क स्थापित कर आवेदन ऑनलाइन करते हुए बायोमेट्रिक पद्धति से किसान बीज खरीद सकते हैं। फिलहाल रबी फसल के लिए प्रखंड कृषि कार्यालय में गेहूं का बीज का वितरण किया जा रहा है। इससे पूर्व तिलहन एवं दलहन बीज का वितरण किया जा चुका है। इस वर्ष स्वीट कॉर्न एवं बेबी कॉर्न का भी बीज उपलब्ध कराया गया है। इच्छुक किस प्रखंड कार्यालय से खरीद सकते हैं। बीज खरीदने के लिए हो रहे किसानों के भीड़ को देखते हुए बीज वितरण सुबह 10:00 बजे से लेकर जब तक किस रहते हैं तब तक किसानों के बीच वितरण किया जाता है। उर्वरक की उपलब्धता पर प्रखंड कृषि पदाधिकारी ने कहा कि उर्वरक आवश्यकता अनुसार बाजार में उपलब्ध है।

# ठाकुरबाड़ी गौरक्षणी घाट पर संगम महाआरती 6 दिसंबर को

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जहानाबाद।** स्थानीय शहर के ऐतिहासिक ठाकुरबाड़ी स्थित दरधा- जमुना नदी के पवित्र संगम घाट पर आगामी 6 दिसंबर को शौर्य दिवस के अवसर पर भव्य संगम महाआरती का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम को लेकर संगम घाट परिसर में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि इस अवसर पर आयोजन स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया जाएगा तथा संपूर्ण विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच संगम महाआरती आयोजित की जाएगी। आयोजन समिति से जुड़े लोगों ने बताया कि इस बार की आरती को पूर्व वर्षों की तुलना में और अधिक भव्य, दिव्य और यादगार बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजन समिति के सदस्य बुलेट बाबा ने बताया कि जहानाबाद के पवित्र संगम घाट पर यह आरती पिछले पांच वर्षों से निरंतर आयोजित की जा रही है। उन्होंने बताया कि हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की संख्या में भी उत्तरोत्तर वृद्धि हुई है। बताया जाता है कि पहले भी गौरक्षणी संगम घाट पर भव्य रूप से आरती का आयोजन किया जा चुका है, जिसमें जहानाबाद सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए थे। इस बार भी आयोजन को भव्य स्वरूप देने के लिए बनारस से विशेष महंतों और विद्वान आचार्यों को आमंत्रित किया गया है, जो पारंपरिक वैदिक रीति-रिवाजों के साथ गंगा आरती का संचालन करेंगे।

बुलेट बाबा ने कार्यक्रम के महत्व को रेखांकित करते हुए बताया कि संगम महाआरती केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि हमारी सनातन संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का एक सशक्त माध्यम है। यह कार्यक्रम लोगों के भीतर आध्यात्मिक चेतना का संचार करता है और समाज में सकारात्मक ऊर्जा का प्रसार करता है। उन्होंने बताया कि आरती के दौरान दीपों की रोशनी, शंख-नाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और मंत्रोच्चार से पूरा घाट क्षेत्र भक्तिमय माहौल में डूब जाएगा। उन्होंने आगे बताया कि यह कार्यक्रम विभिन्न सामाजिक संगठनों और हिंदू धार्मिक संगठनों के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्थानीय युवाओं, सामाजिक कार्यकर्ताओं और स्वयंसेवकों की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। इसके अलावा सुरक्षा, स्वच्छता तथा श्रद्धालुओं की सुविधा का भी विशेष ध्यान रखा जाएगा, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।आयोजकों की ओर से जिलेवासियों से विशेष अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस भव्य गंगा आरती में शामिल होकर आयोजन की शोभा बढ़ाएं। बुलेट बाबा ने खास तौर पर लोगों से आग्रह किया है कि वे इस बार अपने घर से एक दीपक (दीप) अवश्य लेकर आएं, ताकि सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन कर आरती को और भी दिव्य व भव्य स्वरूप दिया जा सके।आयोजन समिति का मानना है कि जनसहभागिता से यह गंगा आरती न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बनेगी, बल्कि सामाजिक एकता, सांस्कृतिक जागरूकता और आध्यात्मिक भावनाओं को भी मजबूती प्रदान करेगी। कार्यक्रम को लेकर पूरे शहर में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है और श्रद्धालु बेसब्री से इस पावन अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं।


## पूर्व मध्य रेल

### खुली ई–निविदा सूचना

**खुली ई–निविदा सूचना सं०–सोनपुर2025–26 (170)**

मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)/सोनपुर भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई–निविदा आमंत्रित करते हैं। ई–निविदा की अंतिम तिथि 19.12.2025 को 13:00 बजे तक निर्धारित है। ई–निविदा संबंधी एवं निविदा प्रपत्र का अवलोकन वेबसाइट www.ireps.gov.in पर किया जा सकता है।

**कार्य का नाम:** 170. पूर्व मध्य रेलवे के कटरिया बैलास्ट साइडिंग/डिपो में सोनपुर मंडल के लिए पाकुड़/बाकुडीह/बरहरवा या साहिबगंज रेंज के किसी अन्य अनुमोदित खदान से आरडीएसओ के ट्रैक बैलास्ट के विनिर्देश (फरवरी – 2023 संस्करण अद्यतन सुधार पर्चियों के साथ) के अनुरूप 50000 घनमीटर मशीन कश्ड स्टोन ट्रैक बैलास्ट 50 मिमी आकार की आपूर्ति एवं स्टैकिंग। **अनुमानित लागत (रू. में.) :** 10,17,49,536.00, **बयाने की राशि (रू. में):** 6,58,800.00

उपरोक्त निविदा सूचना वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदा संबंधी रेल का अधिकार – किसी भी निविदा को स्थगित करने /निरस्त करने अथवा निविदा में सुधार करने हेतु रेलवे का अधिकार सुरक्षित रहेगा। निविदादाता का इसमें कोई दावा मान्य नहीं होगा।

**मंडल रेल प्रबन्धक (इंजी०)**
**पूर्व मध्य रेल, सोनपुर**

**पीआर/1357/एसईई/इंजी०/टी/25–26/36**



# ड्रग्स की लत में फंसी युवा पीढ़ी, अपराध की दहलीज पर रखा कदम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के शकूराबाद बाजार और आसपास के इलाकों में इन दिनों सूखा नशा के कथित प्रसार को लेकर लोगों में चिंता बढ़ती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी, तो आने वाले समय में इसके गंभीर सामाजिक परिणाम सामने आ सकते हैं। खासकर युवा और किशोर वर्ग इसकी चपेट में आ चुका है। क्षेत्र में ड्रग्स का रैकेट और प्रसार भी तेजी से बढ़ रहा है। ड्रग्स के शिकार युवा पीढ़ी अपराध की दहलीज पर भी कदम रख चुका है। इस पूरे क्षेत्र में ड्रग्स के प्रभाव से युवाओं का भविष्य खतरे में पड़ता दिख रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले कुछ दिनों से इलाके में कई युवक नशे की हालत में इधर-उधर घूमते और असामान्य व्यवहार करते नजर आ रहे हैं। इससे न सिर्फ माहौल प्रभावित हो रहा है, बल्कि परिवारों की भी चिंताएं बढ़ गई हैं। सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि नशे की लत धीरे-धीरे युवाओं की सोच, स्वास्थ्य और व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित करती है, जिससे उनका जीवन अंधकार की ओर चला जाता है।लोगों का मानना है कि इस अवैध गतिविधि के पीछे कोई संगठित गिरोह भी सक्रिय हो सकता है, जो युवाओं को बहला-फुसलाकर इस दलदल में धकेल रहा है। हालांकि, डर और दबाव के कारण कई लोग खुलकर सामने आने से कतरा रहे हैं। ऐसे में यह मामला और भी गंभीर होता जा रहा है। ग्रामीणों और समाजसेवियों ने इस विषय को लेकर पुलिस प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है। उनका कहना है कि अगर सख्त कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में स्थिति और बिगड़ सकती है और अपराध की अन्य घटनाएं भी बढ़ सकती हैं।

# बाल विवाह मुक्त भारत को लेकर शहर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखण्ड के ग्राम पंचायत चौबड़ा के राजकीयकृत उर्दू मध्य विद्यालय काजीचक एवं हाई स्कूल करमा में सोमवार को दीप ज्योति कल्याण संस्थान के बैनर तले बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में सभी छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्य और महत्व के बारे में बताया गया। संस्थान के सामुदायिक शोसल वर्कर सरिता कुमारी ने बताया कि वे 100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान चला रहे हैं, जिसका उद्देश्य बाल विवाह को उखाड़ फेंकना है। इस अभियान के तहत स्कूलों, धार्मिक स्थलों, विवाह में सेवाएं देने वाले पेशेवर सेवा प्रदाताओं और पंचायतों व नगरपालिका वार्डों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। जिज्ञासा कुमारी ने कहा कि यह 100 दिवसीय गहन अभियान देश की दिशा बदलने वाला साबित होगा और हमें प्रधानमंत्री के विकसित भारत के लक्ष्य के करीब लाएगा। संगठन ने बताया कि उन्होंने पिछले एक वर्ष में 300 बाल विवाह रुकवाए हैं और इस अभियान को और गति व मजबूती देने के लिए सरकार की घोषणा का स्वागत करते हैं। इस कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को बाल विवाह के खिलाफ शपथ दिलाई गई। शपथ में कहा गया कि वे बाल विवाह को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे और अपने आसपास के लोगों को भी इसके खिलाफ जागरूक करेंगे। इस अभियान में सम्मिलित प्रधानाध्यापक मो०शमशाद आलम, मो० वदूद, रिजवाना खातुन, एवं हाई स्कूल करमा के प्रधानाध्यापक जितेंद्र यादव, एवं सभी सहायक शिक्षक शामिल रहे।


## पूर्व मध्य रेल

### ई–निविदा सूचना

ई–निविदा नोटिस सं.–48 ऑफ 2025–26/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोकनिर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूची बद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–23–डीडीयू–व.मं.इंजी.– I–25–26,**

कार्य का नाम एवं लोकेशन : आरा–सासाराम अनुभाग में सड़क की सतह में सुधार एल.सी. आदि पर लॉकिंग व्यवस्था के साथ स्लाइडिंग बूम का प्रावधान, कार्य का अनुमानित लागत: ₹3,12,49,348.05, धरोहर राशि : ₹3,06,300/–

**निविदा सं.–24–डीडीयू–व.मं.इंजी.– I–25–26,**

कार्य का नाम एवं लोकेशन : सहायक मंडल इंजीनियर/ I I/डीडीयू के तहत भभुआ, सैयदराजा और पुसौली में आरजीएम/मशीन साइडिंग सुविधाओं का उन्नयन, कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,32,32,792.71 धरोहर राशि : ₹2,16,200/–

ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 19.12.2025 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय

पीआर/1354/डीडीयू/अभि./टी/25–26/40


# फरार शराब कारोबारी चौपारण से गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज पुलिस ने शराब कारोबारी को पंचवटी दावा होटल चौपारण से झारखंड राज्य के चौपारण थाना अंतर्गत बृद्धवन गांव निवासी यशवंत प्रसाद के पुत्र रंजीत कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। इस केश के आयु निरंजन कुमार सिंह ने बताया कि गुरुवार को रफीगंज शिवगंज पथ के रेगानिया मोड़ के पास बोलेरो गाड़ी पर लदे 560 ली कच्चा स्प्रिट एवं बोलेरो गाड़ी जेएच 15 के 7888 को बरामद हुआ था। रेगानिया मोड़ के समीप घेराबंदी की गई सड़क के किनारे बोलोरो गाड़ी खड़ी कर पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी गाड़ी छोड़कर फरार हो गया था, सभी बरामद सामग्री को थाना लाया गया। बोलोरो गाड़ी के मालिक एवं चालक को आरोपित बनाते हुए रफीगंज थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष अभिषेक कुमार ने बताया कि काफी मशक्कत के बाद एसआई निरंजन कुमार सिंह के द्वारा शराब कारोबारी को पकड़ थाना लाया गया।

# 500 से अधिक धान के बोझे जलकर राख

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मदनपुर।** मदनपुर थाना क्षेत्र के पालकियां के एक खलिहान में रखे 500 से अधिक धान के बोझे में अचानक आग लगने से जल कर खाक हो गई। घटना रविवार रात की है। मामले में किसान को काफी नुकसान पहुंचा है। घटना को लेकर निरंजन यादव ने बताया कि दो-तीन दिन पहले करीब तीन बीघा के फसल कटाई कर धान का बोझा खलिहान में रखा हुआ था। रविवार की रात अचानक आग लग गई। आग की लपटें इतनी तेज थी कि आग पर काबू पाना मुश्किल था। आसपास के किसानों के द्वारा शोर मचाने पर लोग खलिहान में पहुंचे और उपलब्ध संसाधनों से आग बुझाने का प्रयास किया गया लेकिन असफल रहे। घटना की जानकारी अग्निशमन टीम को दी गई। मौके पर पहुंची अग्निशमन टीम ने जैसे तैसे आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक काफी देर हो चुकी थी और इस घटना में 500 से अधिक धान के बोझे जल कर खाक हो गए। इस घटना से जानवरों के चारे की संकट उत्पन्न हो जाएंगी। यह घटना कैसे घटित हुई जानकारी नहीं है। सीओ मो. अकबर हुसैन ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। नुकसान का आंकलन कर पीड़ित को मुआवजा प्रदान किया जायेगा। चेईनवादा पंचायत के सरपंच परमानन्द सिंह ने बताया कि किसान निरंजन यादव के खलिहान में रखा 500 से अधिक बोझा जल कर राख हो गए हैं। इसमें किसान को दो लाख रूपये की क्षति हुई है। सरकार से मांग की जा रही है कि किसान को क्षतिपूर्ति के रुप में तीन लाख रूपये मुआवजा दी जाए।

# शैक्षिक सह सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** डाक बंगला स्थित राजकीय मध्य विद्यालय में विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर दिव्यांग बच्चों के बीच प्रखंड स्तरीय शैक्षणिक सह संस्कृति एवं खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन की गई। प्रधानाध्यापक मशकूर आलम ने बताया कि 6 से 18 वर्ष आयु वर्ग के दिव्यांग बच्चे के भाग लिया, बच्चों के बीच खेलकूद, सांस्कृतिक कार्यक्रम और अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

सभी बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अच्छा प्रदर्शन किया। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को प्रोत्साहन के साथ-साथ पठन-पाठन सामग्री देकर सम्मानित किया गया। लेखपाल पवन कुमार मिश्रा ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पहल का जिक्र किया, जिसके तहत "विकलांग" शब्द को बदलकर "दिव्यांग" किया गया है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि पहले ऐसे आयोजन नहीं होते थे, लेकिन अब प्रखंड स्तर पर भी दिव्यांग बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा में लाने और उन्हें अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए मंच प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय कदम है।

# सफाई कर्मियों ने आगजनी करते हुए तालाबंदी की, प्रदर्शन, हड़ताल की दी चेतावनी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** सात सूत्री मांगों को लेकर सोमवार को सुबह नप के दैनिक सफाई कर्मियों ने आगजनी कर कार्यालय के मुख्य गेट का ताला जड़ दिया। जमकर परिषद प्रशासन व सफाई एजेंसी एडम के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शन कर रहे कर्मियों ने बताया कि परिषद प्रशासन व एडम एजेंसी द्वारा आज तक पहचान पत्र (आइकार्ड) नहीं दिया गया है और वर्दी तक नही दिया गया है। पीएफ का भी भुगतान नही होता है। जिससे आक्रोशित होकर कर्मियों ने पटना नगर निगम के तर्ज पर मानदेय वेतन की भुगतान करने की मांग किया हैं और पीएफ का साक्ष्य नही दिया जाता है। जिससे सार्वजनिक करने की मांग किया। कर्मियों को परिषद के कर्मियों व एजेंसी द्वारा बिना कारण के मनमानी तरीके से हटाया दिया जाता है।दस वर्षों से कार्य कर रहे कर्मियों को नियमित करने की मांग किया । कर्मियों को एक सामान कार्य और एक सामान मजदूरी देने की मांग किया। कर्मियों ने बताया कि पिछले 25 नवंबर को अपनी मांग का लिखित आवेदन परिषद के प्रशिक्षु आईएस अधिकारी विग्नेश टीए को दिया गया था। आवेदन देने के बाद कोई उचित पहल नहीं किया गया तो बाध्य होकर सोमवार को परिषद प्रशासन व एजेंसी एडम के खिलाफ आगजनी करते हुए परिषद कार्यालय के मुख्य गेट पर ताला जड़ दिया गया है और किसी भी कर्मियों और अधिकारी को अंदर जाने नहीं दिया जा रहा है। परिषद के स्वच्छता अधिकारी अपर्णा व प्रभारी प्रधान लिपिक को भी अंदर घुसने नहीं दिया गया। जिससे वे वापस लौट गए। कर्मियों ने बताया कि एजेंसी एडम मनमानी करते हुए दैनिक सफाई कर्मियों को हटा देते हैं और धमकी भी देते हैं कि सीएम, नगर विकास मंत्री समेत जिससे भी शिकायत करने पर मेरे कोई कुछ नहीं कर सकता है। प्रदर्शन कर रहे दैनिक सफाई कर्मियों मांगों पूरा नही होता है तो हड़ताल पर जाने की चेतावनी दी है। कर्मियों ने बताया कि पार्षद भी दैनिक सफाई कर्मियों से मनमानी तरीके से काम करते हैं। परिषद के ईओ पंकज कुमार ने बताया कि दैनिक सफाई कर्मियों का मांगो को जल्द पूरा किया जाएगा। उन्होंने बताया कि एजेंसी एडम को दैनिक सफाई कर्मियों को पांचों दिनों के अंदर मांगो को पूरा करने का निर्देश दिया गया है।

## दानापुर बीआरसी के द्वितीय बिहार बटालियन का मना स्थापना दिवस

**दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार रेजीमेंट केंद्र के द्वितीय बिहार बटालियन का स्थापना दिवस सोमवार को धूमधाम से मनाया गया। बिहार रेजिमेंट की द्वितीय बटालियन की स्थापना 1 दिसंबर 1942 को लेफ्टिनेंट कर्नल जीएल टार्वर और सूबेदार मेजर हरनंदन सिंह के कुशल नेतृत्व में आगरा छावनी में की गई। बटालियन की सरंचना राजपूत, अहीर, ब्राह्मण, मुस्लिम और आदिवासी वर्ग के आधार पर की गई थी।गठन के बाद से ही बटालियन पूरे समर्पण और उत्साह के साथ देश की सेवा कर रही है। बटालियन ने युद्ध क्षेत्र के साथ-साथ शांतिकाल में भी अपनी व्यावसायिक दक्षता साबित की है। बटालियन को समय-समय पर कई प्रतिष्ठित वीरता पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है। देश की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बटालियन के वीर सैनिकों को याद करने और सम्मानित करने के लिए रेजिमेंट के वीर स्मृति स्थल पर एक विशेष श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया गया। रेजिमेंट के कमांडेंट ब्रिगेडियर राकेश कुमार बोरा, लेफ्टिनेंट कर्नल एके सिंह, दंडपाल सह लेफ्टिनेंट कर्नल अंकुर कुमार मिश्रा, दंडपाल, सूबेदार मेजर विपिन कुमार प्रधान समेत कई सैन्य अधिकारी,जेसीओ व सैनिक शामिल थे।

## पिस्तौल व गोली के साथ दो युवक गिरफ्तार

**दानापुर।** पुलिस ने गुप्त सूचना पर नासरीगंज घाट से दो युवकों को एक पिस्तौल व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोशन कुमार उर्फ विरजन झखड़ी महादेव गैय गोदाम व मनीष मांझी गाभतल टाउन राउंड मुसहरी निवासी है। सिटी एसपी पश्चिमी ममता कल्याणी ने पत्रकारों को बताया कि दानापुर पुलिस ने गुप्त सूचना पर नासरीगंज घाट से अपराधिक घटना की योजना बना रहे थे। पुलिस ने छापेमारी कर रोशन व मनीष को एक देसी पिस्तौल व एक गोली के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार रोशन व मनीष से पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

# दिव्यांगजन के सम्मान में एम्स पटना का विशेष सप्ताह

## व्हीलचेयर और कृत्रिम अंग देकर बढ़ाया हौसला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**फुलवारीशरीफ।** अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस (3 दिसंबर) के अवसर पर एम्स पटना में दिव्यांगजन सप्ताह 29 नवंबर से 4 दिसंबर तक मनाया जा रहा है। सोमवार 1 दिसंबर को भौतिक चिकित्सा एवं पुनर्वास विभाग द्वारा विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें दिव्यांगजनों के अधिकार, सम्मान और पुनर्वास पर व्यापक चर्चा हुई। इस मौके पर कार्यकारी निदेशक ने दिव्यांगजनों से बातचीत कर उनकी जरूरतों, समस्याओं और अनुभवों को गहराई से समझा। एम्स पटना की ओर से दिव्यांग लाभार्थियों को 10 व्हीलचेयर, 6 कृत्रिम अंग और 6 ऑर्थोसिस प्रदान किए गए। सहायता सामग्री पाकर लाभार्थियों के चेहरे खुशी से खिल उठे। इस अवसर पर बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन मौजूद रहे। मुख्य संरक्षक के रूप में उपस्थित संस्थान के कार्यकारी निदेशक प्रो. (ब्रिग.) डॉ. राजू अग्रवाल ने कहा कि आत्मबल दिव्यांगजन की सबसे बड़ी शक्ति है। समाज को चाहिए कि वह हर दिव्यांग व्यक्ति के आत्मविश्वास को बढ़ाने में सक्रिय भूमिका निभाए। मंच पर उपस्थित विशेषज्ञों और अधिकारियों ने भी दिव्यांगजनों की हौसला अफजाई की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मौके पर बिहार सरकार की सामाजिक कल्याण विभाग की सचिव बंधना प्रेयसी, एम्स नई दिल्ली के पीएमआर विभागाध्यक्ष डॉ. संजय वाधवा, जेआईपीएमईआर पुडुचेरी के प्रो. (डॉ.) नवीन कुमार, प्रो. (डॉ.) पुनम प्रसाद भदानी, प्रो. (डॉ.) संजय पांडेय, प्रो. (डॉ.) रुचि सिन्हा, प्रो. (डॉ.) मनोज कुमार, प्रो. (डॉ.) अनुप कुमार तथा उप निदेशक नीलोत्पल बल भी उपस्थित थे।

# बाल विवाह को लेकर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** धनरूआ सीडीपीओ कार्यालय में महिला एवं बाल विकास निगम के संयुक्त तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला हिंसा पखवारा के तहत जेंडर आधारित हिंसा पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महिला बाल विकास निगम की निशा कुमारी एवं सीडीपीओ जीनत कौसर ने किया। कार्यक्रम के दौरान सीडीपीओ जीनत कौसर ने जेंडर हिंसा रोकथाम का जन जन तक प्रचार प्रसार करने के लिए सभी एलएस को निर्देशित किया गया। उन्होंने कहा कि संबंधित क्षेत्र में लैंगिक हिंसा से सम्बंधित किसी भी प्रकार कि शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। लैंगिक हिंसा की रोकथाम एवं जागरूकता हेतु सभी को आवश्यक कदम उठाने तथा ट्रांसजेंडर को भी समाज में बराबरी का हक मिले उसपर बल दिया। लैंगिक रोकथाम एवं बेटा-बेटी में किसी भी तरह का भेदभाव नहीं करने की बात कही। इस दौरान लैंगिक हिंसा, दहेज़ प्रथा, बाल विवाह आदि पर रोक लगाने की जानकारी दी। उन्होंने इस दौरान बेटा व बेटी के जन्म में अंतर को समाप्त करने के लिये लोगो को जागरूक किया। इसके अलावा सीडीपीओ ने पीएम वीआई, मुख्यमंत्री कन्या सुरक्षा योजना की भी विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बेटी की शादी 19 वर्ष से कम में ना कराए। उन्होंने आंगनबाड़ी सेविका को लाभुकों का बैठक कर पीएमवीवाइ का फॉर्म भरने का निर्देश दिए।

# विश्व एड्स दिवस पर मसौढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम, स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** हर वर्ष 1 दिसंबर को मनाया जाने वाला विश्व एड्स दिवस सिर्फ एक औपचारिक तिथि नहीं, बल्कि एचआईवी/एड्स के खिलाफ वैश्विक एकजुटता का प्रतीक है। इसी संदेश को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मसौढ़ी में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें पीएचसी प्रभारी डॉ. रामानुज, स्वास्थ्य प्रबंधक ललन कुमार सिंह, बीएओ चंद्रभूषण प्रसाद, अस्पताल स्टाफ एवं जीएनएम शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान डॉ. रामानुज ने कहा कि आज भी बड़ी संख्या में लोग एचआईवी/एड्स को लेकर भ्रम और डर के बीच जी रहे हैं। ऐसी स्थिति में जागरूकता बढ़ाना, सही जानकारी देना और मिथकों को दूर करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष विश्व एड्स दिवस की थीम "व्यवधान पर विजय, एड्स प्रत्युत्तर में सुधार" निर्धारित की गई है, जिसका उद्देश्य एचआईवी/एड्स रोकथाम और उपचार से जुड़ी बाधाओं को खत्म कर बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सभी तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि समाज में एचआईवी से पीड़ित लोगों के प्रति सहानुभूति और सम्मान का भाव विकसित करना आज की सबसे बड़ी जरूरत है।

# सेंट मेरीज़ स्कूल में नासा के डॉ. मुखर्जी की स्टेम कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** बिहार के छात्रों को अंतरिक्ष विज्ञान और आधुनिक तकनीक से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल सोमवार को तब देखने को मिली जब नासा फ्लोरिडा स्पेस ग्रांट कंसोर्टियम (FSGC) के निदेशक डॉ. जयदीप मुखर्जी अपनी पत्नी श्रीला मित्रा के साथ मसौढ़ी पहुँचे। उन्होंने सेंट मेरीज़ स्कूल में छात्र-छात्राओं के बीच स्पेस साइंस और STEM (Science, Technology, Engineering, Mathematics) शिक्षा पर एक विशेष कार्यशाला आयोजित की। कार्यशाला के दौरान डॉ. मुखर्जी ने छात्रों को स्पेस रिसर्च, ग्रहों पर जीवन, ब्लैक होल, टेलीस्कोप, यूनिवर्स की संरचना और आधुनिक अंतरिक्ष मिशनों के वैज्ञानिक सिद्धांतों पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने छात्रों को बताया कि सेंट मेरीज़ स्कूल को जल्द ही फ्लोरिडा से रिमोट प्रोग्रामिंग के माध्यम से विशेष प्रोजेक्ट्स दिए जाएंगे, जिन पर काम कर छात्र अंतरराष्ट्रीय स्तर की रिसर्च से जुड़ सकेंगे। छात्र-छात्राओं ने उत्सुकता से मंगलयान, चंद्रयान, रोबोटिक्स, वेब स्पेस साइंस, AI आधारित स्पेस टेक्नोलॉजी और विभिन्न अंतरिक्ष अभियानों से जुड़े सवाल पूछे, जिनका डॉ. मुखर्जी ने सरल और रोचक तरीके से उत्तर दिया। उन्होंने कहा कि जैसे वे फ्लोरिडा के छात्रों को स्पेस रिसर्च में आगे बढ़ा रहे हैं, वैसे ही बिहार के युवाओं को भी STEM के क्षेत्र में नई उड़ान दिलाना उनका उद्देश्य है। कार्यक्रम में सेंट मेरीज़ स्कूल के प्राचार्य फादर पैकीएम बास्कर, सचिव फादर बासु डेविस, कोलकाता से आए फादर देवराज, उप-प्राचार्य सी. माटिल्डा, शिक्षामित्र राहुल चंद्रा, रितेश समेत कई शिक्षक उपस्थित रहे।

# अगहनी चूड़ा की सौंधी-सौंधी खुशबू से गुलजार हो रहा है पूरा इलाका, दिन-रात कुटाई में जुटे किसान

**शशि तुलस्यान/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**मसौढ़ी।** गुलाबी ठंड के दस्तक देते ही मसौढ़ी में अगहनी चूड़ा की कुटाई शुरू हो चुकी है और इस चूड़े की मांग मकर संक्रांति के अवसर और भी बढ़ जाती है। इसके साथ ही इसकी खुशबू विदेशों तक जाती है। दरअसल मसौढ़ी इलाके में नए धान की फसल तैयार होने के बाद यहां चूड़ा मीलों में अगहनी चूड़ा की कूटाई शुरू हो जाती है। दरअसल सर्द के इस मौसम में नये धान तैयार होने के बाद किसान अगहनी चूड़ा की कुटाई में इन दिनों लगे हैं। मसौढ़ी के ग्रामीण इलाकों के गांव में इन दिनों रात-दिन चूड़ा मीलों में भट्टियों में आग धधक रही है और अगहनी चूड़ा की कुटाई हो रही है। अगहनी चूड़ा की सोंधी सोंधी खुशबू से पूरा इलाका इन दिनों गुलजार हो रहा है। गौरतलब है की मकर संक्रांति पर्व पर लोग चूड़ा दही का जायका लगाते हैं इसके साथ ही अगर अगहनी चूड़ा मिल जाए तो इसका जायका और भी लाजवाब हो जाता है। अगहनी चूड़ा सौंधी स्वाद को लेकर प्रसिद्ध है और इसकी सौंधी खुशबू से पूरा इलाका इन दिनों गुलजार हो रहा है, दिन रात मिलो में चूड़ा कुटाई की होड़ मची है। इन दिनों अगहनी चूड़ा का डिमांड भी बहुत अधिक बढ़ गया है। उत्तर भारत में डिमांड और भी अधिक रहती है दक्षिण भारत में तो चूड़ा दही का लोग सालों आनंद लेते हैं लेकिन उत्तर भारत में लोग चूड़ा दही का ज़ायका मकर संक्रांति के पर्व पर ही लेते हैं। अगहनी चूड़ा न केवल अन्य राज्यों में बल्कि विदेशों तक इसकी खुशबू बिखर रही है।

# निर्माण के बाद दो भागों में बंट गई पोखराही-रामपुर सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** कुटुंबा प्रखंड के पोखराही गांव जाने वाली पीसीसी सड़क निर्माण के दो चार दिन बाद ही दो भाग में बंग गई है। ग्रामीणों ने सड़क निर्माण विभाग से इसकी शिकायत की थी परंतु इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। लगभग दस वर्ष बाद सड़क बेतरतीब तरीके से टूट चुकी है। पोखराही गांव की सड़क अंबा-नबीनगर सड़क से तमसी मोड़ से पहले लिंक रोड के रूप में बनाई गई थी। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटकर बिखरने से गांव जाने के लिए घुमावदार रास्ते का प्रयोग करना पड़ रहा है। ग्रामीण आनंद कुमार सिंह, संजय कुमार सिंह ने कहा कि ग्रामीण सड़क निर्माण विभाग अविलंब इस सड़क का निर्माण कराए ताकि लोगों की परेशानी दूर हो सके। ग्रामीणों की माने तो वर्ष 2014-15 में सड़क का निर्माण किया गया था। निर्माण के बाद दो खंड में सड़क टूटने के बाद ग्रामीणों ने ईट पत्थर डालकर उसकी मरम्मत की थी जिससे इतने दिनों तक आवागमन किया जा सका। बता दें कि पोखराही गांव से 300 मीटर पश्चिम रामपुर देवरिया गांव की सड़क की दशा पोखराही गांव जैसा बना है। गांव की सड़क भी बनने के बाद दो खंड में बंट गई थी। सड़क निर्माण की गुणवत्ता कमजोर थी जिस कारण बनने के कुछ दिनों के बाद ही सड़क टूटकर बिखर गई थी। गांव के लोग इसकी शिकायत सड़क निर्माण विभाग के पास की थी परंतु उस पर कोई सुनवाई नहीं की गई थी। सड़क निर्माण का लगभग दस वर्ष बीतने वाला है परंतु उक्त सड़क का न तो मरम्मत किया जा सका था न ही किसी जनप्रतिनिधि ने उस पर कभी ध्यान दिया। वर्तमान में सड़क चलने लायक नहीं है। ग्रामीण किरण पांडेय, अशोक पांडेय ने बताया कि विभागीय संवेदनहीनता के कारण ग्रामीण दस वर्षो से टूटी और बिखरी हुई सड़क से यात्रा करने को मजबूर हैं। सड़क की हालत ऐसी है कि उस पर दो पहिया वाहन लेकर चलना मुश्किल हो जाता है।

## पटवन को लेकर हुई मारपीट के विवाद का फरार अभियुक्त गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के ओरियारा गांव में बीते 10 मई 2013 को घटित घटना में खेत में पटवन को लेकर दो गुटों में जमकर हिंसक मारपीट की घटनाएं घटित हुई थी। जिसमें फरार चल रहे अभियुक्त टुन्नु राम पिता सुरेश राम को पुलिस ने उसके घर से गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि धनरूआ थाना कांड संख्या 163/13 के तहत वादी पवन राम पिता कामेश्वर राम ने चार लोगों पर नामजद प्राथमिकी दर्ज की थी। उसी के आलोक में फरार अभियुक्त टुन्नू राम को गिरफ्तार किया गया है। वहीं न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आधार पर इसकी गिरफ्तारी कर आग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। कोर्ट में इसके खिलाफ एसपीडी ट्रायल भी शुरू कर दी गई है।

# फल विक्रेता और ऑटो चालकों के बीच मारपीट

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दानापुर।** सोमवार की सुबह बस पड़ाव पर फल विक्रताओं व ऑटो चालकों के बीच जमकर मारपीट हुई। जिसमें आधा दर्जन से अधिक ऑटो के शीशे फूटे और आधा दर्जन चालकों जख्मी हो गये है। जिससे बस पडाव पर अफरा-तफरी मच गया। करीब एक सौ से अधिक ठेला वाले फल विक्रेताओं ने ऑटो चालकों पर हमला कर दिया और आधा दर्जन से अधिक ऑटो के शीशे फोड़ दिया। आधा दर्जन चालाकों जख्मी हो गये है। जिसमें अनिल कुमार यादव, हर्ष कुमार व सुमेश कुमार समेत आदि शामिल है। छावनी परिषद प्रशासन द्वारा बस पडाव से फल विक्रेताओं को ठेला हटाने के लिए नोटिस दिया गया था। जिसको लेकर फल विक्रेताओं ने ऑटो चालकों से इसका विरोध करने के लिए कहा था। सोमवार को सुबह बस पडाव पर फल वाले ठेला लगाकर फल बेच रहे थे। इसी क्रम में एक ऑटो चालक ने ठेले के पास गाड़ी खडी कर दी। जिसको लेकर फल विक्रेता ने नाराजगी जताया। जिसको लेकर फल विक्रेताओं ने बस पडाव पर ठेला नही लगेगा तो ऑटो भी यहां से नही चलेंगे। इसको लेकर दोनों के बीच नोक-झोंक हुई और बाद में फल विक्रेताओं ने करीब एक सौ से अधिक फल विक्रेताओं तलवार, रॉड, हॉकी , बैट व लाठियों से लैंस होकर ऑटो चालकों पर हमला कर दिया और ऑटो का शीशे तोडने लगे। इसका चालकों ने विरोध किया तो चालकों को तलवार, रॉड व हॉकी व लाठी से पिटाई कर जख्मी कर दिया। कुछ देर के लिए बस पडाव रण क्षेत्र बन गया था। कई युवकों वीडियो बना रहे थे तो उसके साथ भी मारपीट किया गया है। ऑटो चालकों ने घटना के विराध में गाडी बंद कर प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। साथ ही बस पडाव , अस्पताल मोड, सदर बाजार व मार्शल बाजार के दुकानों को बंद कराया गया। ऑटो के बंद होने से आम लोगों का आवागमन का भारी परेशानी उठना पड़ा। घटना की सूचना मिलने के बाद काफी देर बाद पुलिस पहुंची। जिसको लेकर चालकों में कडी नाराजगी थी।

# अतिक्रमण पर प्रशासन की बड़ी कार्रवाई बुलडोजर से सड़क व फुटपाथ पूरी तरह खाली

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पालीगंज।** पालीगंज नगर बाजार में सोमवार को प्रशासन ने अतिक्रमण के खिलाफ सख्त रुख अपनाते हुए बड़े पैमाने पर कार्रवाई की। वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर अंचल अधिकारी महेश कुमार के नेतृत्व में बिहटा मोड़ से लेकर हाईस्कूल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा नाला रोड तक सड़क किनारे बने अवैध गुमटी और दुकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान पालीगंज थानाध्यक्ष सुमन कुमार समेत कई पुलिस अधिकारी और भारी पुलिस बल मौजूद रहा। अंचल अधिकारी महेश कुमार ने बताया कि मुख्य बाजार क्षेत्र में फुटपाथ और नाले पर अवैध कब्जे के कारण लगातार जाम की समस्या बनी हुई थी। कई लोगों ने सरकारी जमीन पर अवैध निर्माण कर लिया था, जिससे आमजन परेशान थे। इसी समस्या को देखते हुए वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर आज अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की गई। उन्होंने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह पहले ही लोगों को सूचना दे दी गई थी, परंतु फिर भी कई लोगों ने कब्जा नहीं हटाया। मजबूरन बुलडोजर चलाकर सड़क और फुटपाथ को पूरी तरह अतिक्रमण मुक्त कराया गया। अंचल अधिकारी ने आगे कहा कि अस्थायी अतिक्रमण करने वालों को लोक अधिनियम 156 के तहत नोटिस भेजा जाएगा। साथ ही ऐसे सभी अतिक्रमण जल्द हटाए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि पालीगंज में बसों और टेंपो के मनमाने ढंग से खड़े होने से ट्रैफिक की समस्या बढ़ती है। इस पर नियंत्रण के लिए जल्द ही एसडीओ की अध्यक्षता में वाहन मालिकों और चालकों की बैठक कर नया ट्रैफिक प्लान तैयार किया जाएगा। इसके अलावा ऑटो और बसों के लिए अस्थायी स्टैंड भी विकसित किया जाएगा, ताकि लोगों को आवागमन में कोई परेशानी न हो।

# बंद घर से पांच लाख की संपत्ति गायब

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मसौढ़ी।** शहर में ठंड की दस्तक के साथ चोरी की घटनाएँ लगातार बढ़ने लगी हैं। इसी क्रम में बीते रविवार की देर रात चोरों ने पटेल नगर स्थित एक बंद घर को निशाना बनाते हुए करीब 5 लाख रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मिली जानकारी के अनुसार, पीड़ित संजय कुमार, जो संत मेरीज़ स्कूल में शिक्षक हैं, 29 नवंबर को परिवार के साथ टाटा में आयोजित एक शादी समारोह में गए हुए थे। 30 नवंबर की शाम उनके पड़ोसी ने फोन कर बताया कि उनके घर का दरवाज़ा टूटा हुआ है और अंदर सामान बिखरा पड़ा है। सूचना मिलते ही संजय कुमार मसौढ़ी पहुंचे और देखा कि उनके घर की अलमारी, बक्से और गोदरेज का ताला तोड़कर चोर कीमती आभूषण और नगदी लेकर फरार हो चुके थे। पीड़ित ने कुल लगभग पांच लाख रुपये की संपत्ति चोरी होने की बात कही है। घटना की शिकायत मसौढ़ी थाना में दर्ज करा दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है, हालांकि चोरी की वारदात के बाद मोहल्ले में सुरक्षा को लेकर लोगों में भारी चिंता व्याप्त है। शादी-ब्याह के सीजन और बढ़ती ठंड के बीच चोरों की सक्रियता ने स्थानीय निवासियों को सतर्क रहने पर मजबूर कर दिया है।

# मसौढ़ी हमेशा हमारे दिल में रहेगा : बीडओ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**मसौढ़ी।** मसौढ़ी प्रखंड के बीआरसी में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर का सेवानिवृत्त होने पर विदाई समारोह का आयोजन सोमवार को किया गया। जिसकी अध्यक्षता पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर ने की, संचालन प्रधानाध्यापक रामशेखर शर्मा ने किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रभाकर कुमार, डीडीओ अखिलेश प्रसाद, दीपक शर्मा, मों मंजर शादाब, मो. नेयाज अहमद, मो.अशरफ परवेज, शकील अहमद, ब्रजकिशोर प्रसाद समेत सभी स्कूलों के प्राचार्य एवं शिक्षक शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। उसके बाद नवल किशोर प्रोजेक्ट बालिका विद्यालय और अभ्यास मध्य विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत और विदाई गीत गया गया। कार्यक्रम में पूर्व प्रखंड प्रमुख रमाकांत रंजन किशोर ने कहा की सेवानिवृत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र ठाकुर बिते पांच जनवरी 2023 को मसौढ़ी में अपना योगदान दिया था। तब से लेकर आज तक इनका सौम्य व्यवहार और निष्पक्ष कार्य प्रणाली के कारण हर शिक्षकों के दिल में रहे, यहां तक की मसौढ़ी में सभी प्रशासनिक पदाधिकारी के बीच अपने कार्य कुशलता से अपनी पहचान बनाए। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी ने भी इनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में आए हुए सभी प्राचार्य शिक्षकों ने भावुक होकर नाम आंखों से विदाई की। वही कार्यक्रम के दौरान सेवानिवृत हो चुके 19 शिक्षकों को प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा शॉल और डायरी देकर सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में शिक्षक मीनाक्षी कुमारी, पीटीसी के प्राचार्य रश्मि कुमारी एवं अन्य शिक्षक शामिल रहे।

# धान खरीद में देरी से किसान परेशान

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पालीगंज।** धान खरीद की प्रक्रिया शुरू न होने से किसानों में गहरी नाराजगी पनप रही है। भारतीय किसान संघ के पटना जिला मंत्री श्याम किशोर शर्मा ने बताया कि नवंबर समाप्त होने को है, लेकिन अब तक धान खरीद की शुरुआत नहीं की गई है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार किसानों के हितों के प्रति संवेदनशील दिखाई नहीं दे रही है। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष राज्य सरकार ने 45 लाख मीट्रिक टन धान खरीद का लक्ष्य निर्धारित किया था, किंतु मात्र 39.23 लाख मीट्रिक टन धान ही खरीदा जा सका। इसके बावजूद इस वर्ष लक्ष्य घटाकर 36 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है जबकि धान खरीद अवधि 1 नवंबर से 15 फरवरी तक निर्धारित है, लेकिन वर्तमान स्थिति यह है कि अभी तक एक भी क्विंटल धान नहीं खरीदा गया है।

# इस्लामिया ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन में विश्व एड्स दिवस पर रैली और जागरूकता कार्यक्रम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** विश्व एड्स दिवस पर इस्लामिया ग्रुप ऑफ़ इंस्टिट्यूशन के दोनों शिक्षण संस्थानों—सत्तार मेमोरियल कॉलेज ऑफ़ एजुकेशन (इस्लामिया बीएड कॉलेज) और तक्षशिला बी।एड कॉलेज—में जागरूकता रैली, प्रभात फेरी और जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य एचआइवी/एड्स के संक्रमण, बचाव और उपचार से संबंधित सही जानकारी समाज तक पहुंचाना था।दोनों कॉलेजों के शिक्षकगण रैली और कार्यक्रमों के दौरान छात्रों के साथ रहे और उन्हें समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित करते रहे। छात्रों की सहभागिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन से जागरूकता अभियान अत्यंत सफल रहा। इस्लामिया ग्रुप का इंस्टीट्यूशंस के चेयरमैन हाजी खुर्शीद हसन ने कहा कि एड्स जैसी बीमारी के प्रति जागरूकता ही सबसे बड़ा बचाव है। उन्होंने छात्रों से सही वैज्ञानिक जानकारी समाज तक पहुंचाने की अपील की। आईक्यूएसी समन्वयक डॉ। अली इमाम ने एड्स के कारणों, संक्रमण के रास्तों और बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। वहीं आईक्यूएसी सदस्य डॉ. मंजुला ने युवाओं को अफवाहों से दूर रहने और वैज्ञानिक जानकारी अपनाने की सलाह दी। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 10:30 बजे कॉलेज परिसर में हुई। बीएड और डीएलएड के सभी प्रशिक्षु शिक्षक, शिक्षकगण और कॉलेज कर्मी मौजूद थे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रैली की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि एड्स के प्रति जागरूकता फैलाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवाओं को आगे बढ़कर समाज को सही दिशा देने का कार्य करना चाहिए। इस्लामिया बीएड कॉलेज की रैली मुख्य चौक, बाजार रोड और आसपास की गलियों से होकर पुनः कॉलेज पहुंची।

# चार साल से फरार शराब कारोबारी बढ़हन मांझी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**फुलवारीशरीफ।** गौरीचक थाना पुलिस ने चार वर्षों से फरार चल रहे शराब कारोबारी बढ़हन मांझी को गिरफ्तार कर लिया। थाना अध्यक्ष अमित कुमार ने बताया कि बढ़हन मांझी, पिता पूणमास मांझी, ग्राम लंका कछुआरा, थाना गौरीचक, जिला पटना का निवासी है और उसके खिलाफ गौरीचक थाना कांड सं। 263/21, दिनांक 11.07.2021, धारा 30(a) बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज था।गौरीचक थाना पुलिस ने बताया कि मामले में विधिवत अग्रिम कार्रवाई की जा रही है। बिहार विधानसभा चुनाव के बाद भीपुलिस की इस तरह कार्रवाई से इलाके में शराब माफिया के बीच हड़कंप मच गया है।

# साउथ अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में शुभमन गिल के खेलने की संभावना



**नई दिल्ली, एजेंसी।** कप्तान शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दौरान चोटिल हुए थे, जिसके बाद वह अगला टेस्ट नहीं खेल सके। गिल मेहमान टीम के खिलाफ वनडे सीरीज का भी हिस्सा नहीं हैं, लेकिन अब उनके टी20 सीरीज में खेलने की उम्मीद है। शुभमन गिल के सोमवार से बेंगलुरु में बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) में होने की उम्मीद है। गिल अपनी गर्दन की चोट की रिकवरी के लिए तुरंत रिहैब शुरू करेंगे। उम्मीद है कि सीओई टी20 फॉर्मेट के उपकप्तान को अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट फिर से शुरू करने की इजाजत दे सकता है। शुभमन गिल साउथ अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता में खेले गए टेस्ट सीरीज के पहले मैच की पहली पारी में चौका लगाने के दौरान चोटिल हुए थे। इसके बाद गिल दोबारा इस सीरीज में नहीं खेल सके। इसके बाद गिल अपनी गर्दन की चोट को लेकर सलाह लेने के लिए मुंबई में स्पेशलिस्ट के पास गए। उन्होंने अपने घर लौटने से पहले तीन दिन वहीं बिताए। उस बीच गिल ने अपना पर्सनल रिहैब जारी रखा। सोमवार को वह बेंगलुरु के लिए निकले।

साउथ अफ्रीका के खिलाफ पांच मुकाबलों की टी20 सीरीज 9 दिसंबर से शुरू होगी। अगले कुछ दिनों में इसके लिए भारतीय टीम के चुने जाने की उम्मीद है। शुभमन गिल ने अपनी रिकवरी पर कड़ी मेहनत की है। वह जल्द से जल्द मैदान पर लौटने के लिए बहुत उत्सुक हैं। सूत्रों ने क्रिकबज से कहा, 'गिल ने रिहैब प्रोसेस के दौरान बहुत मेहनत की है। अब वह सीओई में है। अगर सब कुछ प्लान के मुताबिक रहा, तो गिल 6-7 दिसंबर तक कटक में होंगे, जब टी20 टीम के इकट्ठा होने की उम्मीद है।' ऐसी उम्मीद की जा रही है कि तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह भी साउथ अफ्रीका के खिलाफ आगामी टी20 सीरीज में खेलते नजर आ सकते हैं। बुमराह को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 9 दिसंबर को कटक में पहला टी20 मुकाबला खेला जाएगा, जिसके बाद 11 दिसंबर को न्यू चंडीगढ़ में अगले मैच का आयोजन होगा। दोनों देश धर्मशाला में 14 दिसंबर को सीरीज का तीसरा मैच खेलेंगे। लखनऊ में 17 दिसंबर को सीरीज का चौथा मैच खेला जाएगा, जबकि 19 दिसंबर को अहमदाबाद में सीरीज के पांचवें मैच का आयोजन होगा।

## मेरा करियर एक फॉर्मेट तक सीमित है : विराट कोहली

**रांची, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट सीरीज में 0-2 से हार का सामना करना पड़ा था। इस हार के बाद विराट कोहली की टेस्ट फॉर्मेट में फिर से वापसी की चर्चा शुरू हो गई थी। रांची वनडे में विराट के शतक के बाद उनकी टेस्ट वापसी की चर्चा और जोर-शोर से शुरू हुई, लेकिन विराट ने इन चर्चाओं पर विराम लगा दिया है। विराट कोहली ने रांची वनडे के बाद प्रेजेंटेशन के दौरान यह स्पष्ट कर दिया कि उनका अंतरराष्ट्रीय करियर अब सिर्फ एक फॉर्मेट, वनडे, तक सीमित है, उससे आगे कुछ नहीं। विराट से पूछा गया कि क्या उनका इरादा सिर्फ वनडे में ही खेलना है, तो उन्होंने कहा, 'हां, और हमेशा ऐसा ही रहेगा। मैं सिर्फ एक तरह का गेम खेल रहा हूं। कोहली ने समझाया, 'अगर आपने 300 के आस-पास गेम खेले हैं, तो आपको पता होता है कि लंबे समय तक बैटिंग करने की फिजिकल क्षमता कब होती है। जब तक आप बॉल को अच्छी तरह से हिट कर रहे हैं, यह फिजिकली फिट, मेंटली तैयार और एक्साइटेड होने के बारे में है। कोहली के इस बयान से स्पष्ट हो गया कि उनका ध्यान वनडे विश्व कप 2027 पर है।




## कोहली-रोहित के बिना 2027 वर्ल्ड कप नहीं जीत सकते...

### इस भारतीय दिग्गज ने चयनकर्ताओं को दी नसीहत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय टीम के पूर्व कप्तानों विराट कोहली और रोहित शर्मा के ओडीआई फ्यचूर को लेकर हालिया समय में काफी अटकलें लगी हैं. दोनों टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं, ऐसे में कई क्रिकेट विशेषज्ञ यह सवाल उठा रहे थे कि क्या कोहली और रोहित 2027 के वनडे वर्ल्ड कप तक खेल पाएंगे. तब तक कोहली की उम्र करीब 39 साल जाएगी. वहीं रोहित शर्मा तब तक 40 साल से ज्यादा के हो जाएंगे. अब रांची वनडे में दोनों की शानदार बल्लेबाजी ने यह बहस खत्म कर दी है. साउथ अफ्रीका के खिलाफ रांची वनडे में विराट कोहली ने शानदार 135 रन बनाए. वहीं रोहित शर्मा के बल्ले से 57 रन निकले. रोहित-कोहली ने मिलकर दूसरे विकेट के लिए 136 रनों की पार्टनरशिप की, जिसके दम पर भारत ने 349 रनों का बड़ा स्कोर खड़ा किया. भारत ने इस मैच को 17 रनों से जीता और सीरीज में 1-0 की बढ़त ले ली. इस एक साझेदारी ने दिखा दिया कि रोहित-कोहली अभी भी पहले जैसे ही खतरनाक हैं. अब टीम इंडिया के पूर्व कप्तान और पूर्व चीफ सेलेक्टर कृष्णमाचारी श्रीकांत ने इन दोनों स्टार बल्लेबाजों की जमक तारीफ की है. श्रीकांत का कहना है कि 2027 का वनडे वर्ल्ड कप रोहित और कोहली के बिना भारतीय टीम जीत ही नहीं सकती ।

### दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार...

कृष्णमाचारी श्रीकांत ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'रोहित और कोहली अलग ही लेवल पर खेल रहे हैं. क्रिकेट के इस दौर में इतने कठिन मैच खेलना आसान नहीं है. लेकिन वे दोनों सिर्फ एक फॉर्मेट खेलकर भी अपनी फिटनेस और मानसिकता बेहतरीन बनाए हुए हैं. इन दोनों के बिना प्लान बनाना बेकार है. 2027 वर्ल्ड कप जीतना है तो रोहित और विराट टीम में होने ही चाहिए ।

## जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम, अब स्विट्जरलैंड से होगा सामना

**मदुरै, एजेंसी।** भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी।

भारतीय पुरुष जूनियर हॉकी टीम जीत की लय बरकरार रखने उतरेगी और अब उसका सामना एफआईएच जूनियर विश्व कप में अपने अंतिम ग्रुप मैच में मंगलवार को स्विट्जरलैंड से होगा। भारतीय टीम अच्छी फॉर्म में चल रही है, लेकिन उसे अब तक असली चुनौती नहीं मिली है। भारत की कोशिश रहेगी कि नॉकआउट चरण से पहले टीम अपने कमजोर पक्ष को दूर करे।

**भारत-स्विट्जरलैंड की टीमें चल रही हैं अजेय** - भारत और स्विट्जरलैंड दोनों ही पूल बी में दो-दो मैच जीतकर अजेय हैं, लेकिन भारतीय टीम बेहतर गोल अंतर के आधार पर तालिका में शीर्ष पर है। चेन्नई में पहले



दो मैच में भारतीय टीम ने गोल की बरसात करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उसने पहले मैच में चिली को 7-0 से और फिर ओमान को 17-0 से हराया। दूसरी ओर स्विट्जरलैंड ने ओमान को 4-0 से हराया और फिर चिली पर 3-2 से जीत हासिल की। भारतीय टीम से उम्मीद की जा रही है कि वह अपना विजय अभियान जारी रखकर नॉकआउट से पहले बड़ी जीत हासिल करने की कोशिश करेगी। लेकिन नॉकआउट चरण से पहले भारत के लिए कुछ चिंताएं बनी हुई हैं।

**भारत के सामने कुछ चिंताएं** - पहले दो मैचों में भारतीय रक्षापंक्ति की ज्यादा परीक्षा नहीं हुई क्योंकि गोलकीपर प्रिंस दीप सिंह और बिक्रमजीत सिंह को किसी तरह की खास चुनौती का सामना नहीं करना पड़ा। कप्तान रोहित की अगुआई में रक्षापंक्ति भी टूर्नामेंट के अंतिम चरण में अधिक सक्रिय रहना चाहेगी। भारत के लिए चिंता का एक अन्य क्षेत्र पेनल्टी कॉर्नर पर गोल नहीं कर पाना है। टीम के मुख्य ड्रैगफ्लिकर कप्तान रोहित को अपने खेल में सुधार करना होगा। ऐसा नहीं है कि भारत ने पेनल्टी कॉर्नर से गोल नहीं किए, लेकिन अधिकतर गोल वैरिएशन और रिबाउंड से किए गए। स्विट्जरलैंड के खिलाफ मैच मदुरै में भारत का एकमात्र मैच है। इसके बाद वह अपने बाकी मैच खेलने के लिए चेन्नई लौटेगा। यह देखना अभी बाकी है कि भारतीय खिलाड़ी यहां की परिस्थितियों के साथ किस तरह तालमेल बिठा पाते हैं। मंगलवार को अन्य मैचों में स्पेन का मुकाबला नामीबिया से (मदुरै में), बेल्जियम का मिस्र से (मदुरै में), चिली का ओमान से (चेन्नई में), नीदरलैंड का ऑस्ट्रिया से (मदुरै में), फ्रांस का बांग्लादेश से (चेन्नई में), इंग्लैंड का मलेशिया से (मदुरै में) और ऑस्ट्रेलिया का कोरिया से (चेन्नई में) होगा।







## टी20 वर्ल्ड कप 2026 की वजह से स्थगित हुई ये बड़ी क्रिकेट लीग

### नई तारीखों के साथ शेड्यूल का हुआ एलान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 का आयोजन 7 फरवरी से 8 मार्च तक होगा, जिसकी मेजबानी भारत और श्रीलंका करेंगे. इसकी तैयारियों के चलते एक बड़ी क्रिकेट लीग के आयोजन को रीशेड्यूल किया गया है. आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप का फुल शेड्यूल जारी हो चुका है. भारत और श्रीलंका के कुल 8 वेन्यू पर 20 टीमों के बीच 55 मैच खेले जाएंगे. टूर्नामेंट 7 फरवरी को शुरू होगा, पहले ही दिन भारत और पाकिस्तान जैसी टीमें मैदान में होंगी. ग्रुप स्टेज में प्रत्येक दिन 3 मुकाबले होंगे. वर्ल्ड कप का फाइनल 8 मार्च को होगा, जिसके एक हफ्ते बाद इंडियन प्रीमियर लीग का आयोजन शुरू हो सकता है. लेकिन वर्ल्ड कप से पहले होने वाली लंका प्रीमियर लीग को स्थगित कर दिया गया है, जो अब अगले साल जुलाई-अगस्त में होगा. लंका प्रीमियर लीग श्रीलंका क्रिकेट द्वारा आयोजित किया जाता है. एलपीएल का आयोजन इसी महीने (दिसंबर, 2025) में होना था, लेकिन श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड अभी वर्ल्ड कप की तैयारियों में व्यस्त है. टी20 वर्ल्ड कप 2026 को भारत और श्रीलंका मिलकर होस्ट कर रहे हैं, पाकिस्तान अपने सभी मैच श्रीलंका में खेलेगा. अगर पाक टीम फाइनल में पहुंची तो खिताबी मुकाबला भी कोलंबो में होगा.


**कब होगा लंका प्रीमियर लीग** - टी20 वर्ल्ड कप 2026 के कारण लंका प्रीमियर लीग के आयोजन को 8 महीने आगे बढ़ा दिया गया है. श्रीलंका क्रिकेट ने आधिकारिक रूप से पोस्ट करते हुए बताया कि एलपीएल के छठे संस्करण का आयोजन 8 जुलाई से 8 अगस्त 2026 के बीच होगा. श्रीलंका क्रिकेट ने अपने पोस्ट में लिखा, 'आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 के लिए 'होस्ट वेन्यू' को काफी पहले से तैयार करने की बड़ी ज़रूरत को देखते हुए लंका प्रीमियर लीग को स्थगित किया गया. वर्ल्ड कप फरवरी-मार्च 2026 के दौरान श्रीलंका और भारत मिलकर होस्ट करेंगे. इस फैसले के साथ, पांच टीमों का यह टूर्नामेंट, श्रीलंका का सबसे बड़ा घरेलू ञ्20 कॉम्पिटिशन, पिछले कई एडिशन की तरह, साल के बीच में वापस आएगा।

### श्रीलंका के 3 वेन्यू पर होंगे टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मैच

टी20 वर्ल्ड कप 2026 के मुकाबले कुल 8 वेन्यू पर होंगे. भारत के 5 (अहमदाबाद, चेन्नई, दिल्ली, कोलकाता और मुंबई) शहरों में इसके मैच होंगे. श्रीलंका के 3 वेन्यू के तौर पर आर प्रेमदासा स्टेडियम (कोलंबो), एसएससी क्रिकेट ग्राउंड (कोलंबो) और पल्लेकेले क्रिकेट स्टेडियम (कैंडी) को चुना गया है. भारत बनाम पाकिस्तान मैच 15 फरवरी को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में होगा.

## हैदराबाद में लियोनल मेसी का जादू! तेलंगाना के मुख्यमंत्री करेंगे फ्रेंडली फुटबॉल मैच की शुरुआत

**हैदराबाद, एजेंसी।** 28 नवंबर को मुख्यमंत्री ने पुष्टि की थी कि वह भारत में होने वाले GOAT Tour to India 2025 के तहत मेसी का स्वागत करने के लिए उत्साहित हैं। हैदराबाद उनका दूसरा पड़ाव होगा, इससे पहले वह कोलकाता पहुंचेंगे। दुनिया के महानतम फुटबॉलरों में शुमार लियोनेल मेसी जल्द ही भारत आने वाले हैं, और उनके इस दौरे को लेकर उत्साह चरम पर है। खबर है कि तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी मेसी की मौजूदगी में होने वाले एक फ्रेंडली फुटबॉल मैच की शुरुआत करेंगे। यह मैच 13 दिसंबर को हैदराबाद के उप्पल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा।



**सरकारी जश्न का हिस्सा होगा फुटबॉल मुकाबला** - यह फ्रेंडली मैच तेलंगाना में कांग्रेस सरकार के दो वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले बड़े समारोह का हिस्सा है। हालांकि मैच के अन्य विवरणों की आधिकारिक घोषणा कुछ दिनों में की जाएगी, लेकिन मेसी की मौजूदगी को लेकर पहले ही बड़ा उत्साह देखने को मिल रहा है।

## क्या आईपीएल के मैच बेंगलुरु में नहीं होंगे

### कमेटी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम पर सवाल उठाए थे; पास करना होगा फिटनेस टेस्ट



**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल के मैच बेंगलुरु के एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में होंगे या नहीं, यह अभी तय नहीं है। स्टेडियम में दोबारा मैच कराने से पहले विशेषज्ञों से सुरक्षा मंजूरी और फिटनेस टेस्ट दोनों पास करना जरूरी होगा। विमेंस वर्ल्ड कप के समय जस्टिस डी'कुन्हा कमेटी ने भी इस ग्राउंड को बड़े आयोजनों के लिए असुरक्षित बताया था। इस साल आरसीबी की पहली आईपीएल ट्रॉफी जीत के बाद स्टेडियम में विक्ट्री परेड हुई थी। लेकिन उसके बाहर भारी भीड़ के कारण भगदड़ मच गई, जिसमें 11 लोगों की मौत हो गई और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

- **कमेटी ने स्टेडियम में खामियां बताई** - स्टेडियम में 4 जून को हुई भगदड़ के बाद इस घटना की जांच के लिए जस्टिस जॉन माइकल डी'कुन्हा की अगुआई में एक कमेटी बनाई गई थी। जिसकी रिपोर्ट में स्टेडियम से जुड़ी कई कमियां सामने आईं। इस रिपोर्ट के बाद आईसीसी महिला वर्ल्ड कप 2025 के मैच भी बेंगलुरु से हटाकर नवी मुंबई में कराए गए।

## लंदन चेस क्लासिक में चमके प्रज्ञानंद, बने को-लीडर ; विश्व रैंकिंग में भी बनाए रखा दबदबा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानंद ने लंदन चेस क्लासिक ओपन 2025 में अपने शानदार प्रदर्शन को जारी रखते हुए टूर्नामेंट के को-लीडर बन गए हैं। उन्होंने छठे राउंड तक 5/6 अंक हासिल किए हैं और इस समय सर्बिया के ग्रैंडमास्टर वेलिमिर इविक के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष पर हैं। प्रज्ञानंद ने दिन की शुरुआत हंगरी के ग्रैंडमास्टर टामस फोडोस जूनियर के खिलाफ सिर्फ 21 चालों में ड्रॉ खेलकर की, लेकिन दूसरे मुकाबले में उन्होंने शानदार वापसी करते हुए इस्राइल के इंटरनेशनल मास्टर एटन रोजेन को हराया। उनका अगला मुकाबला अब वेलिमिर इविक से होगा, जो टूर्नामेंट का निर्णायक मोड़ साबित हो सकता है।

**विश्व रैंकिंग में भारतीय खिलाड़ियों की स्थिति** - ताजा फीडे दिसंबर 2025 रेटिंग सूची में प्रज्ञानानंदा ने कुछ रेटिंग अंक गंवाने के बावजूद अपनी विश्व नंबर 7 रैंकिंग बरकरार रखी है। वहीं, भारत के एक और युवा सितारे अरुण एरिगैसी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6.4 श्च्च्श अंक जोड़े और वह फिर से विश्व नंबर 5 पर पहुंच गए हैं।

# मरीजों को समय पर उपलब्ध कराएं सभी सेवाएं : श्रीकांत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, ओपीडी, ऑपरेशन थिएटर, नेत्र बाह्य, दंत बाह्य, महिला बाह्य विभाग, एक्स-रे केंद्र, परिवार नियोजन सह-परामर्श केंद्र, दवा वितरण काउंटर सहित सभी वार्डो का विस्तारपूर्वक निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने चाइल्ड वार्ड, लेबर वार्ड, सामान्य वार्ड एवं आईसीयू में भर्ती मरीजों एवं परिजनों से वार्ता कर उनकी स्थिति तथा उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा, जांच, भोजन आदि के संबंध में फीडबैक प्राप्त किया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि पेयजल लेने हेतु एक जगह पर अधिक भीड़ लग रही है। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारी को अतिरिक्त पेयजल सुविधा उपलब्ध कराने, मरीजों और परिजनों के लिए एक और पेयजल बिंदु स्थापित करने का निर्देश दिया, ताकि भीड़ की समस्या समाप्त हो सके। उन्होंने अस्पताल परिसर की नियमित और समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर अतिरिक्त सफाईकर्मी उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया। महिला प्रसव केंद्र में पुरुष परिजनों की उपस्थिति पर उन्होंने असंतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिया कि प्रसव केंद्र में केवल महिला परिजनों को ही प्रवेश की अनुमति दी जाए। जिलाधिकारी ने सिविल सर्जन को निर्देश दिया कि मरीजों को सभी सेवाएं समय पर, व्यवस्थित और बिना किसी असुविधा के उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्था को नियमित बनाए रखने पर जोर दिया, ताकि मरीजों व परिजनों को किसी प्रकार की कठिनाई न हो। साथ ही उन्होंने सभी कर्मियों को अपने कार्यों का ईमानदारी, संवेदनशीलता और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन करने की हिदायत दी।

# सड़क हादसे में जख्मी दूध कारोबारी की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सड़क दुर्घटना में जख्मी अधेड़ व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत हो गई। 10 दिन पहले वे एक हादसे में जख्मी हो गए थे। घटना गोह थाना क्षेत्र की है। मृतक थाना क्षेत्र के पिपरा गांव निवासी 50 वर्षीय लाल बिहारी पासवान थे। पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि लाल बिहारी पासवान दूध बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। 20 नवंबर को वे अपने घर से साइकिल द्वारा दूध बेचने गए थे। गोह बाजार से वापस घर लौटते समय अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया जिसमें वे गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के लिए पहले सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज़ के लिए मगध मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल रेफर कर दिया था। वहां से भी चिकित्सकों ने वाराणसी ट्राम सेंटर में रेफर कर दिया था। जहां वे इलाज़रत थे। इस दौरान चिकित्सकों ने जवाब दे दिया तो परिजन दो दिन पहले घर लेकर आ गए थे। अचानक रविवार की रात उन्होंने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना पर स्थानीय पुलिस गांव पहुंची। परिजनों से जरूरी पूछताछ के बाद शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। दो बेटी और एक बेटा है। लाल बिहारी पासवान की मौत के बाद परिजनों पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजनों ने जिला प्रशासन से आपदा राहत के तहत मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि सड़क दुर्घटना में जख्मी एक अधेड़ व्यक्ति का रविवार की रात मौत हो गई है। मामले में अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## ऑटो पलटने से घायल महिला की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अनियंत्रित ऑटो पलटने से एक महिला की मौत हो गई। घटना देव थाना क्षेत्र के गंजेड़िया मोड़ की है। मृतका सलैया थाना क्षेत्र की रहने वाली 70 वर्षीय रजिया देवी है। जानकारी के मुताबिक मृतका ऑटो के द्वारा चट्टी से देव मोड़ जा रही थी। इसी क्रम में उस जगह ऑटो अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई जिसे स्थानीय लोगों की मदद से नजदीकी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां चिकित्सकों ने जांच के उपरांत महिला को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। इस घटना से मृतका के परिजनों में शोक व्याप्त है। स्थानीय लोगों ने मृतका के आश्रितों के लिए मुआवजे की मांग की है। थानाध्यक्ष कुमार सौरभ ने बताया कि अनियंत्रित ऑटो पलटने से एक बुजुर्ग महिला की मौत हुई है। शव का पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना को लेकर मामले में अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

# हत्या का प्रयास सहित अन्य मामलों में 31 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पुलिस ने विशेष अभियान चलाकर पिछले 24 घंटों में कई कार्रवाई किया है। अलग-अलग मामलों में 31 आरोपितों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अम्बरीश राहुल के नेतृत्व में जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई जिसमें आवश्यक कार्रवाई के उपरांत 13 अभियुक्तों को जेल भेज दिया गया। हत्या के प्रयास में 3, शराब कांड में 7 एवं अन्य शीर्ष कंाड में 21 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। 17 लीटर देसी शराब एवं 1 बाइक बरामद किया गया है। इसी क्रम में 39 लीटर महुआ घोल विनिष्ट किया गया है। जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में 1115 वाहनों की जांच की गई जिसमें 103500 रूपये बरामद किया गया है। पुलिस अधीक्षक की माने तो इस जद में जो भी पकड़े जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएंगी। पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल ने बताया कि कानून व्यवस्था के मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। यह कार्रवाई अन्य पुलिसकर्मियों के लिए भी एक चेतावनी है कि वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ करें। उन्होंने लोगों से अपील की है कि किसी के पास भी नशा तस्करी से जुड़ी कोई भी सूचना हो तो पुलिस से साझा करें सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

# औरंगाबाद में एड्स से अब तक 142 लोगों की मौत

## टीबी के कारण होती है 80 प्रतिशत एड्स मरीजों की मौत : डॉ रवि रंजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**औरंगाबाद।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सदर अस्पताल स्थित सभागार में सोमवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में सिविल सर्जन डॉ लालसा सिन्हा, गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन, प्रभारी डीआईएस राकेश कुमार रॉय आदि मौजूद रहे। प्रभारी डीआईएस राकेश कुमार रॉय ने बताया कि औरंगाबाद जिले में जून 2003 से लेकर नवंबर 2025 तक 90796 लोगों का एड्स के लिए काउंसलिंग किया गया है जबकि 85389 लोगों की जांच की गई है। वहीं 1824 लोग एड्स से पीड़ित पाए गए हैं। इसमें से 1081 पुरुष और 743 महिला हैं। इसी तरह वर्ष 2005 से 2025 तक कुल 98334 गर्भवती महिलाओं की जांच की गई। इसमें से 144 एड्स से संक्रमित पाए गए हैं। कार्यशाला में गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ रवि रंजन ने कहा कि एनएच के किनारे जो भी शहर हैं वहां पर एड्स मरीजों की संख्या ज्यादा है क्योंकि ट्रक चालक अनजान महिलाओं के संपर्क में आ जाते हैं। ऐसे में कंडोम का इस्तेमाल करने के लिए लोगों को जागरूक करना है। अब तक 142 मौत एड्स के कारण औरंगाबाद जिले में हो चुकी है। उन्होंने बताया कि एड्स मरीजों की इलाज के लिए अस्पताल में अलग से कोई वार्ड नहीं रहता है क्योंकि उनके साथ भेदभाव नहीं करना है। एड्स के दौरान मरीजों को टीबी की बीमारी भी हो जाती है और 80 प्रतिशत मौत टीबी के कारण ही हो जाती है। ऐसे में एड्स मरीजों को टीबी की दवा पहले दी जाती है। मौके पर महिला परामर्शी अंजली कुमारी, परामर्शी संतोष कुमार सिंह, ओम प्रकाश सिंह, अजीत कुमार शर्मा आदि मौजूद रहे।

# शराब का सेवन और बिक्री करने के मामले में 14 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** मादक प्रदार्थो की खरीद फरोख्त के खिलाफ निरंतर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में औरंगाबाद जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री एवं सेवन के विरुद्ध व्यापक छापामारी की गई। अभियान के दौरान कुल 2 व्यक्तियों को शराब बेचने तथा 12 व्यक्तियों को शराब का सेवन करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया। छापामारी के क्रम में कुल 634.8 लीटर देसी शराब, 6 लीटर विदेशी शराब तथा 10100 किलोग्राम जावा महुआ बरामद कर जब्त किया गया। साथ ही 2 बाइक भी जब्त की गई है। अभियान के दौरान एक व्यक्ति अपने शरीर में छुपाकर रखे 8.200 लीटर देशी शराब के साथ पकड़ा गया। इसके अतिरिक्त हसपुरा थाना अंतर्गत कोइलवां एवं चनहट क्षेत्रों में ड्रोन की सहायता से छापामारी की गई जिसमें भारी मात्रा में चुलाई शराब एवं जावा महुआ बरामद कर विनष्ट किया गया तथा कई अवैध शराब भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इसी क्रम में नवीनगर थाना अंतर्गत कोईरीडीह चेकपोस्ट के पास से देशी शराब के साथ दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया तथा एक मोटरसाइकिल को भी जब्त किया गया। मद्य निषेध एवं उत्पाद विभाग द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाया जा रहा यह अभियान आगे भी सतत जारी रहेगा।

# विश्व एड्स दिवस : शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को शांता नर्सिंग इंस्टीट्यूट में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाना तथा इससे जुड़े सामाजिक भेदभाव को समाप्त करना था। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं स्वागत भाषण से हुई। मुख्य अतिथि गैर संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए एचआईवी और एड्स के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने इसके फैलने के कारण, बचाव के उपाय तथा समय पर जांच एवं इलाज की आवश्यकता पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि एआरटी इलाज से एचआईवी संक्रमित व्यक्ति सामान्य जीवन जी सकता है। छात्रों द्वारा पोस्टर प्रदर्शन, भाषण तथा जागरूकता गतिविधियाँ प्रस्तुत की गईं। उपस्थित सभी लोगों को सुरक्षित जीवन शैली अपनाने, भ्रांतियों से बचने और एचआईवी संक्रमित व्यक्तियों के साथ कोई भेदभाव नहीं करने का संदेश दिया गया। इस वर्ष की थीम ॥रुकावटों को पार करना, एड्स से लड़ाई को मजबूत बनानाङ्क को समझाते हुए बताया गया कि हमें समाज में फैली गलत धारणाओं को तोड़कर जांच, इलाज और सहायता सेवाओं को और प्रभावी बनाना होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी छात्रों ने यह संकल्प लिया कि वे एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता फैलाएंगे तथा पीड़ित लोगों का सहयोग करेंगे। मौके पर प्राचार्या अमृता कुमारी, उप प्राचार्या ज्योत्सना, शिक्षिका अर्चना भारती आदि मौजूद रहे।

# सदर अस्पताल में इलाज़ के दौरान किशोर की मौत, परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल में सोमवार को इलाज के दौरान एक किशोर की मौत हो गई। मृत किशोर की पहचान नवीनगर प्रखंड के एनटीपीसी खैरा थाना क्षेत्र के अंकोरहा गांव निवासी गणेश यादव के 13 वर्षीय पुत्र रितेश कुमार के रूप में हुई है। मामले में परिजनों ने चिकित्सकों और मेडिकल कर्मियों पर इलाज में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया है। करीब दो घंटे तक परिजनों ने अस्पताल परिसर में हंगामा भी किया। हालांकि नगर थाना की पुलिस द्वारा परिजनों को समझा-बुझाकर मामले को शांत कराया गया। सदर अस्पताल में परिजनों ने बताया कि रितेश को सर्दी बुखार और जॉन्डिस की समस्या थी। सोमवार सुबह उसे औरंगाबाद के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया लेकिन वहां चिकित्सक के पहुंचने में देर हुई तो परिजन सदर अस्पताल पहुंचे। सदर अस्पताल में चिकित्सकों की ओर से रितेश का इलाज किया गया और उसे वार्ड में भर्ती कर दिया गया। भर्ती के बाद रितेश की तबीयत काफी ज्यादा बिगड़ गई। परिजनों ने चिकित्सकों से मुलाकात करने की कोशिश की लेकिन उनसे मुलाकात नहीं हो सका। थोड़ी देर बाद रितेश की मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में भर्ती करने के बाद ना तो उसे ऑक्सीजन की व्यवस्था दी गई और नहीं चिकित्सक उसकी स्थिति देखने पहुंचे। अगर समय पर उसे ऑक्सीजन मिल जाता और चिकित्सक देखने चले आते तो उसकी जान बच सकती थी।

# अलग-अलग जगहों से तीन वाहनों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में वाहन चोरों का आतंक चरम पर है। दो पहियां वाहन से लेकर चार पहियां वाहन पलक झपकते गायब कर दे रहे है। जिले के तीन अलग-अलग थाना क्षेत्रों से तीन वाहन अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर ली गई। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के बिजौली रोड, शहर के महाराजगंज रोड और दाउदनगर शहर में एक के बाद एक वाहन चोरी के मामले सामने आए हैं जिनमें स्कॉर्पियो, बाइक और पिकअप वाहन शामिल है। तीनों ही मामलों में सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है। पहली घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र की है। स्कॉर्पियो मालिक ने बताया कि शुक्रवार देर रात चोरों ने उसकी गाड़ी चुरा ली। शनिवार को प्राथमिकी दर्ज की गई जिसके बाद पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज खंगालना शुरू किया। थानाध्यक्ष अशोक कुमार ने बताया कि चोरी की वारदात शुक्रवार की रात लगभग दो बजे की है। फुटेज में चोर स्विफ्ट डिजायर कार से आते दिखाई दे रहे है। स्कॉर्पियो चोरी करने के बाद गिरोह के सदस्य वाहन को लेकर आमस पहुंचे, जहां थाने के सामने स्थित पेट्रोल पंप से तेल भराया गया। इसके बाद टोल प्लाजा पार कर कासमा रफीगंज रोड की ओर निकल गए। अंतिम लोकेशन बभंडी कर्ताही क्षेत्र में मिला, जहां चोर जीपीएस सिस्टम नष्ट कर फरार हो गए। दूसरी घटना शहर के एमजी रोड स्थित एक मॉल के बाहर हुई, जहां भलुहारा गांव निवासी उज्जवल कुमार की बाइक चोरी हो गई। नगर थाने में दिए आवेदन में कहा कि रविवार दोपहर अपनी बाइक मॉल के बाहर खड़ी कर खरीदारी करने गया था। लगभग आधे घंटे बाद बाहर आने पर बाइक गायब मिली। आसपास काफी खोजबीन के बावजूद बाइक नहीं मिला। थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन प्राप्त होने के बाद आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा। तीसरी बड़ी घटना दाउदनगर शहर में सामने आई है। जहां वार्ड संख्या 8 से पार्षद जय गोविंद प्रसाद का पिकअप वाहन चोरी हो गया। वाहन उनके गोदाम के बाहर सड़क किनारे खड़ी था। घटना रविवार अहले सुबह की है। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई है। सुबह परिजनों ने वाहन गायब पाया तो तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।


# दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रखंड स्तर पर दिव्यांग बच्चों के लिए खेलकूद एवं संगीत प्रतियोगिता का आयोजन बारून स्थित राजकीयकृत केशव उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राम नरेश, लेखापाल कुश कुमार, बीआरपी लाल बहादुर, संसाधन शिक्षक श्याम बाबू एवं शशि भूषण ने सयुंक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम के प्रभारी समावेशी शिक्षा के बीआरपी लाल बहादुर ने बताया कि यह प्रतियोगिता बिहार शिक्षा परियोजना के तहतसंचालित समावेशी शिक्षा संभाग द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस पर कराया जा रहा है। इसका उद्देश्य दिव्यांगों के प्रति लोगों के व्यवहार में बदलाव लाना। साथ ही उनके अधिकारों के प्रति समाज को जागरुक करना है। विद्यालय में अध्ययनरत बच्चों को संवेदनशील बनाने के साथ विकास का अवसर सृजित व अभिभावकों में जागृति लाना है।

# छात्रों की कम उपस्थिति पर डीएम ने किया जवाब तलब

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** जिले के शिक्षण संस्थानों की शैक्षणिक गुणवत्ता, उपस्थिति व्यवस्था तथा समग्र अनुशासन की स्थिति का आकलन करने हेतु जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने सोमवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय टाउन इंटर विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा विद्यालयों में अटेंडेंस रजिस्टर, नामांकन विवरण, शिक्षकों की उपस्थिति, कक्षाओं में चल रहे शिक्षण कार्य तथा विद्यालय से संबंधित अन्य अभिलेखों की भी गहन जांच की गई जिसके आधार पर कई आवश्यक एवं सुधारात्मक निर्देश प्रधानाध्यापक को दिए गए। निरीक्षण के दौरान सभी कक्षाएं में छात्रों की उपस्थिति नामांकन की तुलना में अत्यंत कम पाया गया जिस पर जिला पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक से कठोर शब्दों में जवाब तलब किया तथा उपस्थिति सुधार हेतु प्रतिदिन समीक्षा की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। इसके अतिरिक्त, कक्षाओं में प्रकाश व्यवस्था अपर्याप्त पाई गई। सभी कक्षाओं में लाइट उपलब्ध होने के बावजूद लाइट बंद मिली। कमरों की रंग-रोगन स्थिति भी असंतोषजनक पाई गई। इन अव्यवस्थाओं पर जिला पदाधिकारी ने गंभीर नाराजगी व्यक्त की एवं समस्त कक्षा-कक्षों को सुव्यवस्थित कर आवश्यक सुविधाएं तत्काल उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि शिक्षण व्यवस्था में सुधार, छात्र उपस्थिति बढ़ाने, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, परिसर की स्वच्छता तथा समग्र शैक्षणिक अनुशासन को सर्वोच्च प्राथमिकता के साथ सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने यह भी कहा कि निरीक्षण के दौरान पाई गई अनियमितताओं की आगे भी नियमित निगरानी की जाएगी तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# देव के लाल गौरव सिंह ने जीते तीन गोल्ड व एक सिल्वर मेडल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** पावर लिफ्टिंग क्लब ऑफ इंडिया के द्वारा आयोजित नेशनल पावरलिफ्टिंग भागलपुर में सूर्य नगरी देव के लाल को तीन गोल्ड मेडल और एक सिल्वर मेडल मिला है। नेशनल गेम में बिहार, झारखंड, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, दिल्ली, हरियाणा सहित अन्य राज्य के लगभग 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। गेम वेट कैटिगरी के आधार पे खेल गया जिसमें गौरव सिंह को वेट कैटिगरी अंडर 93 किलोग्राम था जिसमें हर राज्य के प्रतिभागियों से भीड़ कर फुल पावर लिफ्टिंग में स्वर्ण पदक, स्काउट्स में स्वर्ण पदक, बेंच प्रेस में स्वर्ण पदक एवं डेडलिफ्ट में रजत पदक जीत सारे प्रतिभागियों को पछाड़कर सबसे ज्यादा बेंचप्रेस में वजन उठाने वाला खिलाड़ी घोषित हुए। गौरव सिंह का उद्देश्य अपने देश का नाम रौशन करने लिए मेडल लाना है।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जांच में खामियां पाये जाने पर पांच क्लिनिक संचालकों पर लगाया जुर्माना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा।** प्रखंड मुख्यालय में संचालित पांच निजी क्लिनिकों के संचालकों पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगा है। ये सभी पैसे ट्रेजरी में जमा करेंगे। इन सभी पर सरकारी या विभागीय गाइडलाइन का अनुपालन नहीं करने का आरोप है। ज्ञात हो कि 22 नवंबर को डीएम के निर्देश पर गठित टीम ने पांच निजी क्लिनिकों में छापेमारी की थी। टीम में मजिस्ट्रेट के रूप में बीडीओ मो यूनुस सलीम और डॉक्टर शशिकांत कुमार शामिल थे। टीम ने लालमुनी पॉली क्लिनिक, खरांटी आदित्य हॉस्पिटल, एसएन हॉस्पिटल, रिद्धि -सिद्धि हॉस्पिटल, कारा मोड़ स्थित साईं हॉस्पिटल में छापेमारी की थी। सभी क्लिनिकों की गहनता पूर्वक जांच की गयी थी। जांच के दौरान कई तरह की खामियां पायी गयी। जानकारी मिली कि विभाग ने 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। स्वास्थ्य प्रबंधक विकास शंकर ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देश पर एक टीम बनाकर 22 नवंबर को जांच कर प्रतिवेदन सिविल सर्जन को भेजा गया था।

# संदिग्ध परिस्थिति में युवक की मौत

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के रामाबांध बस स्टैंड के समीप संदिग्ध परिस्थिति में 30 वर्षीय युवक की मौत हो गयी। परिजनों ने ठंड से मौत की आशंका जतायी है। हालांकि इसकी विभागीय पुष्टि नहीं हुई है। मृतक की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के परता टोले नहैया बिगहा गांव निवासी बिरजू प्रजापति के पुत्र विजय प्रजापति के रूप में हुई है। सदर अस्पताल में मृत युवक के मामा मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खखड़ा निवासी सीताराम प्रजापति ने बताया कि वह गुजरात के सूरत में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था।

# पिपरा बगाही के मुखिया ने किया आत्मसमर्पण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अम्बा।** पिपरा बगाही पंचायत के मुखिया तौहिद आलम ने सोमवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। वे महिला कांग्रेस कार्यकर्ता की पिटाई मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे थे। जानकारी के अनुसार मुखिया ने इसी वर्ष 14 जून को फुलवरिया गांव निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता सिंधु देवी की पिटाई कर दी थी। उक्त महिला माई बहिन सम्मान योजना का रजिस्ट्रेशन कर रही थी। घटना के बाद परिजन उसे इलाज के लिए कुटुंबा रेफरल अस्पताल ले गये थे, जहां के चिकित्सकों ने उसकी स्थिति गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद औरंगाबाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया था। अस्पताल में पुलिस की ओर से लिये गये घायल महिला के फर्द बयान के आधार पर मुखिया के विरुद्ध कुटुंबा थाना में कांड संख्या 89/25 दर्ज की गयी थी। मामला दर्ज होने के बाद पुलिस मुखिया की गिरफ्तारी के लिए लगातार प्रयासरत थीं। हालांकि वह फरार चल रहे थे। अब पुलिस दबिश के कारण मुखिया ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया है।

बिहार-झारखण्ड का अपना अखबार
नवबिहार टाइम्स
एक अखबार, पूरा बिहार
राजधानी पटना में सर्वत्र उपलब्ध
अखबार की प्रति प्राप्त करने में कोई कठिनाई हो तो निम्नांकित नम्बरों पर सम्पर्क करें
9334115121/8540866721/8789755505
पटना कार्यालय
द्वितीय तल, रवि-उर्मिला काम्प्लेक्स
आशियाना-दीघा रोड, पटना-13
मो0-6206165107
7004534093